

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौधों से कितना कुछ सीख सकते हैं हम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -268, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 44.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 20 सूर्यास्त 18 : 51

कानपुर, रविवार, 19 मई 2024


रोमांटिक फिल्म में नजर आएगी सिद्धार्थ और कृति की जोड़ी ...15

# आप सांसद मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव कुमार गिरफ्तार

## दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया

### आप ने किया दावा मालीवाल को भाजपा ने किया ब्लैकमेल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि आप ने दावा किया कि उन्हें भाजपा ने ब्लैकमेल' किया है क्योंकि वह भ्रष्टाचार के एक मामले का सामना कर रही हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुमार को दिल्ली पुलिस की एक टीम ने दोपहर में मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया। एक दिन पहले, मालीवाल ने तीस हजारी अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने गई थीं तब उनके सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर पूरी ताकत से प्रहार किया, उन्हें थप्पड़ मारा तथा छाती एवं पेट पर लात से मारा। पुलिस के अनुसार बिभव को अदालत में पेश कर उनसे और पूछताछ करने के लिए उनकी हिरासत मांगी जाएगी।

पुलिस ने कहा कि उसने मुख्यमंत्री आवास के सुरक्षाकर्मियों एवं अन्य कर्मियों समेत कम से कम 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं जो 13 मई को हमले के वक्त मौके पर मौजूद थे। गिरफ्तारी से पहले दिन में, कुमार ने पुलिस को पत्र लिखकर कहा था कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं लेकिन पुलिस मालीवाल के खिलाफ उनकी शिकायत पर भी गौर करे। शुक्रवार को कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि मालीवाल ने 13 मई को अनधिकृत रूप से प्रवेश पाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा का उल्लंघन किया और वहां हंगामा किया। जब उन्होंने मालीवाल को रोकने की कोशिश की तब उन्होंने गालियां दीं।



### बिभव की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शनिवार को कहा कि स्वाति मालीवाल पर हमला करने के आरोपी बिभव कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी निरर्थक हो गई है क्योंकि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी ने आदेश सुनाते हुए कहा, चूंकि, उन्हें (कुमार) को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, इसलिए वर्तमान अर्जी निरर्थक है और याचिका का निपटारा कर दिया।

### मोदी हमें एक साथ जेल में डाल दें : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए और रविवार को अपने सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं, आप सबको जेल में डाल दें। केजरीवाल ने शनिवार को अपने निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, सौरभ भारद्वाज और आतिशी को भी जेल में डालने को कह रहे हैं। इनको लगता है कि हमारे नेताओं को जेल में डालकर आम आदमी पार्टी को कुचल देंगे तो ऐसा होने वाली नहीं है। आम आदमी पार्टी एक विचार है, जो लोगों के दिल में है।

अगले 4 दिन कहर बरपाएगी गर्मी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में रेड अलर्ट

# आगरा और कानपुर में पारा 46 डिग्री के पार पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में अगले चार दिन गर्मी कहर ढाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक लू का प्रकोप बढ़ेगा। करीब सभी जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी उप्र के आठ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को सबसे गर्म आगरा और कानपुर रहा। कानपुर (एयर फोर्स) का तापमान 46.9 डिग्री दर्ज किया जबकि आगरा में पारा 46.5 डिग्री पर रहा। बुंदेलखंड के कई जिलों का तापमान भी इसी के आसपास रहा।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि अगले चार दिन तक तापमान में वृद्धि का अनुमान है। लखनऊ में 2018 से अब तक मई के महीने में शनिवार को सबसे अधिक तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा। उनका कहना है कि ज्यादातर जिलों में 19 से 21 मई के बीच तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा। इन चार दिनों में हवाओं की रफ्तार भी तेज होगी जिसकी वजह से लू का असर रहेगा। लू के मद्देनजर जिलों को रेड, ऑरेंज और येलो जोन में बांटकर अलर्ट जारी किया गया है। रेड जोन में बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, आगरा और आसपास के कुछ जिले हैं। मेरठ, हापुड़, अलीगढ़, हाथरस, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जलौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, कन्नौज और आसपास के जिलों को ऑरेंज जोन में रखा गया है।



- छह साल में पहली बार 44 के ऊपर रहा लखनऊ का तापमान

### केरल में भारी बारिश का पूर्वानुमान

**तिरुवनंतपुरम।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को आने वाले दिनों में केरल में अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 19 और 20 मई के लिए राज्य के पथनमथिट्टा, कोट्टयम और इडुक्की जिलों में रेड अलर्ट और तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा और एर्नाकुलम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 21 मई के लिए नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया और कहा कि उनमें से कुछ में रेड अलर्ट के समान बारिश होने की आशंका है।

# चलती बस में अचानक लगी आग, 10 जिंदा जले

- हरियाणा के नूंह क्षेत्र में केएमपी एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा
- महिलाओं-बच्चों समेत सवार थे करीब 60 यात्री, 20 झुलसे

गुरुग्राम, एजेंसी

हरियाणा में गुरुग्राम जिले के नूंह क्षेत्र में गांव धुलावट के निकट कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में अचानक लगी आग से 10 लोगों को मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बस पर बच्चों और महिलाओं समेत करीब 60 लोग सवार थे।

आग से झुलसे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ। मौके पर पहुंचे पुलिस और दमकल विभाग के जवानों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और बसों की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। घटना में करीब 20 लोग झुलसे भी हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। बस मथुरा-वृंदावन से लौट रही थी और बस में अधिकतर यात्री पंजाब और चंडीगढ़ से थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कश्मीर में आतंकी हमले भाजपा नेता की मौत

- शोपियां में पूर्व सरपंच पर बरसायीं गोलियां

श्रीनगर, एजेंसी

कश्मीर में आतंकवादियों ने एक भाजपा नेता की हत्या कर दी और एक पर्यटक शिविर पर गोलियां बरसाकर जयपुर के दंपति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। शनिवार शाम आतंकियों ने शोपियां के हीरपोरा इलाके में भाजपा नेता व पूर्व सरपंच एजाज अहमद को गोली मार दी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, इलाके की घेराबंदी करके सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

दक्षिण कश्मीर में पहलगाम के निकट आतंकवादियों ने खुले पर्यटक शिविर पर गोलीबारी की, जिसमें राजस्थान का दंपति घायल हो गया। शनिवार देर रात जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम पर्यटन रिसॉर्ट के यन्नार में हुई। यह हमला ऐसे समय हुआ जब पहलगाम में अमरनाथ यात्रा की तैयारी चल रही है। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया, अनंतनाग के यन्नार में आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसमें जयपुर निवासी एक महिला फराह और उनके पति तबरेज घायल हो गये।






### एक नजर

#### कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों में ग्रीष्मावकाश

**लखनऊ।** कक्षा एक से लेकर 12 तक सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश हो गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियो ने बताया शैक्षिक कैलेंडर में लागू व्यवस्था के अनुसार प्रदेश भर के विद्यालयों में 18 मई के बाद ग्रीष्मावकाश रहेगा, जो 17 जून तक चलेगा।

#### दिग्गज बैंकर एन वाघुल का 88 की उम्र में निधन

**मुंबई।** दिग्गज बैंकर एन वाघुल (88) का शनिवार दोपहर को निधन हो गया। वाघुल ने बैंकिंग उद्योग में कई शीर्ष पदों पर काम किया। उन्हें आईसीआईसीआई को एक सार्वजनिक वित्त संस्थान से एक निजी क्षेत्र के बैंक में बदलने का श्रेय दिया जाता है। वह 1985 से 11 वर्षों तक आईसीआईसीआई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रहे। उन्हें चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें 2006 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वह 1981 में 44 साल की उम्र में बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बने।

सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आर-पार के संघर्ष की घड़ी

# पांचवां चरण : कल मतदाता तय करेंगे उप्र में किसका पलड़ा भारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए मतदान 20 मई को होगा। इस चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कई सीटों पर कड़ा मुकाबला होना तय है। हालांकि, बीते लोस चुनाव में 14 में से 13 सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा। लेकिन ऐसी छह सीटें हैं जहां भाजपा उम्मीदवार काफी कम अंतर से जीते थे। 2019 के चुनाव में जिन सीटों पर भाजपा एक लाख से कम वोटों से जीती थी, वहां सत्तासीन दल को कड़ी मेहनत करनी होगी।

अभी एक सीट रायबरेली कांग्रेस के पास है, जिसे पाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। दरअसल, 14 सीटों के तहत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। 14 लोकसभा क्षेत्रों में फतेहपुर को छोड़ सभी लोकसभा क्षेत्र में पांच-पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं जबकि फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं।

वर्ष 2019 व 2014 के लोकसभा चुनावों में वर्तमान के पांचवें चरण की छह सीटों कौशाम्बी, फैजाबाद, मोहनलालगंज, अमेठी, बांदा और कैसरगंज पर भाजपा को एक लाख से काफी कम वोटों से जीत हासिल हुई है। इन सीटों पर कांटे की टक्कर होनी तय है क्योंकि विपक्ष भी इन सीटों को अपने पाले में करने के लिए पुरजोर कोशिश में है। भाजपा ने इन सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित कर रखा है क्योंकि मतदान प्रतिशत बढ़ने से ही भाजपा पिछले दो चुनावों से इन सीटों पर जीत पा रही है।

### मतदान प्रतिशत कम होने का लाभ उठाया था विपक्ष ने

अगर 2009 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े पर नजर डालें तो, उस चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा था और इसका लाभ विपक्ष खासकर सपा-बसपा और कांग्रेस को मिला था। मोहनलालगंज से लेकर जालौन, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी व कैसरगंज सीट पर सपा को जीत मिली थी जबकि रायबरेली, अमेठी के अलावा बाराबंकी, फैजाबाद, गोंडा और झांसी सीट कांग्रेस को मिली थी। हमीरपुर सीट बसपा के पाले में गई थी। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को 13 व कांग्रेस के खाते में मात्र एक सीट आई थी। वहीं लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा को 12 और कांग्रेस को दो सीट मिली थीं।

### थमा चुनाव प्रचार का शोर, 20 को डाले जाएंगे वोट

**लखनऊ।** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों व लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए शनिवार की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। इन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। मतदान के लिए 19 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट शामिल हैं।

दुर्लभ संयोग | लोकसभा चुनावों के नतीजों के साथ सियासी दलों व नेताओं का भविष्य भी होगा तय

# ग्रहों की बदली दिशा से महत्वपूर्ण होगी चार जून की सुबह

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** ज्योतिष विज्ञान के अनुसार जून का प्रथम सप्ताह ग्रहों की दिशा के लिहाज से लोकसभा चुनावों के नतीजे के साथ राजनीतिक पार्टियों और नेताओं का भविष्य तय करने में बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। जिसका पता चार जून दोपहर तक चल जाएगा। मगर खगोलविदों का नजरिया क्या कहता है, यह अलग विषय है।

इस बार जून का आगमन ग्रहों के दुर्लभ संयोग के साथ बदलने जा रहा है। इस खगोलीय घटना में एक साथ 6 ग्रहों की श्रृंखला आसमान में लामबंद होने जा रहे हैं। दशा प्रभाव के लिहाज से ज्योतिषविद इनके प्रभाव को बेहतर समझा सकते हैं, लेकिन खगोलविदों के लिए ग्रहों की अद्भुत दिशा एक दुर्लभ संयोग होगी। हमारे सौर मंडल में केवल 8 प्रमुख ग्रह हैं। एक पर हम खुद विराजमान हैं, जबकि शुक्र ग्रह इन दिनों सूर्य की चमक में छिपा हुआ है। इनके अलावा अन्य 6 ग्रह हैं, जिनमें शनि, नेपच्यून, मंगल, यूरेनस, बुध और बृहस्पति शामिल हैं।

ये सभी ग्रह जून की शुरुआत से ही सूर्योदय से पहले नजर आएंगे, जो पूर्वी आकाश की शोभा बढ़ाएंगे। इनमें यूरेनस व नेप्च्यून को देखने के लिए दूरबीन की मदद लेनी होगी जबकि अन्य को नग्न आंखों से आसानी से देख सकेंगे। मंगल और शनि को पहचानना सबसे आसान होगा। सूर्योदय से लगभग 20 मिनट पहले इन्हें देखने का उपयुक्त समय होगा। इन्हें देखने के लिए सर्वोत्तम दिन 3 और 4 जून होंगे। ये सभी एक लंबे सर्किल में नीचे से ऊपर की तरफ विराजमान होंगे। जिस कारण इनकी आसानी से पहचान की जा सकेगी।




### 4 जून को कुछ ऐसी होगी ग्रहों की स्थिति

**नैनीताल।** 4 जून सुबह के आकाश में बुध और बृहस्पति एक साथ सबसे करीब दिखाई देंगे। दोनों ग्रह एक डिग्री से भी कम दूर होंगे। इनके ठीक ऊपर यूरेनस होगा। इनके ऊपर चन्द्रमा विराजमान होगा। इनके ऊपर लाल रंग में मंगल होगा। इसके बाद ऊपर की तरफ थोड़ी दूरी पर नेप्च्यून होगा और सबसे ऊपर शनि ग्रह होगा। सूर्य उदय के साथ ही सभी ग्रह अदृश्य हो जाएंगे।




# 46.09 डिग्री पहुंचा तापमान, तपन से झुलसे बदन


धूप की तपिश में चेहरे लाल हो गए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**13** मरीज चक्कर और बेहोशी आने के बाद हैलट पहुंचे

- **इस सीजन का शनिवार को दर्ज किया गया सबसे गर्म दिन**
- **मौसम विभाग ने तीन दिन में जताई हीटवेव की संभावना**

**अमृत विचार।** शहर में शनिवार को इस सीजन का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। एयरफोर्स चकेरी के अनुसार शनिवार को शहर में अधिकतम तापमान 46.09 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी में अचानक बढोतरी से शहरवासी बेहाल रहे। चक्कर, बेहोशी और सर में दर्द होने की आम परेशानियां सामने आती रहीं। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो रविवार शाम तक बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएं शहर के तापमान में नमी ला सकती हैं। यदि ऐसा नहीं हुआ तो तीन दिन के भीतर पारे में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस से अधिक की बढ़ोतरी हो सकती है।

शहर में सुबह से ही गर्मी ने अपना सितम दिखाना शुरू कर दिया था। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। दोपहर तक सड़कों में औसत से कम लोग दिखाई दिए। बाजारों में खासतौर पर सन्नाटा पसरा रहा। आम दिनों के मुकाबले जनरलगंज, गल्ला मंडी, कलक्टरगंज, बिरहाना रोड जैसी बाजारों में कम ग्राहक रहे। कारोबारियों ने दावा किया कि गर्मी की वजह से अन्य जिलों से आने वाले व्यापारियों की आमद कम हो गई है। इसी तरह पीरोड, सासामऊ, आर्य नगर, गुमटी, चावला मार्केट जैसी बाजारों में भी दोपहर को खरीदारी करने वालो की कमी रही। बढ़ती गर्मी पर झकरकटी बस अड्डे पर महिला बेहोश हो गई। उसपर पानी के छींटे मारकर होश में लाया जा सका। इसी तरह हैलट में चक्कर व बेहोशी के 13 मामले रिकॉर्ड किए गए। इन मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। उधर बढ़ते तापमान पर मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि रविवार शाम तक हल्के बादलों व हवाओं की वजह से तापमान में कमी संभव हो सकती है। इसके बावजूद नम हवाओं के चलते उमस भरी गर्मी का सामना शहरवासियों को करना पड़ सकता है। यदि ऐसा नहीं होता है तो आने वाले दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी संभव हो सकती है।

## बेहोश होकर सड़क पर गिरी वृद्धा


हीट वेब अलर्ट अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जेष्ठ माह की प्रचंड गर्मी सूरज के बढ़ते तापमान से शहरी लोग बेहाल हैं। घंटाघर चौराहे पर शनिवार को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर चलते-चलते अचानक वृद्धा को बेहोशी छाई और वृद्धा सड़क पर गिर गई। गर्म सड़क पर गिरने से वृद्धा के हाथ पैर झुलस गए। वहाँ से गुजर रहे राहगीरों ने वृद्धा को उठाकर सड़क के किनारे छांव में बिठाया और पानी पिलाया तो वृद्धा को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। फोटो - मनोज तिवारी

# कुर्सियां टूटीं, वाटर कूलर सूखे, यात्री बेहाल

**सेंट्रल का हाल**

कानपुर। गया, बिहार और दिल्ली रूट की ट्रेनों में जनरल कोच में बैठने की जगह नहीं है। लोग इस भीषण गर्मी में खड़े-खड़े सफर करने को मजबूर हैं। यात्रियों की परेशानी यहीं खत्म नहीं होती। सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्मों पर कुर्सियां टूटी हैं। वाटर कूलर सूखे पड़े हैं और उनके आसपास कबाड़ जमा है। स्टेशन परिसर में खुलेआम पान-मसाला बेचा जा रहा है। प्लेटफार्म नौ और आठ पर अवैध वेंडरों का जमघट लगता है, जो ट्रेन आते ही खिड़की-दरवाजे घेर लेते हैं। प्लेटफार्म पर स्टाल लगाने वाले लोगों का कहना है कि किनारे का प्लेटफार्म होने के कारण बाहरी दुकानों पर काम करने वाले लड़के भी ट्रेन देखकर सामान बेचने आ जाते हैं। किसी अधिकारी को आते देखते हैं तो भाग खड़े होते हैं। फल-कोल्डड्रिंक और पानी के साथ पान-मसाला भी बेचते हैं।


स्टेशन के वाटर कूलर से नहीं निकलता पानी। अमृत विचार

### खुलेआम बिकता गुटखा

**दृश्य 02**

स्टेशन परिसर में गुटखा बिक्री पर सख्त पाबंदी है। इसके बावजूद अवैध वेंडर प्लेटफार्मों पर घूम-घूमकर बेच रहे हैं। शनिवार दोपहर प्लेटफार्म नौ में एक युवक झोले में गुटखा भरकर पहुंचा और हाथ में लटकाकर बेचने लगा। गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस में बेचने के बाद दूसरी ट्रेनों की तरफ दौड़ा। प्लेटफार्म एक के आउटर पर एक किशोर पान-मसाला बेचते दिखा।

### आखिर लगने लगे पंखे

**दृश्य 03**

गर्मी बढ़ने के साथ प्लेटफार्मों पर लगे पंखे एक-एक कर बंद होने लगे। कई पंख सिर्फ घूम रहे थे। प्लेटफार्म आठ-नौ पर इक्का-दुक्का पंखे ही नजर आते हैं। शनिवार को नए पंखे लगाने का काम शुरू हुआ। मिस्त्री छोटे ने बताया कि उन्हें करीब 80 पंखे लगाने के लिए मिले हैं। एक नंबर प्लेटफार्म पर पंखे लगाने का काम पूरा होने के बाद दूसरे प्लेटफार्म पर लगाया जाएगा।


सेंट्रल स्टेशन पर टूटी पड़ीं कुर्सियां। अमृत विचार

### वाटर कूलर खुद प्यासे, टोटियां सूखी पड़ीं

**दृश्य 01**

रेलवे यात्रियों को शुद्ध और शीतल जल के लिए प्लेटफार्म नौ पर लगाया गया वाटर इस भीषण गर्मी में सूखा पड़ा है। टोटियों पर गंदगी जमा है। वाटर की आसपास कबाड़ जमा कर दिया गया है। वाटर कूलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस सीजन में यह चालू नहीं हुआ है। वहीं गर्मी से बेहाल यात्री प्लेटफार्म पर ठंडे पानी के लिए बोतल लेकर भटकते रहते हैं। टोटियों से गर्म पानी आता है। मजबूरी में यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए पानी की बोतले खरीदनी पड़ती हैं।


गुटखा बेचता युवक। अमृत विचार



पंखा लगाता मिस्त्री। अमृत विचार

### यात्रियों को कुर्सियों पर बैठने से लगता डर

**दृश्य 04**

प्लेटफार्म पर आठ पर यात्रियों के बैठने के लिए सीटिंग चेयर पड़ी हैं। कुछ सीटिंग चेयर सीमेंट की हैं तो कुछ लोहे की। सीमेंट वाली चेयर के पट्टे हिल रहे हैं। वहीं लोहे की कई सीटिंग चेयर प्लेटफार्म पर टूटी पड़ीं हैं। प्लेटफार्मों पर ट्रेनें के आने का समय जब होता है तो लोग खड़े-खड़े ट्रेन का इंतजार करते हैं। बैठने की जगह नहीं होती है। यात्रियों ने बताया कि कई चेयर हिलती हैं, जिससे गिर भी सकते हैं। इसलिए लोग बैठने के बाद उठकर खड़े हो जाते हैं। यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन लापरवाह है।

# आम तोड़ने में रिटायर्ड सैन्यकर्मी की गई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **हैलट अस्पताल के गेट नंबर दो के पास पार्क में सुबह पड़ा मिला शव**
- **परिजनों का आरोप, समय से इलाज मिलता तो बच सकती थी जान**

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में रात्रि डयूटी के दौरान सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ने के चक्कर में डाल टूटने से नीचे गिर गए, जिससे उनके सिर पर चोट लग गई। रात भर वह पार्क में ही पड़े रहे। जब शनिवार सुबह अन्य सुरक्षा कर्मियों की नजर पड़ी तो वह मृत मिले। घटना की सूचना पुलिस और हैलट प्रशासन को देकर इमरजेंसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का आरोप है कि यदि समय से उनको इलाज मिल जाता तो उनकी जान बच सकती थी।

मूलरूप से रायबरेली शहर के रहने वाले 62 वर्षीय दिनेश प्रसाद शर्मा कर्रही में रहते थे। तीन वर्ष पूर्व आर्मी से सेवानिवृत्त हुए थे। वह हैलट अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड थे। वर्तमान में वह रात्रि ड्यूटी करते थे। परिवार में पत्नी शोभा शर्मा, बेटा शुभम, अतुल, मृदुल और एक बेटी जया है। बेटे शुभम ने बताया कि पिता रात में सात से सुबह पांच बजे तक ड्यूटी करते थे। साथियों से पता चला कि शनिवार भोर पहर हैलट के दो



नंबर गेट के पास पार्क में करीब चार बजे आम तोड़ने के लिए वह पेड़ पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक से एक डाल टूट गई, जिसकी वजह से वह सीधे जमीन पर आकर गिरे और उनके सिर के पीछे चोट लग गई।

वह भोर पहर से सुबह सात बजे तक वहां पर पड़े रहे। इसी दौरान अन्य सुरक्षकर्मियों और हैलट के कर्मचारियों की नजर उन पर पड़ी तो उन्हें उठाकर इमरजेंसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया। उन लोगों का कहना था कि यदि समय से लोग देख लेते तो उनकी जान बच सकती थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# टीएसएच में आज की शाम 'चेतन भगत' के होगी नाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **लोकप्रिय भारतीय लेखक और प्रेरक वक्ता हैं चेतन भगत**
- **टॉक शो में दर्शक कर सकेंगे चेतन भगत से सीधा संवाद**

**अमृत विचार।** किताबों के शौकीनों के बीच लोकप्रिय लेखक चेतन भगत रविवार को द स्पोर्ट्स हब में मौजूद होगें। टीएचएस में वे टॉक शो के माध्यम से आम लोगों से रूबरू भी होंगे। टॉक शो के दौरान वे अपने अनुभवों के बारे में भी चर्चा करेंगे।


चेतन भगत।

अपने शो के बारे में चेतन भगत ने भी युवाओं को कानपुर आने की सूचना दी है। इस दौरान उन्होंने बातचीत, गपशप और अपने अनुभवों के साथ उनसे रूबरू होने के लिये उत्सुकता दिखाई है। इस कार्यक्रम में खासतौर पर शहर के बुद्धजीवियों, सभ्रांत और प्रबुद्धजनों का खास वर्ग भी शामिल होने के लिये खासा उत्सुक है।

उन्होंने बताया कि आईआईटी-दिल्ली और आईआईएम-अहमदाबाद से पढ़ाई की है। वे अपने अंतरराष्ट्रीय निवेश बैंकिंग करियर को छोड़कर पूरा समय लेखन को समर्पित कर दिया और देश में बदलाव लाने के लिए काम किया। चेतन भगत 14 ब्लॉकबस्टर पुस्तकों के लेखक हैं। इनमें 10 उपन्यास भी शामिल हैं। किताबें बेस्टसेलर बनी हुई हैं।

# चित्रकला के हुनरमंद विजेता हुए पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विजेता बच्चों के साथ एकल अभियान कानपुर चैप्टर के सदस्य। अमृत विचार

- **कानपुर चैप्टर की ओर से आयोजित हुई प्रतियोगिता**

**अमृत विचार।** एकल अभियान कानपुर चैप्टर की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को स्वरूपनगर स्थित हेरिटेज हाउस में हुआ। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता रहे कुल 12 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

एकल अभियान कानपुर चैप्टर महिला विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय ने बताया कि मौजूदा समय में देश में करीब 90 हजार एकल विद्यालय चल रहे हैं। चित्रकला प्रतियोगिता को जिले के 480 गांव से शुरू कराकर 12 कलाकृतियों का चयन किया गया। जिसमें एकल अभियान का प्रथम कैलेंडर बनाया गया। कैलेंडर का विमोचन बाबू श्यामजी ने किया। अभियान की सदस्य डॉ. पूजा अवस्थी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने के मकसद से 2023 में प्रतियोगिता शुरू हुई थी। प्रतियोगिता में अध्यक्ष कानपुर चैप्टर डॉ. एएस प्रसाद, महामंत्री ध्रुव कुमार, मनीषा शुक्ला, सचिव महिला प्रकल्प कीर्ति भूषण का सहयोग रहा। समारोह में नगर के समाजसेवी, एकल अभियान सदस्य, दानदाताओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर फंटियर अलॉय स्टील लिमिटेड की प्रीति भाटिया, सोनल भाटिया, लोहिया कार्प ग्रुप से ऋतु लोहिया, कानपुर प्लास्टिपैक लिमिटेड की ऊषा अग्रवाल, नेट प्लास्ट के आरके अग्रवाल, मृदुला अग्रवाल, जामा कार्पोरेशन से बरखा जालान, तिरुबाला ग्रुप से स्मिता अग्रवाल, गोल्डी मसाले से निहारिका गुप्ता, केसरवानी प्रिंटर्स से दिलीप केसरवानी, अर्चना केसरवानी, ग्लोबल काफ्ट से आशिमा खेतान, सविता चावला, नीलम धवन रहे।

**मनाएंगे छुट्टी** — गर्मी की छुट्टी में सिंगापुर व मलेसिया पहली पसंद, सात हजार शहरी विदेश जाकर करेंगे सैर-सपाटा

# शहरवासियों को लुभा रही फ्रांस और इटली की फिजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**03** हजार लोगों का यूरोप व यूके के लिए वीजा आवेदन

**02** हजार लोग यूके व यूरोप के लिए टिकट ले चुके हैं

**04** हजार लोग सिंगापुर व मलेसिया की भरेंगे उड़ान

**06** हजार लोग जम्मू और कश्मीर घूमने जाएंगे

**अमृत विचार।** गर्मी की छुट्टियों में शहरवासियों को फ्रांस और इटली की आबोहवा लुभा रही है। गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए शहर के कई परिवारों ने यूरोप और यूके का टिकट कटाया है। खास बात यह है कि विदेश घूमने के शौकीनों में दूसरी सबसे बड़ी पसंद सिंगापुर व मलेसिया हैं। जानकारों की मानें तो गर्मी की छुट्टियों में लगभग सात हजार सैलानी विदेश घूमने जाएंगे।

गर्मी की छुट्टियों में इस बार शहर में बड़ी संख्या में लोगों ने विदेश घूमने की योजना बनाई है। इसके लिए उन्होंने अप्रैल महीने से ही वीजा का आवेदन कर रखा है। वीजा के साथ एयर टिकट और टूर पैकेज भी बुक कराए गए हैं। पांच से सात दिन के टूर पैकेज सबसे अधिक बुक हुए हैं। पैकेज बुकिंग और टूर एण्ड ट्रैवल्स से जुड़े लोगों की मानें तो इस बार शहरियों में यूरोप और यूके का क्रेज अधिक है। खासतौर पर यूरोप के प्रति लोगों का रुझान अधिक है।

शहर से लगभग 2500 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने सीजन टिकट शहर के अलग-अलग जगहों से बुक कराया है। इसके लिए लोगों ने 'शेनगन' वीजा के लिए अप्लाई किया है। इस वीजा की खासियत यह है कि इसके जरिए वे यूरोप के आस-पास के देश भी आसानी से घूम सकते हैं। इनमें फ्रांस, इटली, स्वीडन, नॉर्वे, जर्मनी सहित अन्य देश शामिल हैं। विदेश घूमने का क्रेज इस बार वीजा में भी दिख रहा है। लगभग 3 हजार लोग ऐसे हैं, जिन्होंने अप्रैल में ही वीजा बुक करा दिया था।

इसके अलावा पहली बार विदेश जाने वाले लोगों की पसंद मलेसिया व सिंगापुर है। इस बार पूरे सीजन में लगभग 4000 से 4500 ऐसे लोग हैं, जिन्होंने इन देशों में जाने की तैयारी की है। अवध ट्रैवल्स के निदेशक शारिक अल्वी ने बताया कि पिछली बार की तुलना में इस बार शहरवासियों ने विदेश जाने का मन अधिक बनाया है। 15 मई से 30 जून के सीजन के लिए लोगों ने अप्रैल से ही बुकिंग करानी शुरू कर दी थी। अभी भी लोग जून के महीने में विदेश के लिए वीजा अप्लाई कर रहे हैं।

### देश में जम्मू-कश्मीर टॉप पर

यदि अपने देश की बात की जाए तो गर्मी में जम्मू और कश्मीर शहरियों की पहली पसंद है। पिछले दो सालों से जम्मू और कश्मीर में बड़ी संख्या में लोगों का जाना हो रहा है। खासतौर पर लखनऊ से जम्मू के लिए सीधी उड़ान का असर भी घूमने वालों को लुभा रहा है। गर्मी के सीजन की बात की जाए तो लगभग पांच हजार लोग सिर्फ हवाई मार्ग से जम्मू और कश्मीर के लिए रुख करेंगे। सीजन पीक पर होने पर इन सैलानियों की संख्या में इजाफा निश्चित है।



# मामूली बात पर फल विक्रेता को पीटा

**कानपुर।** चकेरी के पटेल नगर निवासी रिषू गौतम के अनुसार वह फल बेचने का काम करते है। 16 मई को वह रामादेवी चौराहे पर ठेला लगाए थे। इसी दौरान एक बस चालक ने ठेला के आगे बस लगा दी।

उन्होंने बस चालक से थोड़ा आगे बढ़ाने को कहा। आरोप है कि इस पर चालक व परिचालक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने ईंट पत्थर मारकर उनका सिर फोड़ दिया और धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने मामले की शिकायत चकेरी थाने में की। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र सह-प्रमाण पत्र अनुक्रमांक- 1225310 व वर्ष-2020 वास्तव में कहीं खो गया है। **नाम- मो. अनस अंसारी पुत्र मो. ताहिर अंसारी, पता- 392/25 साउथ जहानाबाद, रायबरेली।**

**सूचना**
सूचित हो, कि मैं PANCHAM LAL पुत्र **गयादीन, निवासी:- रामखेड़ा, पो. सतवा खेड़ा, जि. रायबरेली** का हूँ, मैंने अपना नाम PANCHAM से बदलकर PANCHAM LAL रख लिया हैं, आज से मुझे PANCHAM LAL के नाम से जाना व पहचाना जाये

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AATIF था अब मैंने बदलकर अपना नाम ATIF ANSARI रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ATIF ANSARI S/O: INTISHAR R/O- MOHODDIN PUR MIRZAPUR MALLAWA, HARDOI

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम SIRAJUDDIN से बदलकर MOHD SIRAJUDDIN रख लिया है । भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। MOHD SIRAJUDDIN S/O: MOHD YASEEN, R/O : 591 IYA /387, TELIBAGH, BALDEV BIHAR, KHARIKA, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **प्रदीप कुमार पांडेय पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर पांडेय, निवासी** SS2D /137 LDA **कॉलोनी कानपुर रोड लखनऊ।** मैं अपने पुत्र आयुष पांडेय व पुत्रवधू रिया त्रिवेदी एवम् पुत्र हिमांशु पांडेय को ग़लत आचरण के कारण अपनी चल व अचल संपत्ति बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किए गये कार्यो से मेराकोई वास्ता नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि शकील अहमद पुत्र रहमत उल्ला के आठ बच्चे हैं। इनमें पुत्र गुफरान अहमद का चाल चलन ठीक नहीं है। वह अपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके कार्य व्यवहार से परिवार के लोगों की छवि खराब हो रही है। ऐसे में गुफरान अहमद को परिवार और चल अचल संपत्ति से बेदखल किया जा रहा है। उसके द्वारा किए गए कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार से कोई लेनादेना नहीं है। - **शकील अहमद पुत्र रहमत उल्ला, निवासी- मोहल्ला- सलारगंज,थाना - दरगाह, बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो मैं **संजय सोनकर पुत्र लल्लू पहलवान , निवासी-** 107/35ए, **फ्लैट नं0-1 प्रथम तल, बाईसी की मस्जिद, अमीनाबाद पार्क, जनपद लखनऊ, उ0प्र0** मेरे पुत्र का त्रुटिवश आरूष दर्ज हो गया है जबकि उसके आधार कार्ड में सही नाम आरूष सोनकर अंकित है जो कि सत्य वह सही है। अत: पुत्र के स्कूलीय दस्तावेजों में पूर्व दर्ज नाम आरूष के स्थान पर सही नाम आरूष सोनकर दर्ज किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मुन्नालाल वर्मा पुत्र स्व०परशुराम वर्मा, निवासी- ग्राम- करमाकोडरी, पोस्ट- कोंडरी बाजार, तहसील सदर, थाना पूराकलंदर जिला फैजाबाद / अयोध्या** मैने अपने पुत्र आकाश वर्मा, जो झगड़ालू एवं लफ्फाज किस्म का हैं, जिनका आचरण व्यवहार न तो परिवार के हित में है और न ही समाज के हित में है इनके कृत्य से मैं व मेरा परिवार बहुत बुरी तरह से तंग है । उसके इन कृत्यों से तंग आकर अपनी समस्त चल व अचल संपत्तियों से अपने पुत्र आकाश वर्मा को बेदखल करता हूँ । अब इससे मेरा और का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रोहिणी पत्नी अंकित कुमार, निवासी- ग्राम रमुवापुर मजरा बुंनेहटा लक्षी रामपुर थाना व परगना मछरेहटा, तहसील मिश्रित सीतापुर**, मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका रोल नं0- 1255042 वास्तव में खो गयी हैं। मार्कशीट पर पिता का नाम हरामेश्वरदयाल, निवासी- ग्राम-रंजोतपुर, पोस्ट- बम्भौरा, कमलापुर, पिन कोड- 261302, स्कूल का नाम राजकीय बालिका कन्या इंटर कालेज कमलापुर, सीतापुर अंकित है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **गंगाराम पुत्र दुर्गा प्रसाद, निवासी-ग्राम- अल्लीपुर वाण्डिया, थाना- इमलिया सुल्तानपुर तहसील व जिला सीतापुर**, मैने अपने पुत्र अम्बुज कश्यप व बहु खुशबू देवी व अपने पोते ऋषभ कश्यप व कार्तिक कश्यप का चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

44.8° अधिकतम तापमान | 27.8° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 20 | सूर्यास्त 06 : 51

## शहर में आज

- **व्याख्यान :** जीएसवीएम कॉलेज में आईएमए सीजीपी में विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान दोपहर 12 बजे।
- **उद्घाटन :** उन्नति दी होल्टिक प्रोग्रेस का उद्घाटन आर्य नगर जैन ब्रदर के पीछे शाम चार बजे।
- **महोत्सव :** सिंधु भारत प्रहरी की ओर से सिंधु महोत्सव का आयोजन मोतीझील में शाम चार बजे से।
- **संगोष्ठी :** पेशवा नाना साहेब द्वितीय की जयंती पर ज्ञानभारती एमएस इंटर कालेज बिरहाना रोड में अद्वितीय संगोष्ठी शाम पांच बजे।
- **जन्मोत्सव :** श्री राम नवमी महोत्सव समिति का जानकी जन्मोत्सव बाल भवन फूलबाग में शाम सात बजे।

# नर्स की कानपुर में हत्या, एटा में फेंका शव

## हत्या करने वाला सिपाही अपने साथी के साथ गिरफ्तार, आठ फरवरी को किया था प्रेमिका नर्स का अपहरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अपहृत नर्स की कानपुर में गला घोटकर हत्या कर दी गई थी और फिर शव को एटा ले जाकर कुएं में फेंका गया था। इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए बर्रा पुलिस ने यहां पुलिस लाइन में तैनात सिपाही और उसके साथी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बर्रा थाने में तैनाती के दौरान हत्यारोपी सिपाही के नर्स से प्रेम संबंध बने थे। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी सिपाही ने अपने दोस्त के साथ युवती का अपहरण कर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। युवती के मोबाइल के लोकेशन के आधार पर एटा पहुंची बर्रा पुलिस ने शव की शिनाख्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।


पकड़ा गया हत्यारोपी सिपाही और उसका साथी। अमृत विचार

- तीन मार्च को बर्रा पुलिस ने दर्ज की थी गुमशुदगी, 18 फरवरी को एटा में बरामद हुआ था शव
- हत्या करने के बाद कानपुर पुलिस लाइन में ड्यूटी कर रहा था आरोपी सिपाही

मूलरूप से फतेहपुर जनपद के परसेड़ा गांव निवासी ई-रिक्शा चालक बाबूप्रसाद तिवारी वर्ष 2022 से बर्रा थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहते हैं। उनके साथ पत्नी संगीता, बेटे अमित के साथ बेटी शालिनी रहती थी। शालिनी कल्याणपुर स्थित एक मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग का कोर्स करने के बाद दामोदर नगर निवासी पप्पू सिंह परिहार के मकान में किराए पर रहती थी। शालिनी के प्रेम संबंध एटा जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के जैथरा गांव निवासी तत्कालीन बर्रा थाने की पीआरवी में तैनात हेड कांस्टेबल मनोज कुमार से हो गए थे। दोनों अक्सर मिलते थे।

प्रेम संबंध होने के बाद शालिनी लगातार मनोज पर शादी करने का दबाव बना रही थी, लेकिन मनोज शादीशुदा और दो बच्चों का पिता होने के कारण बार-बार टाल रहा था। बीती आठ फरवरी को शालिनी पड़ोसी किराएदार महिला का बैग लेकर अयोध्या जाने की बात कहकर घर से निकली थी, इसके बाद वह नहीं लौटी। कई दिनों तक शालिनी का पता नहीं चलने पर परिजनों ने तीन मार्च को बर्रा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी।

### दोस्त ने पुलिस के सामने उगला पूरा सच

- डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने भीमसेन क्षेत्र के रामसिंह का पुरवा निवासी राहुल कुमार को हिरासत में लिया गया तो उसने सारा सच उगल दिया। राहुल ने बताया कि उसने सिपाही मनोज के साथ मिलकर शलिनी का अपहरण किया। इसके बाद गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। शव छिपाने के लिए मनोज अपने गांव जैथरा ले गया, जहां कुएं में फेंक दिया था। डीसीपी ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट को अपहरण, हत्या और साक्ष्य छिपाने की धारा में तरमीम कर दिया गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### अयोध्या में फेंका था नर्स के मोबाइल का सिम

- डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद सिपाही मनोज पुलिस लाइन लौट आया था। इसके बाद वह रोजाना की तरह ड्यूटी करने लगा था, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस को गुमराह करने के लिए मनोज ने शालिनी के मोबाइल का सिम अयोध्या में फेंकने की बात कहकर राहुल को दिया था। उसकी बात मानकर राहुल ने अयोध्या में सिम फेंका था।

### आक्रोशित परिजनों ने हत्यारोपियों के साथ की हाथापाई

शनिवार को घटना के खुलासे के दौरान शालिनी की मां संगीता व भाई अमित भी डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचे। इस दौरान अमित के भाई ने बर्रा पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कई बार थाने से टरकाने का आरोप लगाया। अमित ने बताया कि घटना में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया। प्रेस कांफ्रेंस के बाद पुलिस हत्यारोपियों को जेल लेकर जाने लगी, तभी अमित ने हत्यारोपियों के साथ हाथापाई की।

### घाटमपुर में भी महिला से थे संबंध, हुआ था सस्पेंड

घटना का खुलासा होने के बाद मनोज के कई काले चिट्ठे सामने आए। बर्रा थाने के बाद मनोज की तैनाती घाटमपुर में हुई थी। इस दौरान उसके संबंध घाटमपुर निवासी एक महिला से हो गए थे, जहां अक्सर उसका आना-जाना था। नगर पालिका में विद्युत विभाग के कर्मचारी राजकुमार सोनकर ने उसका विरोध किया तो मनोज ने उसके साथ मारपीट की थी। कर्मचारी ने इसकी आईजीआरएस के माध्यम से की थी। अधिकारियों ने मनोज को सस्पेंड कर दिया था। तब से वह लाइन में तैनात था।

### हफ्ते भर में पांचवीं बार लगे पुलिस की वर्दी पर दाग

हफ्ते सप्ताह भर में पांचवीं बार पुलिस के दामन में दाग लगे हैं। सचेंडी पुलिस की प्रताड़ना से तंग सब्जी विक्रेता की आत्महत्या का मामला। नशेबाजी के विरोध पर पीटे गए स्वीट हाउस संचालक की पिटाई और नौबस्ता थाना क्षेत्र में फ्री नारियल पानी न देने पर पुलिसकर्मियों ने युवक को थाने के कमरे में बंद कर बर्बरता से पीटा था, जिसके बाद चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। शुक्रवार को बाबूपुरवा में सिपाही की छेड़खानी से परेशान युवती के जहरीला पदार्थ खा लिया था।

### मोबाइल की लोकेशन से पुलिस को मिला अहम क्लू

डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि शालिनी का नंबर सर्विलांस पर लगाया गया तो उसकी लोकेशन एटा जनपद में मिली। उसके साथ दो और मोबाइल नंबरों की लोकेशन भी मिली। बर्रा पुलिस एटा पहुंची तो वहां जैथरा गांव में 18 फरवरी को एक अज्ञात युवती का शव मिलने की जानकारी हुई। पुलिस ने शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान शालिनी के रूप में हुई।

# बेड पर मिला मेडिकल कर्मी का अर्द्धनग्न शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर थाना क्षेत्र में किराए पर रहने वाले एक मेडिकल कर्मी का अर्द्धनग्न शव कमरे के बेड पर पड़ा मिला। फोन पर बात न होने से परेशान परिजन पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। टीम को शराब की बोतलें, सिरिंज और प्रतिबंधित इंजेक्शन मिले हैं। युवक के हाथ में लीड बंधी होने के कारण परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। प्रथम दृष्टया जांच में पुलिस ने दवा के ओवरडोज से मौत होने का अनुमान लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।


अश्विनी पाल।


कमरे से बरामद शराब की बोतलें और प्रतिबंधित इंजेक्शन। अमृत विचार

- रावतपुर थाना क्षेत्र का मामला हाथ में बंधी मिली लीड
- जांच में शराब की बोतलें और प्रतिबंधित इंजेक्शन मिले
- फतेहपुर और मंधना के नर्सिंग सेंटर में करता था काम

शिवराजपुर थाना क्षेत्र के उद्वैतपुर निवासी अवनीश पाल ने पुलिस को बताया कि 30 वर्षीय अश्विनी पाल छपेड़ा पुलिया शिवपुरी में लवकुमार के मकान में किराए पर कमरा लेकर रहता था। गुरुवार को उसकी पत्नी पूजा पाल से बात हुई थी। उसके बाद से अश्विनी फोन नहीं उठा रहा था, जिसे लेकर घर के लोग काफी परेशान थे। वह अश्वनी के साथ काम करने वाले प्रवीण और संतोष के साथ किराए के कमरे में पहुंचे तो अश्विनी का शव अर्द्धनग्न अवस्था में बेड पर पड़ा था। यह देख उन लोगों के होश उड़ गए।

साथी कर्मचारी प्रवीण ने बताया कि वह और अश्विनी रामा मेडिकल सेंटर मंधना में आईसीयू के स्टॉफ में थे। अश्विनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। अश्विनी पाल का शव फूल चुका था और दुर्गंध आ रही थी। शोर सुनकर मकान मालिक और पड़ोस को लोग इकट्ठा हुए और पुलिस को सूचना दी। साथी प्रवीण ने बताया कि अश्वनी कम्युनिटी हेल्थ सेंटर फतेहपुर में अर्द्धसरकारी आईसीयू नर्सिंग स्टॉफ में कार्यरत था। इसके साथ रामा मेडिकल कॉलेज में भी काम कर रहा था।

### मकान मालिक बोले, सोचा चूहा मर गया है

मकान मालिक लवकुमार ने बताया कि अश्वनी ऊपरी मंजिल में सात माह से किराए पर रह था। शनिवार को बदबू आने पर उन्होंने सोचा कि शायद चूहा मर गया है। फिर वह कैंसर से पीड़ित अपनी पत्नी की दवा लेने चले गए थे। दूसरे किराएदार कुलदीप ने बताया कि गुरुवार रात वह छज्जे पर खड़े थे, लेकिन अश्विनी नहीं दिखा।

### इंजेक्शन लगाकर सुसाइड करने का अनुमान

एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी, रावतपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम के साथ एक एक साक्ष्य एकत्र किए। एडीसीपी के अनुसार मौके से एनेस्थीसिया की दवा, मीजोलम की छह शीशी, रोकुरोनियम की एक शीशी एक इंजेक्शन और तीन शराब की बोतलें मिली हैं। शव दो दिन पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। प्रथम दृष्टया इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या किए जाने का अनुमान है। अश्वनी दो जगह नौकरी करता था। इस वजह से उसकी दूसरे किराएदारों से ज्यादा बातचीत नहीं होती थी।

# हाईवे पर मिला लहूलुहान हालत में युवक का शव, हत्या का आरोप

- सचेंडी थाना क्षेत्र का मामला डयूटी से नहीं लौटा था घर
- डीसीपी पश्चिम ने फोरेंसिक टीम के साथ छानबीन की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी थाना क्षेत्र में डयूटी पर दोस्त के साथ निकला युवक वापस नहीं लौटा। रात भर परिजन उसकी तलाश करते रहे। लेकिन दूसरे दिन उसका लहूलुहान शव घर से कुछ दूरी पर हाईवे पर मिट्टी पर औंधे मुंह पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी पश्चिम और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की स्थिति साफ हो सकेगी।


घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम से जानकारी लेते डीसीपी। अमृत विचार

सचेंडी क्षेत्र के भिसार गांव निवासी किसान कन्हैयालाल का 22 वर्षीय पुत्र अजय कमल किसान नगर में लोडिंग का काम करता था। उसकी मां छोटी बिट्टी ने बताया कि शुक्रवार सुबह सात बजे वह डयूटी पर सुरजीत के साथ निकला था। शाम को सुरजीत घर लौट आया था, लेकिन अजय घर नहीं लौटा था। इस पर उसकी पत्नी आकृति ने बताया कि उसने तुरंत फोन कर उसके घर न आने की वजह पूछी तो उसने कहा कि वह कुछ देर में आ जाएगा। इस पर वह लोग देर रात तक राह ताकते रहे, लेकिन वह नहीं लौटा। शनिवार सुबह उसका शव घर से कुछ दूरी पर कार शोरूम के पास हाईवे किनारे औंधे मुंह पड़ा मिला। उसके मुंह से खून निकल रहा था। चेहरे पर खरोंच के निशान थे। सूचना पर डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, ट्रेनी आईपीएस डॉ. अमोल मुर्कुट, सचेंडी पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। उनका कहना था कि मामला संदिग्ध लग रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ साफ कहा जा सकता है।


रोती-बिलखती मां व बहन। अमृत विचार

### दस माह पहले गांव की ही युवती से किया था प्रेम विवाह

परिजनों ने आरोप लगाया कि 10 माह पूर्व गांव की ही एक दूसरे बिरादरी की युवती आकृति को भगाकर शादी की थी। इसके बाद युवती के परिजनों ने घर का चिराग नहीं जलने देने की धमकी दी थी। उन्हीं लोगों ने हत्या कर शव हाईवे पर फेंककर अपनी खुन्नस मिटाई है।

## सेंट्रल से गुजरेगी सूरत-भागलपुर स्पेशल ट्रेन

**कानपुर।** रेलवे ने गर्मियों में यात्रियों की सुविधा के लिए सूरत-भागलपुर एक्सप्रेस वाया सेंट्रल स्टेशन एक-एक फेरा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इसके साथ ही पूर्व में चल रही दो और ट्रेनों के छह-छह फेरे बढ़ा दिए हैं।

एनसीआर पीआरओ रागिनी सिंह ने बताया कि 09167 स्पेशल ट्रेन शनिवार को सूरत से चलकर रविवार को 1.25 बजे सेंट्रल पहुंचेगी। दस मिनट ठहराव के बाद सोमवार को 6.30 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वहीं 09168 स्पेशल सोमवार को भागलपुर से 10 बजे चलकर मंगलवार रात 2.15 बजे सेंट्रल आएगी। 10 मिनट स्टाप के बाद आगे के लिए रवाना होगी। इन सभी में रविवार से रिजर्वेशन शुरू हो जाएगा। इसी तरह एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस के छह-छह फेरे और बढ़ा दिए हैं।

# मिट्टी धंसने से ढही दीवार, तीन मजदूर 15 मिनट दबे रहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज थाना क्षेत्र में मंजूश्री टॉकीज के बेसमेंट में खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से किनारे की दीवार तीन मजदूरों के ऊपर ढह गई, जिससे मजदूर जान बचाने के लिए चीखने-चिल्लाने लगे। इस दौरान आसपास काम कर रहे मजदूर दौड़े और ईंट-मिट्टी हटाकर तीनों को बाहर निकाला। इसके बाद ठेकेदार ने तीनों को फौरन हैलट अस्पताल पहुंचाया, जहां तीनों का उपचार किया जा रहा है। घटना से मजदूरों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घायल मजदूरों के साथियों से जानकारी ली।


इसी निर्माणाधीन बेसमेंट की खोदाई के दौरान हुआ हादसा। अमृत विचार

सीतापुर जिले के कमालपुर थाना क्षेत्र के भगवंतपुर बरैठी गांव निवासी 30 वर्षीय परशुराम अपनी 28 वर्षीय पत्नी शिवांगी के साथ दो दिन पहले ही काम करने आया थे। 50 वर्षीय छठीराम भी तीन दिन पहले ही काम में लगा था। तीनों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों को दादानगर नगर नई बस्ती निवासी रचना बुला कर ले गई थी। उसी ने ही काम पर लगवाया था। तीनों घायलों ने बताया कि घंटाघर चौराहे के पास स्थित मंजूश्री टॉकीज में बेसमेंट की तकरीबन 20 फीट से ज्यादा गहरी खुदाई का काम चल रहा है। 13 से ज्यादा मजदूर और जेसीबी काम में लगी है। ज्यादातर मजदूर बाहरी हैं।

शनिवार को 11 बजे के आसपास वे लोग मिट्टी खोद रहे थे, तभी शटरिंग नहीं लगी होने से किनारे की दीवार भरभराकर उन लोगों के ऊपर ढह गई, जिसमें वे लोग 15 मिनट तक दबे रहे। चीख-पुकार सुनकर दूसरे लोग काम छोड़कर दौड़े और ईंट-मिट्टी हटाकर तीनों को बाहर निकाला। ठेकेदार ने महिला रचना को सूचना देकर एंबुलेंस की मदद से हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।


घायल छठीराम।

- मंजूश्री टॉकीज में बेसमेंट की खोदाई के दौरान हादसा, घायल भर्ती कराए गए


घायल मजदूर परशुराम व शिवांगी।

मजदूरों के दबने की खबर जैसे ही सोशल मीडिया में वायरल हुई तो पुलिस सक्रिय हो गई। एसीपी कलक्टरगंज मोहसिन खान ने बताया कि मंजूश्री टॉकीज में निर्माणाधीन जगह पर मिट्टी ढहने से तीन मजदूर घायल हुए हैं। मजदूरों को इलाज के लिए हैलट अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने हालत खतरे से बाहर बताई है।

### बिना शटरिंग के चल रहा काम

घंटाघर चौराहे पर स्थित मंजूश्री टॉकीज काफी दिनों से बंद चल रही थी। टॉकीज को तोड़कर कांप्लेक्स बनाने का काम चल रहा है। बेसमेंट की जेसीबी से खुदाई की जा रही है। चारों ओर बिना शटरिंग के काम किया जा रहा है। यह हाल तब है, जब बगल में थाना है और अति व्यस्ततम चौराहो से नगर निगम व केडीए के अफसर निकलते रहते हैं। घटनास्थल की फोटो खींचने पहुंचे कई फोटो जर्नलिस्ट को रोकने का प्रयास किया गया।

# छेड़छाड़ से क्षुब्ध युवती ने किया सुसाइड का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शोहदों की दहशत से पीड़िता की मां ने छोड़ दी नौकरी

**अमृत विचार।** बर्रा क्षेत्र में कोचिंग आने जाने के दौरान आए दिन की छेड़खानी से तंग आकर युवती ने आत्मदाह का प्रयास किया। परिजनों ने शिकायत की तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की दी। घटना से दहशतजदा पीड़िता की मां ने नौकरी जाना छोड़ दिया। पुलिस ने दो सगे भाईयों समेत अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

बर्रा दो मनोहर नगर निवासी युवक ने बताया कि वह और उनकी पत्नी लेदर फैक्ट्री में कार्यरत है। घर में उनकी दो बेटियां व एक 17 वर्षीय बेटा रहता है। बड़ी बेटी एमबीए व कंप्यूटर कोर्स की तैयारी कर रही है, जबकि छोटी बेटी ने इसी वर्ष इंटर की परीक्षा पास की है। वहीं बेटा हाईस्कूल का छात्र है। बताया कि पिछले कई महीनों से कोचिंग आने जाने के दौरान मोहल्ले में रहने वाले लल्लू कटियार व उसका भाई गोलू बड़ी बेटी संग छेड़खानी की वारदात को अंजाम दे रहा था। परिजनों से शिकायत कर ने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट भी की। पिता के मुताबिक छेड़खानी से आजिज आकर बेटी ने कुछ दिन पूर्व आत्मदाह का प्रयास किया था। शिकायत पर आरोपियों ने साथियों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की। इसके बाद से सहमी पत्नी ने नौकरी में जाना छोड़ दिया। पत्नी ने बर्रा थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# किसान को अगवा कर मारपीट

## पुलिस से भिड़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिधनू थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात तीन बाइक सवार युवकों ने किया था अपहरण
- वीडियो बनाने पर पीआरवी के सिपाही का छीना मोबाइल, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार।** बिधनू थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात तीन बाइकों में सवार आधा दर्जन युवकों ने किसान को अगवा कर लाठी-डंडों से जमकर पीटा। किसी ग्रामीण ने डॉयल 112 पर अपहरण की सूचना दी, जिस पर पीआरवी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो अपहर्ताओं ने पुलिस से हाथापाई शुरू कर दी। खुद को घिरा देख पुलिसकर्मियों ने थाने में सूचना दी, जिस पर भारी पुलिस बल पहुंचा तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अपहृत किसान की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ अपहरण, बलवा, मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की।

बिधनू थाना क्षेत्र के ढरहरा गांव निवासी किसान श्याम सिंह चंदेल (50) शुक्रवार रात को जामू गांव स्थित बेटी के घर बाइक से जा रहे थे। सपई गांव के पास तीन बाइकों पर सवार आधा दर्जन युवकों ने रोक कर उनका नाम पता पूछा। इसके बाद जबरन बाइक में बैठा कर बांबीपुरवा गांव ले गए, जहां से अपहर्ताओं ने श्याम सिंह की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। इस दौरान किसी ग्रामीण ने डॉयल 112 पर पुलिस को अपहरण की सूचना दी तो पीआरवी 0960 में तैनात सिपाही जितेंद्र कुमार व गार्ड धर्मेंद्र कुमार बांबीपुरवा पहुंचे।

पुलिस किसान श्याम को बरामद कर थाने लाने लगी तो लाठी डंडों से लैस आरोपियों ने पुलिस कर्मियों घेर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान सिपाहियों ने वीडियो बनाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनका मोबाइल छीन लिया। दबंगों के बीच घिरा देख सिपाही जितेंद्र ने बिधनू थाने में सूचना दी, जिसके बाद बिधनू थाने से फोर्स पहुंचा।

### थाने का फोर्स पहुंचते ही आरोपी भाग निकले

फोर्स के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। बिधनू थाना प्रभारी प्रेम चंद्र कनौजिया ने बताया कि पुलिस पर हमला नहीं हुआ है। जांच में प्रकाश में आया कि शुक्रवार शाम बांबीपुरवा निवासी लोडर चालक विकास पासवान ढरहरा गांव भूसा भरने गया था। इसी दौरान वह श्याम सिंह के ट्यूबवेल के पास पड़ी चारपाई पर बैठ कर शराब पी रहा था, जिस पर श्याम सिंह के बेटे सलोनी से उसका विवाद हुआ था। इसके बाद विकास ने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस के गांव पहुंचने से पहले ही विकास ने साथियों के साथ किसान श्याम सिंह को पकड़ लिया। श्याम की तहरीर पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# रॉड से हमले में पिता-पुत्रों को पांच साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एडीजे 12 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 16 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** घर में घुस कर लोहे से रॉड से हमला कर युवक को लहुलूहान करने के मामले में एडीजे 12 की कोर्ट ने पिता व दो पुत्रों को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषी पिता पुत्रों को पांच साल की सजा सुनाई।

नवाबगंज ज्योरा निवासी राजन ने बताया कि 22 दिसंबर 2019 को वह अपने घर में दोस्त अजीत व अपने परिवार के साथ टीवी देख रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाला हरिश्चंद्र दोनों बेटे दीपू व अजीत कठेरिया के साथ लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से लैस होकर आए और हाथ में लोहे की राड व लाठी डंडे से लैस होकर उसके घर के अंदर घुस आए। जान से मारने की नियत से उसपर व उसके मित्र पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।



मोहल्लों के लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। राजन की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामला एडीजे 12 परमेश्वर प्रसाद की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी इंद्रलता शुक्ला ने बताया कि कोर्ट में सात गवाह पेश किए गए। सबूतों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी पिता-पुत्रों को पांच-पांच साल की सजा व 16 हजार जुर्माना लगाया।

**केस्को का हाल** | मोबाइल पर बिजली का बिल देख हैरान हो रहे उपभोक्ता

# सिस्टम खराब, पहुंच रहे गलत बिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिस्टम की खामियां दूर करने में जुटे केस्को के अफसर

**अमृत विचार।** केस्को में बिलिंग सिस्टम अपडेट होने के बाद भी बिल से संबंधित समस्याएं कम नहीं हो रही हैं। लोगों के मोबाइल पर गलत मैसेज पहुंच रहे हैं, जिस वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक शिकायतें केस्को मुख्यालय पहुंच रही हैं।

केस्को के शहर में सात लाख से अधिक उपभोक्ता हैं, इनमें से करीब डेढ़ लाख उपभोक्ता स्मार्ट मीटरधारक हैं। स्मार्ट मीटर के सैकड़ों उपभोक्ताओं के पास इन दिनों बिजली के बिल से संबंधित गलत मैसेज पहुंच रहे हैं, जिनमें काफी ज्यादा बढ़े हुए बिलों की संख्या शामिल है। हैरानी की बात यह है कि घर या दुकान की बिजली न कट जाए, इसलिए कई



उपभोक्ताओं ने बिल जमा किए और केस्को में शिकायतें भी कीं।

केस्को ने जब से अपना बिलिंग सिस्टम अपडेट किया है, तब से बिल के संबंधित कुछ समस्याएं बढ़ी हैं। यह बात केस्को भी अब स्वीकार करने लगा है। केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने बताया कि केस्को के बिलिंग सिस्टम का उच्चीकरण किये जाने के कारण बहुत से उपभोक्ताओं के बिल गलत बन रहे हैं। केस्को प्रबंधन की ओर से सिस्टम की कमियां दूर कर बिल संशोधन के कार्य किये जा रहे हैं।

### फिलहाल नहीं कटेगा कोई भी कनेक्शन

केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने कहा कि बिलिंग की समस्या को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि अग्रिम आदेशों तक कोई भी संयोजन विच्छेदित नहीं किया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता के मोबाइल या किसी अन्य माध्यम से संयोजन विच्छेदित करने का मैसेज मिलता है तो उससे परेशान ना हों। इस संबंध में अपने उपखंड या खंड कार्यालय में संपर्क करें और समस्या से अवगत कराएं, ताकि समय पर समस्या का समाधान हो सके।

## एक नजर

### युवक से 30 हजार रुपये की ठगी, थाने में शिकायत

**कानपुर।** साइबर ठग ने रेलबाजार निवासी रिजवान खान के अनुसार 15 मई को उनके पास एक कॉल आया और खुद को बैंककर्मी बताते हुए क्रेडिट कार्ड बनाने की बात कहीं और एक लिंक भेजा। इस पर वह आरोपी की बातों में आ गए भेजे गये लिंक को भरकर भेज दिया। इस पर कुछ ही देर में खाते से 30 हजार रुपये कट जाने का मैसेज आया। इस पर उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर सेल के साथ ही रेलबाजार थाने में की।

### कार मैकेनिक ने दी जान

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में पहलवानपुरवा निवासी कार मैकेनिक 29 वर्षीय मनीष ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता मातिबर ने बताया कि मनीष चार भाइयों में सबसे बड़ा था। बताया कि जून से उसकी शादी को दो वर्ष पूरे हो जाते लेकिन उसने फांसी लगाकर जान दे दी। बताया कि वह जौनपुर बहू के घर गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गलती से दबा दिया सेल्फ, दौड़ी बस, चालक की कुचलकर मौत

**❍ चुन्नीगंज रोडवेज बस अड्डा में हादसा ❍ ठीक करा रहा था बस की हेडलाइट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में स्थित चुन्नीगंज बस अड्डे में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बस की खराब हेड लाइट ठीक करा रहे चालक ने गलती से सेल्फ दबा दिया। इससे बस आगे बढ़ गई और चालक को कुचलते हुए पिलर में टकरा गई। इस दौरान काम कर रहे कर्मचारी ने भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना से बस अड्डे में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने दौड़कर बस को संभालने की कोशिश की और सेल्फ बंद किया। नाजुक हालत में कर्मचारियों ने चालक को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसने दम तोड़ दिया।



मोतीलाल यादव। अमृत विचार

आजमगढ़ के ददरा तिलापुर निवासी 54 वर्षीय मोतीलाल यादव चुन्नीगंज बस अड्डे पर चालक के रूप में तैनात थे। वह कानपुर से हरिद्वार की बस चलाते थे। परिवार में पत्नी राधा यादव, बेटा जय सिंह और जसवंत सिंह है। शनिवार सुबह

**● बस की लाइट ठीक कर रहे मैकेनिक भागे, पिलर से टकराने के बाद रुकी बस**

करीब आठ बजे वापस आए थे। कर्मचारियों ने बताया कि करीब 9:30 बजे मोतीलाल इलेक्ट्रिकल सेक्शन के सामने अपनी बस की खराब हेडलाइट को एक इलेक्ट्रीशियन से ठीक करा रहे थे।

इस दौरान इलेक्ट्रीशियन ने बस की हेड लाइट जलाने को कहा। उन्होंने खिड़की से हाथ डालकर चालू करने की कोशिश की तो सेल्फ दब गया, जिससे गेयर लगी बस चालक मोतीलाल को कुचलते हुए सीधे पिलर में जा टकराई। वहां मौजूद कर्मचारी दौड़े और बस को बंद किया। इसके बाद बस में फंसे चालक मोतीलाल को किसी तरह निकाला और उन्हें पास के निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने इलाज शुरू किया, लेकिन थोड़ी देर बाद उनकी सांस उखड़ने लगी। हालत बिगड़ते देख डॉक्टर ने उन्हें आईसीयू में डाल दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई।

सूचना मिलते ही कर्नलगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचना देने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। हादसे के तुरंत बाद रोडवेज विभाग के अधिकारी परिजनों को ढांढस और सांत्वना देने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# दरोगा-सिपाही को पकड़ेंगी पांच टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी में चकरपुर चौकी इंचार्ज और सिपाही की वसूली से त्रस्त और परेशान करने पर सब्जी विक्रेता सुनील कुमार राजपूत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौत से पहले उसने अपनी पीड़ा भरे दो वीडियो बनाकर फेसबुक में लोड कर दिया था। जिसके बाद महकमे में हड़कंप मच गया था। आत्महत्या कांड के पांच दिन बीत जाने के बाद भी दोनों की गिरफ्तारी न हो पाने पर शनिवार को पुलिस की पांच टीमें गठित की गई है। इन टीमों ने आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर दबिशें देना शुरू कर दिया है।

डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि आरोपी दरोगा सुरेंद्र कुमार यादव और सिपाही अजय कुमार यादव को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया गया था। इसकी मियाद 17 मई को पूरी हो गई। अब 18 मई को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें

**● वसूली से आहत सब्जी विक्रेता ने वीडियो बनाकर दी थी जान**

गठित की गई है। इसमें सर्विलांस, थाना पुलिस, स्वाट टीम, एडीसीपी और एसीपी पनकी की टीम शामिल है। एडीसीपी व एसीपी को ही केस पर्वेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना की विवेचना सचेंडी थाने के द्वितीय इंस्पेक्टर जसवंत सिंह कर रहे हैं। सुनील के कब्जे में लिए गए मोबाइल फोन को शनिवार को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया। साथ ही जांच के बिंदु के सवाल भी भेजे गए हैं। डीसीपी ने बताया कि सुनील के मोबाइल फोन में से चार ऑडियो कॉल, दो वीडियो और सुनील के आत्महत्या करने के वीडियो हैं। इन सभी ऑडियो और वीडियो को आगरा और लखनऊ की फोरेंसिक लैब भेजा गया है। वहीं, आवाज का सैंपल और ऑडियो की आवाज भी जांच के लिए भेजी जाएगी। जो ऑडियो वायरल हुए हैं, उनमें दरोगा लगातार धमकी देता हुआ सुनाई दे रहा है। इसके साथ ही दरोगा रुपये और सब्जी की मांग भी कर रहा है। ऑडियो रिपोर्ट आने के बाद दरोगा सत्येंद्र व सिपाही अजय के खिलाफ रिश्वत मांगने के पुख्ता सुबूत मिल जाएंगे। सोमवार की रात सुनील ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए दो वीडियो फेसबुक पर वायरल करने के बाद फंदा लगाकर जान दे दी थी। मंगलवार दोपहर ही दरोगा सत्येंद्र और सिपाही अजय के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। 24 घंटे के भीतर मामले में रंगदारी मांगने की धारा लगा दी गई। बुधवार को पुलिस ने दरोगा के कमरे का ताला तोड़कर रिवॉल्वर और सिपाही अजय के कमरे का ताला तोड़कर रायफल बरामद कर ली थी, लेकिन घटना के पांच दिन बाद भी आरोपी दरोगा व सिपाही को पुलिस नहीं ढूंढ सकी है। इस संबंध में पनकी एसीपी तेजबहादुर सिंह ने बताया कि अभी तक सत्येंद्र और अजय का पता नहीं चल पाया है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए टीमें तलाश कर रही हैं।

# किशोरी से रेप के दोषी को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दुकान का सामान लेने गई किशोरी के साथ रेप की घटना को अंजाम देने वाले एक युवक को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई। दोषी युवक वर्ष 2020 में किशोरी को बहला फुसला कर ले गया था, जिसके बाद परिजनों ने जूही थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

15 जून 2020 को कक्षा सात की 16 वर्षीय छात्रा घर का सामान लेने के लिए गई पड़ोस की दुकान गई थी। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने जूही थाने में 48 क्वार्टर बाबाकुटी निवासी शनि, जीतू और सुमित पर किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के बाद

**● विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने सुनाया फैसला**

पुलिस ने जीतू और सुमित का नाम हटा कर शनि के खिलाफ रेप और बहला-फुसला कर भगा ले जाने की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। मामला विशेष न्यायाधीश पॉक्सा एक्ट योगेश कुमार की कोर्ट में विचाराधीन था।

बचाव पक्ष से कहा गया कि पीड़िता ने पुलिस को बयान दिया कि वह अपनी मर्जी से गई थी। फिर कोर्ट के समक्ष जबरन ले जाकर रेप करने की गवाही दी। विशेष लोक अभियोजक भावना गुप्ता ने बताया कि पीड़िता, उसके पिता समेत पांच गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने शनि को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा व 40 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

# ई-रिक्शा फ्री चौराहे की खुली पोल, जाम से कराहे लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ट्रैफिक पुलिस की घण्टाघर चौराहा को ई रिक्शा फ्री जोन बनाने की पोल खुल गई। ई रिक्शा चालकों की अराजकता से शनिवार को घंटाघर चौराहा जाम से जूझता रहा। कड़ी धूप में वाहन सवार पसीने से भीग गए।

ट्रैफिक पुलिस ने घंटाघर, टाटमिल व रामादेवी चौराहा को ई रिक्शा फ्री जोन घोषित किया था। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने चौराहों का निरीक्षण कर निर्देश दिए थे। शहर का दिल कहे जाने वाले घंटाघर चौराहे को जाम से राहत दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने प्लान बनाया था, लेकिन परिणाम शून्य हैं। ई रिक्शा की पार्किंग के लिए बने लेन पर इक्का दुक्का वाहन ही खड़े नजर आए। एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने बताया कि चुनावी ड्यूटी के कारण शहर में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की कमी है, जिस कारण कुछ समस्या है।



शनिवार को घंटाघट चौराहे पर चिलचिलाती धूप में भीषण जाम लगा रहा। अमृत विचार

# युवक की हत्या कर गंगा में फेंकने पर तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में पंद्रह दिनों से लापता युवक की नृशंस हत्या करने के बाद उसके हाथ पैर रस्सी और ईंट से बांधकर गंगा में फेंक दिया गया था। इस मामले में परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिवदीनपुरवा निवासी 25 वर्षीय सुरेंद्र कुमार निषाद मजदूरी के साथ खेती किसानी करता था। बड़े भाई सुजीत और संजय ने बताया था कि दो मई को सुरेंद्र घर से निकला था, इसके बाद से वह नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बावजूद उसका पता न चलने परिजनों ने गुरुवार को नवाबगंज थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

शुक्रवार सुबह गंगा बैराज के रामपुर गंगाकटरी के पास हाथ पर

**● नवाबगंज क्षेत्र का मामला, 15 दिन से लापता था युवक**

बंधा हुआ शव बरामद हुआ। इस दौरान परिजन नाव से उसे आसपास ढूंढ ही रहे थे। तभी परिजनों की नजर पड़ी को पास जाने पर कपड़ों के आधार और हाथ में नाम गुदा होने पर उसकी पहचान सुरेंद्र निषाद के रूप में की।

बड़े भाई संजय और सुजीत ने बताया कि दो मई को गांव का एक युवक बाजार में लौकी बेचने के लिए अपनी बाइक में बंधवाने को मदद के लिए ले गया था। उस युवक ने पुलिस को बताया कि इसके बाद उसे किसी और युवक के पास जाना था तो उसने कॉल करके उसकी बात करा दी थी। लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव के श्रीकिशन, छत्रपाल और राजेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शौचालय तोड़ने पर मकान मालिक की मानवाधिकार से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शौचालय हर मानव का मूल अधिकार है, शौचालय तोड़ कर शौच से वंचित करना मानवाधिकारों का हनन है। मनावाधिकार हनन का आरोप लगाते हुए 70 वर्षीय एक वृद्ध ने आयोग से मकान मालिक की शिकायत की। आरोप है कि मकान मालिक ने मकान खाली कराने के लिए उसके हिस्से का शौचालय तोड़ दिया, जिससे वह शौच के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। मामले को संज्ञान में लेकर आयोग ने मामला दर्ज कर लिया।

मेस्टन रोड निवासी सुरेश कुमार

**● मकान मालिक पर मानवाधिकार हनन का आरोप, मामला दर्ज**

अग्रवाल (70) ने बताया कि वह कई वर्षों से किराए के मकान में रह रहे है, उनका मकान मालिक राहुल वर्मा से मकान खाली करने को लेकर विवाद चल रहा है। बताया कि मकान मालिक ने परेशान करने के लिए उनके हिस्से वाले शौचालय को तोड़ दिया। जिसके कारण अब शौच के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा है। वृद्ध ने इसे मानवाधिकार का हनन बताते हुए राज्य मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में कहा गया है कि वृद्धावस्था और बीमारी के कारण उन्हें दिन में कई बार शौच जाना पड़ता है। शौचालय तोड़े जाने से उनके सामने शौच की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। भारत में हर नागरिक को संविधान में दिए मौलिक अधिकार के तहत जीवन जीने की स्वतंत्रता का अधिकार भी मिला है। इसके अलावा हर मनुष्य के पास कुछ अधिकार सुरक्षित हैं। शौच भी मानव जीवन का मूल तत्व है। किसी का शौचालय तोड़कर उसे शौच से वंचित करना मानवाधिकार का उल्लंघन है। मामले को संज्ञान में लेकर आयोग ने मामला दर्ज कर लिया है।

# मेडिकल कॉलेज को दान की मालती श्रीवास्तव की देह

**कानपुर।** गुजैनी ए ब्लॉक निवासी मालती श्रीवास्तव का 16 मई की रात निधन हो गया। पत्नी के निधन होने पर पति राजनारायण श्रीवास्तव ने पत्नी की देहदान करने के संबंध युग दधीचि देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर से संपर्क किया। राज नारायण के मुताबिक पत्नी मालती ने वर्ष 2012 में देहदान संकल्प पत्र भरा था। मनोज सेंगर ने दिवंगत मालती की देह को तिर्वा मेडिकल कॉलेज को दान करने का निर्णय लिया। बताया कि 17 मई को कानपुर से दिवंगत मालती की देह एंबुलेंस से लेकर वह दोपहर करीब 12 बजे तिर्वा मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां एनॉटमी विभाग प्रभारी डॉ. मंजुला सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ देह को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वीकार किया। कानपुर में देह समर्पण के समय स्व. मालती जी के पति राजनारायण, बेटी अनुपमा, अनुराधा, सीमा, शिखा, नाती अंशुल व भतीजा अजय सहित अन्य परिजन रहे। कन्नौज में मनोज सेंगर, माधवी सेंगर, कन्नौज देहदान प्रभारी पं. विनय दुबे, दीपक, तिर्वा प्रभारी त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी, रमेशचंद्र शुक्ला, ब्रजेंद सिंह, राजू रहे।



मालती श्रीवास्तव।

# तेल कारोबारी से 73 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला मोटे मुनाफे का दिया था लालच**

**● साइबर क्राइम थाने में दर्ज की गई एफआईआर**

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र के सिविल लाइंस आनंद एन्क्लेव निवासी तेल कारोबारी से साइबर ठगों ने 73 लाख रुपये की ठगी कर ली। साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच देकर उनसे निवेश कराया। शुरुआत में छोटे-छोटे मुनाफ के रूप में कुछ रुपये भी लौटाए। मोटी रकम लगते ही ठगों ने संपर्क करना बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्याम सुंदर गुप्ता ने बताया कि 21 अप्रैल को उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग ग्रुप में निवेश कर ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक लिंक भेजा। शुरुआत में उन्हें कुछ मुनाफा हुआ। इसके बाद झांसे में आकर उन्होंने 21 अप्रैल से सात मई के बीच शातिरों द्वारा बताए गए अलग-अलग खातों में 73 लाख रुपये जमा कर दिए।

कुछ दिन रुपये मांगे तो शातिरों ने इंकार कर दिया। इसके बाद से संपर्क बंद हो गया। तब उन्होंने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया कि पत्राचार कर 19 खातों के 70 लाख, 53 हजार, 925 रुपये होल्ड करा दिए गए हैं। खातों का सत्यापन किया जा रहा है। जांच में दोषी पाए जाने पर खाताधारकों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही होल्ड कराए गए रुपयों को रिलीज कराने के लिए कोर्ट में रिपोर्ट भेजी गई है।

### प्रोफाइल में फर्जी फोटो लगाकर पैसों की मांग

सूटरगंज निवासी नरेंद्र कुमार शुक्ला ने पुलिस को बताया कि एक मोबाइल नंबर द्वारा व्हाट्सप पर उनकी फोटो प्रोफाइल पर लगाकर लोगों से पैसों की मांग की जा रही है। यह नम्बर फर्जी है, उनके पास कभी ऐसा कोई नंबर नहीं रहा है। इस संबंध में ग्वालटोली थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मोबाइल नंबर पता अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

**निगरानी** दिसंबर तक हर हाल में पुल का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश

# डीएम ने मांगी जयपुरिया क्रॉसिंग की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वर्ष 2022 में शुरू हुआ जयपुरिया रेलवे क्रॉसिंग पर पुल का निर्माण वर्ष 2024 में पूरा होना है। शनिवार को जिलाधिकारी ने पुल निर्माण की प्रगति रिपोर्ट सेतु निगम से मांगी। साथ ही दिसंबर माह तक पुल निर्माण का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। रेलवे से अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण पुल निर्माण कार्य अधर में लटक गया था। हालांकि रेलवे के हिस्से वाले में आने वाले आरओबी के फाउंडेशन का काम शुरू हो गया है।



जयपुरिया रेलवे क्रॉसिंग पर चल रहा पुल का निर्माण कार्य। अमृत विचार

कानपुर-लखनऊ रेलवे लाइन पर स्थित जयपुरिया रेलवे क्रासिंग पर लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए वर्ष 2022 में 59.95 करोड़ की लागत से 800 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था, जिसका कार्य वर्ष 2024 तक पूरा होना है। पुल निर्माण में केस्को के बिजली पोल व लाइन बाधा बन रहे थे। इसके साथ ही करीब 300 मीटर लंबी आरओबी का निर्माण रेलवे की ओर से कराया जाना था, लेकिन रेलवे की उदासीनता के कारण पुल का कार्य पूरा नहीं हो पा रहा था।

तत्कालीन डीएम विशाख जी अय्यर ने निरीक्षण कर बिजली पोल, पेड़ो की छटाई व रेलवे को पत्र लिख कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद केस्को के बिजली पोल व लाइन की शिफ्टिंग का कार्य शुरू कराया गया था। पत्र को संज्ञान में लेकर रेलवे ने भी कार्य में तेजी दिखाई। रेलवे ने 300 मीटर आरओबी निर्माण के लिए फाउंडेशन निर्माण का कार्य शुरू कर दिया। सेतु निगम एई अरविंद कुमार सागर ने बताया कि पुल पर 70 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा करा लिया गया है। रेलवे भी अपने हिस्से की आरओबी का निर्माण कार्य करा रहा है। दिसंबर माह के अंत तक पुल पूरी तरह से तैयार कर लिया जाएगा।

# दो बंद मकानों से नकदी लाखों के जेवरात चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के अलग-अलग थानाक्षेत्रों से बंद पड़े मकानों चोरों ने नगदी समेत लाखों कीमत के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ितों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मामले की जांच शुरू हो सकी।



**● कल्याणपुर और सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में हुईं घटनाएं**

कल्याणपुर निवासी देवांश अग्निहोत्री के अनुसार वह अम्बेडकरपुरम आवास विकास में किराए के मकान में रहते है। 14 मई को घरेलू कार्यक्रम में शामिल होने शोभन मंदिर परिवार के साथ गये हुए थे। शाम को जब वह लोग वापस आये तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अलमारी में रखे 40 हजार रुपये व लाखों कीमत के जेवरात गायब थे। आसपास पता करने पर जानकारी हुई कि दोपहर को मकान में किसी को न देखकर पूर्व किराएदार आनंद व उसका एक साथी वहां पर आया है। उन्हें पूरा शक है, कि इन्हीं दोनों लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

इसी प्रकार सेन पश्चिम पारा के गोपाल नगर निवासी महिला कविता सिंह के अनुसार 25 अप्रैल को वह अपने दोनों बच्चों के साथ मायके रायबरेली गई थी। उनका पति से भरण पोषण को लेकर मामला कोर्ट में चल रहा है। घर पर किसी को न देख कर घर के सामने रहने वाले उनके पति अनुज कुमार व अन्य ससुरालियों ने घर का ताला तोड़कर वहां पर रखे दस हजार 10 हजार रुपये, सामान व लाखों कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। जब वह आठ मई को वापस आई तो घटना की जानकारी हुई। वहीं पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद है। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आवश्यकता है
अमृत विचार, लखनऊ को
इलेक्ट्रीशियन की
PLC बेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो
अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 96516 43339
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

## एक नजर

### स्काउट सिखाता है सेवा और अनुशासन का भाव

**कानपुर।** स्काउटिंग जीवन में अनुशासन के साथ सेवा की भावना जगाती है। छोटे बच्चों में खेल-खेल में सीखना, उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार बनाना स्काउटिंग का मुख्य उद्देश्य है। यह विचार शनिवार को कौशिल्या देवी बालिका इंटर कालेज में जिला आयुक्त गाइड और प्रधानाचार्या डॉ स्मित तिवारी ने व्यक्त किए। कॉलेज में प्रवेश और प्रथम सोपान के समापन अवसर पर विभिन्न आयोजन हुए। इसके अलावा स्काउट से जुड़े बच्चों ने विभिन्न क्रियाकलाप भी प्रदर्शित किए। इनमें टेंट लगाकर बिना बर्तनों के भोजन बनना सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में भारत स्काउट और गाइड के संयुक्त सचिव सर्वेश तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त लक्ष्मी साहू, कौशल विश्वकर्मा ने बच्चों को प्रेरित किया।

### कर्मचारियों के मसीहा थे नेता स्व. बीएन सिंह

**कानपुर।** हैलट अस्पताल में स्थित कर्मचारी संघ कार्यालय में शनिवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वर्गीय बीएन सिंह की 25वीं पुण्यतिथि मनाई। कर्मचारियों व पेंशनर्स ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित की श्रृद्धांजलि दी। संयोजक बीएल गुलाबिया ने बताया कि स्व. बीएन सिंह कर्मचारियों के संघर्षशील, कर्मठ व जुझारू नेता थे। सरकार से संघर्ष कर नकदीकरण अवकाश के साथ पेंशन, अनेकों प्रकार के भत्ते दिलाने के साथ वेतनमान दिलाने जैसे समस्याओं के लिए वह संघर्ष करने में अग्रणी रहे। सह संयोजक बेनी सिंह सचान ने उनके संघर्षो को याद किया। आरपी श्रीवास्तव एडवोकेट, ताराचंद, अरविंद्र कुमार मधुर, चंदहास सिंह चौहान, उषा चौहान, उर्मिला शुक्ला, अजमतुल, वीरेंद्र सिंह वर्मा, मंजू भारती, प्रेम नारायण वर्मा, विनोद शुक्ला व चंद्रशेखर रहे।

### सीएसजेएमयू ने रोकी 19 छात्रों की परीक्षा

**कानपुर।** सीएसजेएमयू की ओर से 19 छात्रों की परीक्षा न कराने का निर्णय लिया गया है। यह छात्र डॉ. गोविंद प्रसाद रानी देवी पटेल महाविद्यालय अरौल के एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि महाविद्यालय की ओर से तीन में से एक ही वैकल्पिक प्रश्न पत्र का चयन किया जाना था। इसके बावजूद महाविद्यालय की ओर से कुछ छात्र-छात्राओं को तीन में से दो वैकल्पिक विषय का चयन करा दिया गया। इससे विश्वविद्यालय के अध्यादेश के अनुसार ऐसा करने वाले छात्र-छात्राओं की डिग्री वैध नहीं मानी जाएगी। इस पूरे प्रकरण पर विश्वविद्यालय की ओर से एक कमेटी भी बनाई गई है। यह कमेटी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं दोबारा कराई जाएंगी।

# मोबाइल बन रहा कई बीमारियों और हादसों की मुख्य वजह

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में हुआ 41वां आईएमए सीजीपी, आर्थो सर्जन, मानसिक और नेत्र रोग विशेषज्ञों ने दी अहम जानकारी

कार्यालय संवददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मानव जीवन के लिए जिस प्रकार हवा, पानी और ऑक्सीजन महत्वपूर्ण है, उसी प्रकार अब मोबाइल भी जीवन के हिस्से में शामिल हो गया है। मोबाइल फोन के जहां कई फायदें हैं, वहीं अत्यधिक उपयोग से कई प्रकार की बीमारियां भी दे रहा है। इनमें बच्चे और युवा ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। अब तो मोबाइल हादसों की भी वजह बन रहा है, जिस कारण लोगों की जान तक चली जाती है। हालत यह है कि मोबाइल में लाइक और कमेंट न आने की वजह से भी लोग मानसिक रोगी हो रहे हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में चल रहे 41वें आईएमए सीजीपी के दूसरे दिन शनिवार को विशेषज्ञों ने कुछ ऐसी ही अहम जानकारियां दीं। यहां आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी, सचिव कुणाल सहाय, आईएएम सीजीपी कानपुर सब फैकल्टी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ.विकास शुक्ला, डॉ.अनुराग आदि मौजूद रहे।


मंच पर मौजूद प्रो .समीर मिश्रा, प्रो .संजय कुमार, डॉ.विकास शुक्ला, डॉ . निर्भय सक्सेना।


जानकारी देतीं डॉ .शालिनी मोहन, डॉ .मनीष सक्सेना व डॉ .मनीष।


मानसिक रोग के बारे में बताते डॉ .विवेक अग्रवाल, साथ में डॉ .धनंजय चौधरी व डॉ .मनीष।

### मोबाइल की वजह से बढ़ रहे हादसे

- लखनऊ केजीएमयू में ट्रॉमा यूनिट के प्रभारी प्रो .समीर मिश्रा ने बताया कि मोबाइल की वजह से हादसे बढ़ रहे हैं। लोगों का मोबाइल पर ध्यान खिंचा रहता है। शरीर में कैल्शियम और विटामिन डी की कमी से हड्डियां कमजोर हो रही हैं, जिसका मुख्य कारण वयस्कों में देखा जा रहा है कि धीमी गति से गिरने पर भी फ्रैक्चर की समस्या हो जाती है। कई युवाओं में घुटने और कूल्हा प्रत्यारोपण की नौबत भी आ रही है। वहीं, मोबाइल पर बात करते-करते बाइक, कार, बस, ट्रक या अन्य वाहन चलाने पर हादसे अधिक बढ़े है। प्रोफेसर मिश्रा ने सीजीपी में प्राथमिक अस्पतालों और उच्च केंद्रों पर घायल रोगी का प्रबंधन कैसे करें? इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मरीजों के प्रबंधन प्रोटोकॉल और कई विधाओं के डॉक्टरों को एक साथ रोगी के इलाज पर भी चर्चा की। वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ .निर्भय सक्सेना ने पैरामेडिक्स और सामान्य डॉक्टरों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चोट लगने के छह घंटे से कम समय या विशेष रूप से घावों के साथ फ्रैक्चर पर काम करने पर बेहतर परिणाम मिलते हैं।

### 50 फीसदी बढ़ी आंखों की समस्या

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में नेत्र रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो . शालिनी मोहन ने बताया कि करीब पांच साल पहले आंखों की रोशनी की समस्या से पीड़ित बच्चों व युवाओं की संख्या काफी कम थी, लेकिन इंटरनेशनल पब्लिस एक रिपोर्ट के मुताबिक मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से 50 फीसदी लोगों में आंखों की समस्या बढ़ी है। डॉ .सोनिया दमेले ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के मुताबिक शहरी लोग आंखों की समस्या से अधिक प्रभावित हो रहे है। शहर में 40 फीसदी तो ग्रामीण क्षेत्र में 20 फीसदी लोगों में ही आंख की समस्या देखने को मिलती है। डॉ .मनीष सक्सेना ने बताया कि एंटी ऑक्सीटेंड की कमी के कारण उम्र से पहले ही लोगों में मोतियाबिंद की समस्या भी देखी जा रही है। डॉ .दिलप्रीत सिंह ने बताया कि अगर सर्दी, खांसी या जुकाम है तो हाथों को बार-बार आंखों के पास नहीं लगाना चाहिए, इससे संक्रमण आंखों में फैलता है, जो ब्रेन में भी जा सकता है। डॉ .मनीष ने बताया कि आंख में कोई वस्तु, धातु या नाखून लगने पर तत्काल डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए, नहीं तो इंफेक्शन के चांस रहते है।

### लोगों में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति

- लखनऊ केजीएमयू में मनोचिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ .विवेक अग्रवाल ने बताया कि अवसाद ग्रस्त रहने की वजह से लोगों में आत्मविश्वास की कमी हो जाती है, जिसके बाद व्यक्ति और परेशान रहने लगता, तब उसके दिमाग में आत्महत्या जैसे ख्याल मन में आने लगते है। ऐसे लोगों को सबसे ज्यादा उस वक्त अपनेपन और प्यार की जरूरत होती है। ऐसे में कुछ खास लक्षण तो नजर नहीं आते है, लेकिन वह घर वालों से कटने लगता है, हर बात पर गुस्सा होता, स्कूल या कॉलेज नहीं जाता या नशे का लती हो जाती है। वही, कुछ मामलो में लोग खमोश भी रहने लगते है। वहीं, अब पांच साल से कम उम्र के बच्चे छह से सात घंटे समय बीता रहे है, जिस कारण बच्चे ऑटिज्म का शिकार हो रहे है। पहले 10 हजार में से एक बच्चा ऑटिज्म ग्रस्त मिलता था, लेकिन अब सौ में से एक या दो बच्चे ग्रस्त मिल रहे हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो . धनंजय सिंह ने बताया कि मोबाइल से निकलने वाली ब्लू लाइन दिमाग के मिलाइटोलिन को कम करती है, जिससे रात को नींद प्रभावित होती है।

# बच्चों को संस्कृति से जोड़ेंगी महिला उद्यमी


पाठशाला के बारे में जानकारी देतीं महिला उद्यमी। अमृत विचार

कार्यालय संवददाता, कानपुर

- उन्नति संस्था से जुड़कर व्यक्तित्व विकास भी करेंगी, इसमें बुजुर्ग भी होंगे शामिल

**अमृत विचार।** स्कूली बच्चों को देश की पुरानी संस्कृति और परिवार का महत्व बताने का जिम्मा महिला उद्यमियों ने संभाला है। इसके लिए स्वरूप नगर में रविवार को 'उन्नति-एक चतुर्मुख विकास' की ओर से बच्चों की अनोखी पाठशाला की शुरुआत होगी। संस्था की ओर से इस अनोखी पाठशाला में बच्चों के भीतर प्रतिभा, प्रगति और परंपरा का विकास किया जाएगा। खास बात यह है कि इस दौरान बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग भी की जाएगी।

यह जानकारी शनिवार को महिला उद्यमि प्रिया रहेजा और मर्चेंट चेंबर ऑफ यूपी के सचिव महेंद्र नाथ मोदी दी। उन्होंने बताया कि उन्नति संस्था की ओर शुरू की जा रही इस पहल की शुरुआत उत्साह के साथ स्वरूप नगर में की जाएगी। वार्ता के दौरान पलक कोटवानी और कनिष्का वर्मा भी मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि संस्था की पहल में बुजुर्गों का भी खास ख्याल रखा गया है।

## अभिलेखागार से पत्रावली गायब पेशकार पर रिपोर्ट

**कानपुर।** तहसील में जांच के बाद पुरानी पत्रावलियां अभिलेखागार से गायब होने पर और नोटिस का जवाब न देने पर राजस्व निरीक्षक तहसील ने पेशकार पर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

नायब तहसीलदार न्यायालय में रजिस्ट्रार कानूनगो रजनीकंत शुक्ला ने तहरीर में बताया कि पुरानी पत्रावलियों की जांच के दौरान वाद संख्या 42-789-09-10 पत्रावली न तो अभिलेखागार में दाखिल पाई गई और नहीं किसी को चार्ज में प्राप्त कराई गई। तत्कालीन पेशकार राजकुमार दुबे को इस संबंध में निर्देशित किया गया था। रजनीकांत के मुताबिक तत्कालीन पेशकार को पूर्व में निर्देशित किया गया था लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और प्रकरण में न ही कोई रुचि ली। इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर राजकुमार दुबे आरके पेशकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# हार्ट अटैक के पहले से मिलने लगते हैं संकेत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दिल का दौरा (हार्ट अटैक) पड़ने से पहले ही शरीर संकेत देने लगता है, जिसके लक्षण मरीजों में अलग-अलग हो सकते हैं। बस उसको भांपने की जरूरत होती है। खास बात यह है कि हार्टअटैक में 70 प्रतिशत वजह खराब जीवनशैली होती है। वर्तमान में 100 में से 20 लोग ही 40 वर्ष की उम्र से अधिक देखे जा रहे हैं।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में आईएमए सीजीपी में लखनऊ एसजीपीआई के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ.सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि सीने में दर्द, गर्दन में दर्द, जबड़े में दर्द, हाथ व पीठ में दर्द और एसी में बैठने पर भी पसीना आना एक गंभीर समस्या हो सकती है, जिसे नजरंदाज नहीं करना चाहिए। यह हार्ट अटैक आने का संकेत हो सकता है। हार्ट अटैक आने के चार से तीन दिन पहले से यह समस्या संबंधित व्यक्ति में देखी गई है। थकान इतनी होती है कि व्यक्ति को ठीक से चला तक भी नहीं जाता है।


डॉ .सत्येंद्र तिवारी।


डॉ .अवधेश शर्मा।

### गलत खान-पान से बढ़ी समस्या

- एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान के प्रोफेसर व प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ . अवधेश शर्मा ने बताया कि आधुनिक समय में गलत खानपान, तनाव, धूम्रपान की लत, गुटखा खाना, स्मोकिंग, शुगर व बीपी के कारण युवाओं में हार्ट अटैक की समस्या बढ़ी है। दिल से संबंधित समस्याओं को स्वस्थ खानपान और अच्छी जीवनशैली अपना कर काफी हद तक कम किया जा सकता है। वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.आरपीएस भारद्वाज, डॉ .मोहम्मद अहमद, डॉ .एके त्रिवेदी व डॉ .उमेश्वर पांडेय ने भी दिल की बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी।



70% हार्टअटैक में वजह खराब जीवनशैली होती है

- विशेषज्ञ बोले, हार्टअटैक में वैक्सीन का किसी भी प्रकार का रोल नहीं
- बच्चों में जन्मजात और 70 फीसदी वयस्कों में खराब जीवनशैली जिम्मेदार

वहीं, युवाओं और महिलाओं में सांस फूलती है, चक्कर आता है, पसीना आता है और चेहरे पर सूजन भी आती है। यह सब लक्षण नजर आने पर व्यक्ति को सावधान रहने की विशेष जरूरत है। हार्ट अटैक आने में 70 प्रतिशत जिम्मेदार हमारी जीवनशैली होती है। वही, इन दिनों फॉस्ट फूड व जंक फूड का चलन भी काफी तेजी से बढ़ा है, जिसमे ट्रासफैटी एसिड काफी अधिक होता है, जिससे लोगों को परहेज करना चाहिए। वहीं, बच्चों में हार्ट अटैक का कारण अनुवाशिंक होता है। बच्चों में दिल में छेद या नसों में दिक्कत होने की वजह से समस्या होती है। वैक्सीन हार्ट अटैक का कारण नहीं है।


एलिम्को पहुंचकर बच्चों ने व्यवस्थाएं देखीं। अमृत विचार

## छात्रों ने देखे रोबोटिक उपकरण

कार्यालय संवददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एलेन हाउस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर के छात्रों ने इंडस्ट्रियल विजिट के तौर पर भारत सरकार की मिनीरत्न पब्लिक सेक्टर कंपनी 'एलिम्को' का दौरा किया। युवाओं के दौरे पर संस्थान के डीन रिसर्च डॉ. वरुण शुक्ला ने बताया कि छात्रों ने रोबोटिक उपकरणों, स्टोरेज एवं एसेम्बली सिस्टम के साथ-साथ अन्य तकनीकी बारीकियों को सीखा। इनमें कन्ट्रोल सिस्टम, सीएनसी, सिमुलेशन सेंटर को भी समझा। औद्योगिक इकाई के दौरे में युवाओं ने बड़ी इकाइयों के प्रबंधन को भी समझा। निरीक्षण के दौरान खास बात यह रही कि छात्रों को बारीकी से सभी विभागों के कार्यों के बारे में बताया गया। संस्थान के निदेशक डॉ मनोज कुमार मिश्रा, डॉ. रूबी चावला ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मेडिकल कॉलेज में स्ट्रेचर की व्यवस्था

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की टीबी लैब का निरीक्षण करने 14 मई को प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा पहुंचे थे। तब एक बेटा अपने पिता को गोद में लेकर जांच कराने मेडिकल कॉलेज पहुंचा था। यह देख प्रमुख सचिव हैरान रह गए थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। वही, राजनैतिक पार्टी ने एक्स पर स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे। कॉलेज प्रशासन ने भी इस संबंध में वीडियो जारी कर वायरल वीडियो के संबंध में अपना पक्ष रखा था। शनिवार को मेडिकल कॉलेज की लैब में प्रशासन द्वारा एक स्ट्रेचर की व्यवस्था की है। ताकि चलने-फिरने में असमर्थ जांच कराने आने वाले मरीजों को दिक्कत न हो सके।

# 46 डिग्री तापमान में बत्ती गुल, शहर के 49 मोहल्लों में मची रही हायतौबा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 20 मोहल्लों में सात घंटे और कई जगह चार घंटे आपूर्ति ठप

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली की वजह से परेशानी का सामना न करना पड़े, इसलिए सर्दी के मौसम में कई इंतजाम, बैठकें और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, लेकिन गर्मी का प्रकोप बढ़ने पर केस्को के जतन फेल होते दिख रहे हैं। शनिवार को तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। ऐसे में 49 से अधिक मोहल्लों की बत्तीगुल रहने से लोगों में हायतौबा मची रही।

शहर के बर्रा गांव, बर्रा दो, नौरैया खेड़ा, किदवई नगर बाबा बाजार, हंसपुरम चंदन विहार, पोखरपुर, डिफेंस कॉलोनी, छबिलेपुरवा, टेलीफोन एक्सचेंज, मंगला विहार, सुंदर नगर, पनकी मंदिर, महाबलीपुरम, केशवपुरम, गंगाबैराज, पराग डेयरी यू ब्लॉक, केडीए कॉलोनी और श्याम नगर ई ब्लॉक में बिजली सुबह की गई शाम को आई, जिस कारण इन क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा और केस्को के सिस्टम को लोग कोसते रहे। कई उपभोक्ताओं ने केस्को के हेल्पलाइन नंबर और सोशल मीडिया में मैसेज किया, लेकिन उपभोक्ताओं को अधिकारियों द्वारा संतुष्ट भरे जवाब नहीं मिल सके। ऐसे में लोगों को फिर और अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई क्षेत्रों में पेयजल की भी समस्या हुई। झकरकटी ब्रिज फीडर की बिजली आज्ञात ट्रक की टक्कर से तीन एलटी एबीसी लाइनें क्षतिग्रस्त होने के कारण दोपहर एक बजे से पांच बजे तक गुल रही। मिलिट्री कैंप, हॉशमैन बाग, टीपी नगर, बस स्टॉप, मदारपुर, जगईपुरवा, डिफेंस कॉलोनी, बनियापुरवा, रतनपुर, शताब्दी नगर गंगागंज व शास्त्री नगर दस दुकान के पोषक से जुड़े करीब 30 मोहल्लों की बिजली चार से पांच घंटे तक गुल रही। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि जरूरी कार्यों के कारण शटडाउन लिया गया था।

## सार-संक्षेप


अंडर-11 आयु वर्ग में रुशांक ने जीता था मेडल। अमृत विचार

### स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में रुशांक चयनित

**कानपुर।** जीडी गोयनक स्कूल के कक्षा पांच के छात्र रुशांक मेहरोत्रा का चयन राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में हुआ है। बीते दिनों डीपीएस कल्याणपुर में हुई रीजनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के आधार पर रुशांक का चयन हुआ है। प्रतियोगिता में अंडर-11 आयु वर्ग में रुशांक ने एकल में तीसरा व युगल में पहला स्थान हासिल किया था। रुशांक को बैडमिंटन के प्रति लगाव उनके पिता व्यवसायी अनुज मेहरोत्रा की प्रेरणा से मिली। प्रशिक्षण में मां शिल्पा भी काफी सहयोग किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर जीडी गोयनका स्कूल के चेयरमैन डॉ. चंदन अग्रवाल व ज्योति अग्रवाल ने रुशांक को बधाई दी हैं।


अभिषेक यादव को बैंक ऑफ इंडिया में सम्मानिक किया गया। अमृत विचार

### रजत पदक विजेता अभिषेक को मिला आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

**कानपुर।** टेबल टेनिस स्पर्धा के युगल में रजत पदक विजेता शहर के अभिषेक यादव को उनकी तैनाती स्थल बैंक ऑफ इंडिया में शनिवार को सम्मानित किया गया। इंक्रीमेंट के साथ उन्हें आउट ऑफ टर्न प्रमोशन भी मिला है। बैंक से दी गई जानकारी के अनुसार 2021 में बैंक ऑफ इंडिया में अभिषेक यादव का चयन हुआ था। बीती 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में उन्होंने पदक जीता था। इस उपलक्ष्य में जोनल मैनेजर प्रशांत कुमार और एचआर अनुराग ने अभिषेक को नगद प्रोत्साहन, वेतन वृद्धि के साथ आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया है। अभिषेक ने इसके लिए हेड ऑफिस का आभार जताया है। उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष संजीव पाठक, संजय टंडन, गीता टंडन, आशीष कपूर, अरुण दुबे, सुनील सिंह, सत्यम झा, अविनाश यादव, अभिसारिका यादव ने अभिषेक को बधाई दी है।

## बर्रा के छात्र से 1.67 लाख ठगे

**कानपुर।** बर्रा निवासी छात्र से घर बैठे कमाई का झांसा देकर साइबर ठगों ने 1.67 लाख रुपये हड़प लिए। ठगी का अहसास हुआ तो पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत के बाद बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बर्रा दो निवासी छात्र तनिश मिश्रा ने बताया कि मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया, जिसमें टास्क पूरा करने पर एक दिन में 10 हजार रुपये कमाने का झांसा दिया। जिसके बाद कुछ टॉस्क पूरे किए फिर खाते में 150 रुपये आए। टास्क आगे बढ़ने पर अतिरिक्त रुपये मिलने की बात कह कई बार में 1,67,833 रुपये ट्रांसफर कर दिए। अतिरिक्त रुपये की मांग करने पर ठगी का अहसास हुआ। बर्रा थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

बैसाखी कार्यक्रम

टशन पंजाबियां दा कार्यक्रम में पंजाबी गीतों की धूम, भांगड़ा के साथ गिद्दा ने जमाया रंग, बच्चों ने भी बिखेरा जलवा

# गायिका सतविंदर बिट्टी के गीतों पर झूमते रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बारादेवी स्थित भगत नामदेव जी परिसर में शनिवार को टशन पंजाबियां दा 'बैसाखी कार्यक्रम' धूमधाम से मनाया गया। पंजाब की सुप्रसिद्ध गायिका सतविन्दर बिट्टी ने बैसाखी कार्यक्रम में शिरकत की तो मौजूद लोग खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम की शुरुआत सतविन्दर बिट्टी की धार्मिक कैसेट के गीत धन तेरी सिखी गीत से की गई।

गायिका सतविन्दर बिट्टी ने विश्व प्रसिद्ध गीत और लोक कथाओं पर आधारित सोनी महिवाल, जग्गा, कबूतर चीना आदि गीतों पर लोगों को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। गीतों के माध्यम से परिसर व आसपास का पूरा वातावरण पंजाबी संस्कृति से ओतप्रोत हो गया। वहीं, जानकीदास ग्रुप के कलाकारों के साथ गायिका बिट्टी ने नृत्य शैली में पंजाबी सभ्यता से परिपूर्ण भांगड़ा, गिद्दा व जागो की प्रस्तुति की।

बालसखा कल्चर सोसाइटी से बच्चों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। जसदीप और हरनूर कौर ने अपने हुनर से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


गीत पेश करतीं सतविंदर बिट्टी।


कार्यक्रम में शामिल हुए सिख समाज के लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम का संचालन डॉ.मनप्रीत सिंह भट्टी ने किया। वहीं, नीतू सिंह व आरएसइ ग्रुप के रजत सिंह तलवार ने अतिथियों और कलाकारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान सुखविन्दर सिंह लाडी, हरविन्दर सिंह लाड, कुलवन्त सिंह पप्पी, अमरजीत सिंह पम्मी, गरजिन्दर सिंह, रिम्पी बिन्द्रा, लवी गांधी, हर्षदीप सिंह, प्रिंस एक्सिज, परमजीत सिंह चंडोक, पम्मा, अशोक अरोड़ा परिवार, श्रीचन्द्र असरानी, राजेन्दर सिंह काके, गुरदीप सहगल आदि लोग रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# राशन कार्डधारकों पर घरेलू सामान खरीदने का दबाव डालते हैं कोटेदार

## राशन कोटेदार के घर से पुलिस ने 12 बोरी डुप्लीकेट वाशिंग पाउडर बरामद किया

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत अकबरपुर बीरबल के मजरा गोरैयनपुर में राशन कार्ड धारकों को बेचे जाने वाला डुप्लीकेट वाशिंग पाउडर कोटेदार के घर से पुलिस ने 12 बोरी वाशिंग पाउडर बरामद किया है। आरोप है कि पुलिस ने कोटेदार के साथ सांठगांठ करते हुए मामले को रफा-दफा कर दिया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार अवैध तरीके से अन्य घरेलू सामान भी खरीदने का दबाव बनाते है, न लेने पर राशन नहीं देते।

मामला घाटमपुर विकासखंड के बीरबल अकबरपुर के मजरा गौरैयनपुर गांव का है। यहां पर राशन दुकानदार चेतकली के नाम सरकारी राशन की दुकान है। जिसको चेतकली के सहायक जसराम चलाता है। उक्त राशन दुकान में प्राइवेट तरीके से डिटर्जेंट पाउडर, चाय पत्ती, हल्दी पाउडर, धनियां पाउडर का मिनी पैकेट देकर राशन कार्ड धारकों से अवैध तरीके से रुपए वसूले जा रहे हैं। गौरैयांनपुर गांव निवासी मनोज कुमार व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नकली वाशिंग पाउडर देने की शिकायत डायल 112 हेल्प लाइन में की थी।शिकायत पर पहुंची डायल 112, पुलिस थाना सजेती ने 11 बोरी वाशिंग पाउडर बरामद कर अपनी सरकारी जीप पर रखवा कर चले गए। मनोज ने आरोप लगाते हुए बताया कि बाद में राशन विक्रेता से मिल कर पुलिस ने मामले को रफा-दफा कर दिया। माल बरामदगी का वीडियो भी ग्रामीणों के पास उपलब्ध है। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार अखबार नहीं करता है।

शिकायतकर्ता ने बताया बताया कि इस तरह गौरैयनपुर में ही नहीं बल्कि विकास खंड में अन्य जगह भी राशन कार्ड धारकों पर जबरन दबाव बनाकर चालिस-पचास रुपए के सामान के बदले सीधे सौ रुपए लिए जाते हैं। ऐसा न करने पर उन्हें मिलने वाला राशन देने से मना कर देते हैं। इस बाबत थानाध्यक्ष ब्रजमोहन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

- डायल-112 पुलिस ने कोटेदार के यहां से बरामद किया डुप्लीकेट वाशिंग पाउडर



### रैनीपतारा ब्लाक में भी चल रहा गोरखधंधा

- घाटमपुर तहसील क्षेत्र के पतारा विकासखंड में भी राशन कोटेदारों के द्वारा राशन कार्ड धारकों को जबरन निरमा, चाय पत्ती,हल्दी, धनिया, पाउडर के नाम पर वसूली की जा रही है।यहां पर 5 रुपये की हल्दी, धनिया, मिर्चा की पैकेट व 20 वाला निरमा 50 रुपये का राशन कार्ड धारकों को थोपा जा रहा है।

# ढाबे पर मारपीट में 17 लोगों पर एफआईआर

**बिल्हौर।** गुरुवार की देर रात बिल्हौर कस्बा के एक ढाबे पर हुई मारपीट की घटना के बाद कस्बे में शांति छाई है लगातार पुलिस की चहल-कदमी के चलते दोनों पक्ष के बचाव के लिए प्रयासरत हैं। शनिवार को एसीपी बिल्हौर समेत थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने मारपीट के मुकदमे में तमाम गवाहों के बयान दर्ज किया तथा मारपीट से जुड़े तमाम साक्ष्य जुटाए। साथ ही ढाबे के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है।

दोनों ओर से कुल 17 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने सभी लोगों को पांच लाख के मुचालके पर धारा 107/16 के तहत पाबंद कर दिया है। एसीपी बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि मारपीट की घटना में दोनों ओर से एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं इस मामले में क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर का कहना है कि मारपीट करने वाले दोनों पक्षों से उनका कोई वास्ता नहीं है। बता दें कि शुक्रवार को मारपीट का यह मामला पार्टी समर्थकों के बीच होना बताया जा रहा था।

# चंवर गांव में पीने के पानी का संकट गहराया, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** पतारा ब्लॉक के चंवर गांव में हैंडपंप खराब होने के कारण कई परिवार को पानी के लिए तरस रहे हैं। वहीं आसपास के हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। जिससे करीब कई परिवारों के सामने पेयजल का संकट हो गया हैं। जिससे परेशान होकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से भी कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन ग्राम प्रधान ने हैंडपंप की तरफ ध्यान नहीं दिया।

चंवर गांव निवासी चंद्रभूषण,नन्हे, उमेश, पुत्तीलाल, नीरज, ओम कैलाश ,मोतीलाल, आदि ग्रामीण करीब दो दर्जन से अधिक परिवार के लोगों ने बताया कि कई महीने से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने कई बार 1076 पर शिकायत भी की उसके बावजूद इसका कोई समाधान नहीं हुआ। जबकि इन दिनों भीषण गर्मी हो रही है और ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा जगह-जगह पानी के घड़े रखें जा रहे हैं। साथ ही शुद्ध पेयजल व्यवस्था भी कराई जा रही है, लेकिन चंवर गांव में बूंद-बूंद पानी के लिए ग्रामीण व उनके मवेशी तरस रहे हैं। ग्राम चंवर स्थित पानी टंकी का पानी अभी तक नहीं चालू किया गया। ग्रामीणों ने पेयजल संकट की समस्या दूर करने के लिए खंड विकास अधिकारी पतारा को प्रार्थना पत्र दिया है।


नल लग गए लेकिन अभी तक पानी नहीं आया। अमृत विचार

- गांव में लगे इंडिया मार्का हैंडपंपों ने छोड़ा पानी


हैंडपंप पूरी तरह से खराब पड़े हैं।

# किसान को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** उइछा गांव में रात को खेतों की रखवाली कर रहे किसान को मिट्टी लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचल दिया। जिससे किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुड़ेरा किन्नर सिंह के मजरा उइछा गांव निवासी रामवीर शर्मा (45) खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। शुक्रवार रात वह खाना खाकर खेतों में खड़ी मूंग फसल की रखवाली करने के लिए गए हुए थे। वह खेत किनारे चकरोड पर चारपाई डाले हुए थे। तभी अर्द्धरात्रि को झींझक की तरफ से मिट्टी खनन कर आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रामवीर को कुचल दिया। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी पर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। शव देखकर पत्नी रानी देवी, पुत्र अवनीश, पुत्री पूनम, आदित्य, आरती, निखिल आदि का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई रामकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर सबलपुर गांव निवासी सुमित पर ट्रैक्टर से कुचल देने का आरोप लगाया है। जिसपर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर छानबीन शुरू की है।


रामवीर शर्मा।


किसान की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- मौत की खबर आते ही परिवार में कोहराम, उइछा गांव में देर रात हुआ हादसा

# काकादेव में युवक के अपहरण का प्रयास

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में एक युवक को मारपीट कर कार से अपहरण करने का प्रयास किया गया। किसी तरह वह आरोपियों के पास से भागा और थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने कार सवार छह से सात अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गीता नगर निवासी नितिन त्रिपाठी ने अज्ञात कार सवार सात लोगों के खिलाफ मारपीट, बलवा, लूट, गालीगलौज व अपहरण के प्रयास संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार 14 मई की रात घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान कार सवार 6-7 लोग आए और गाली-गलौज की। विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की और कार से खींचकर अपहरण का प्रयास किया। शोर मचाया तो पड़ोस में रहने वाले अभिषेक व अनुग्रह वहां पहुंच गए। आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया। इस दौरान आरोपी नितिन की चेन और अभिषेक की आधी चेन तोड़कर फरार हो गए।

# 'मेधावी छात्र ही शिक्षक के जीवन की पूंजी'

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** कस्बे के डीपीएसएल इंटर कॉलेज में शनिवार को इंटरमीडिएट व हाई स्कूल की परीक्षा परिणाम में सफल छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर मौजूद शिक्षकों ने बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु तमाम विषय सामग्री पर संबोधित किया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार पांडे के नेतृत्व में गोष्ठी में मेधावी बच्चों के साथ कई अभिभावक भी मौजूद रहे। जिसमें प्रमुख रूप से बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

गोष्ठी में पूर्व प्रधानाचार्य शंभू शरण शुक्ला प्रबंधक ललित कुमार शुक्ला व पूर्व शिक्षक शिव शंकर यादव ने बच्चों को सम्मानित करते हुए शील्ड प्रदान की। इसके साथ ही तमाम शिक्षाविदों ने बच्चों से कहा अच्छा अध्ययन कर अपने जीवन को सरल बनाने के लिए शिक्षा से अच्छा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा मेधावी छात्र-छात्राएं ही शिक्षक के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती है। इंटरमीडिएट की सपना देवी प्रियांशी एवं नाजिया बानो को सम्मानित किया गया। जबकि कक्षा 10 में हर्षित कुमार, पुष्पेंद्र कुमार एवं उपासना को विद्यालय परिवार में उपस्थित एवं शिक्षकों ने सम्मानित किया। इस मौके पर दिनेश कुमार द्विवेदी,डॉक्टर एस के पाल ,वाचस्पति शास्त्री,बृजेश कुमार, हेमंत यादव, भानु प्रताप समेत विद्यालय के शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे


सम्मानित किए गए छात्र-छात्राओं को दी गई शील्ड। अमृत विचार

- ककवन के विद्यालय में हुआ मेधावी बच्चों का सम्मान

# बाइक सवार अनियंत्रित होकर खाई में घुसा, मौत

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के सजेती थाना क्षेत्र के बरीपाल रोड में एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर खाई में जा घुसा। जिससे उसके गंभीर चोटें आई हैं। डायल 112 पुलिस उसे घाटमपुर सीएचसी ले गई। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सजेती थाना क्षेत्र के सूरजपुर निवासी सचिन (28) देर शाम वह बरीपाल रोड से घर जा रहा था। तभी अचानक वह अनियंत्रित होकर बाइक सहित खाई में जा घुसा। जिससे उसके गंभीर चोटे आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सचिन को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक के पिता के कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। जिनकी सुबह ही मृत्यु हो गई थी। शाम को पुत्र की भी मौत हो गई। एक दिन में दो मौतों से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। गांव वाले भी इससे दुखी नजर आए।

- कैंसर से पीड़ित पिता की सुबह ही हुई थी मृत्यु


सचिन। अमृत विचार

# दो पक्षों में हुई मारपीट में युवक का सिर फटा

**शिवराजपुर।** क्षेत्र में कस्बा स्थित पोस्ट ऑफिस गली में दो पक्षों में शुक्रवार देररात जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक युवक का सिर फट गया । कस्बा निवासी निगम पुत्र दिवारीलाल ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि शुक्रवार रात वह जीटी रोड से घर जा रहा था। तभी काकूपुर हलबल गांव निवासी सौरभ द्विवेदी, उसके भाई व विपिन ने गाली गलौज करते मारपीट शुरू कर दिया।

आरोप है कि मारपीट करते हुए आरोपियों ने निगम के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया । जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी व लहूलुहान हो गया। वहीं दूसरे पक्ष ने भी निगम पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। एसओ सुबोध कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांग के घर में लगी आग से गृहस्थी राख

संवाददाता,बिल्हौर

**अमृत विचार।** कोतवाली के उत्तरीपूरा में एक दिव्यांग व्यवसायी के घर शनिवार सुबह शार्टसर्किट से अचानक आग लग गई। आग में घरेलू व व्यावसायिक सभी सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया गया।

बिल्हौर थाना क्षेत्र के पूरा गांव निवासी नफीस दिव्यांग है। नफीस जीवन यापन के लिए आर्टिफिशियल ज्वैलरी और अगरबत्ती बनाकर बेंचने का काम करता है।

नफीस के अनुसार शनिवार सुबह उसके घर में बिजली के तारों में अचानक स्पार्किंग होने लगी और स्पार्किंग से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। जब तक घर के लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की उंची-उंची लपटें उठते देख कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बिजली के कनेक्शन का तार काटने के बाद आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। ग्रामीणों की मदद से जब तक आग पर काबू पाया गया। तब तक दिव्यांग के घर में रखा घरेलू सामान, इलेक्ट्रिक उपकरण, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और अगरबत्ती का मैटेरियल तथा बीस हजार रुपए की नकदी समेत लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू की।

- ग्रामीणों की मदद से जब तक आग पर काबू पाया गया
- पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू की

# ट्रेन की चपेट में आने से कटे हाथ-पैर

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** पतारा में युवक ने ट्रेन से कटकर जान देने की कोशिश की है। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का बायां हाथ और पैर कट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को घायल अवस्था में पतारा सीएचसी पहुंचाया है। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर के हैलट रेफर कर दिया है। आरपीएफ ने युवक की पहचान कराने में जुटे हैं। गम्भीर होने के कारण युवक कुछ बताने कि स्थिति में नहीं है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के भाठ गांव के पास कानपुर बांदा रेलवे लाइन पर स्थित पोल संख्या 1401/06 और 1401/07 के बीच में शनिवार सुबह एक युवक ने ट्रेन से कटकर जान देने की कोशिश की। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से युवक का हाथ और पैर कट गया। घटना की सूचना ट्रेन चालक ने स्टेशन मास्टर को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को पतारा सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने गंभीर हालत देख युवक को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। युवक बेहोश होने के चलते कुछ पता नहीं चल रहा है। युवक की जेब से कोई भी आईडी नही मिली है जिससे उसकी पहचान हो सके। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि युवक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

- सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रेफर

# पेट्रोल पंप कर्मचारियों के साथ मारपीट

**कानपुर।** साकेत नगर स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने आए कथित बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने रुपये के लेनदेन को लेकर कर्मचारी से अभद्रता कर दी। कुछ देर में एक दर्जन लोगों ने पेट्रोल पंप कैशियर व कर्मचारियों से मारपीट की। जिसके बाद कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया।

साकेत नगर में शुभम जेटली का पेट्रोल पंप है। शुभम ने बताया कि 13 मई की शाम दो बाइकों पर चार लोग आए और 30 रुपये का पेट्रोल डलवाया, इसके बाद ऑनलाइन रुपये देने को लेकर कर्मचारी से बहस हो गई। इसके बाद युवक वहां से चले गए, आधे घंटे बाद करीब दर्जन भर युवक आए और खुद को बजरंग दल कार्यकर्ता बताते हुए कर्मचारियों व कैशियर से जमकर मारपीट कर दी। इस दौरान एक कर्मचारी दूसरी बाइक में पेट्रोल भर रहा था, सभी उसको भी मारने लगे। जिसके चलते उसके हाथ से नोजल छूट गया और पेट्रोल युवकों पर पड़ गया। इस बाबत किदवईनगर इंस्पेक्टर बहादुर सिंह ने बताया कि पेट्रोल पंप कर्मचारी की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। युवकों की तलाश हो रही है।

गर्मी का कहर

प्रमुख मार्गों व बाजारों में दोपहर के समय पूरी तरह सन्नाटा पसरा नजर आया

# सुबह से ही सूरज की तल्खी ने लोगों को घरों में किया कैद

संवाददाता, चोबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में गर्मी का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। लगातार बढ़ रहे तापमान से लोग बेहाल हो रहे हैं। शनिवार को सुबह से निकली चटक धूप के कारण दिनभर लोग गर्मी से बिलबिलाते रहे। भीषण तपिश के चलते जीटी रोड समेत प्रमुख मार्गों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आया।

शनिवार को सुबह से ही सूरज की तल्ख किरणों ने लोगों को घरों में कैद रहने को विवश कर दिया। आग उगलते सूरज के कारण दोपहर 12 बजते-बजते जीटी रोड, बंदी माता मार्ग, बेला रोड व अन्य संपर्क मार्गों पर सन्नाटा पसर गया। जरूरी काम होने पर लोग मजबूरी में घर से निकले। जो लोग सड़क पर दिखे वे धूप से बचने के लिए छाता, अंगौछा व टोपी आदि लगाए नजर आए। वहीं तन झुलसाने वाली धूप से बचाव के लिए ठेलिया दुकानदार पेड़ की छांव तलाशते दिखे। गर्मी का असर बाजार में भी साफ-साफ दिख रहा है। ग्राहकों का टोटा होने से दुकानदार भी सुबह से शाम तक सन्नाटे में बैठे रहे।

दूसरी और तापमान बढ़ने से शीतल पेय पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ गई है। विक्रेता ज्ञानू गुप्ता, रामजी चौरसिया, अमित, लालू गुप्ता, नरेंद्र व शीबू गुप्ता आदि ने बताया कि गर्मी बढ़ने से शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में तेजी आ गई है। इसी तरह गर्मी के दौरान बिजली समस्या के चलते बाजार में हाथ के पंखे की मांग भी बढ़ गई है। आमतौर पर 10 से 15 रुपए की दर से बिकने वाला पंखा मौजूदा समय में 25 से 30 रुपए तक बिक रहा है।


चटक धूप के चलते शनिवार दोपहर जीटी रोड पर पसरा सन्नाटा अमृत विचार

- लोग धूप से बचने के लिए अंगौछा व टोपी लगाए दिखे
- शीतल पेय पदार्थों की मांग तेजी से इजाफा हुआ



'इस समय निकल रही तेज धूप स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।इस मौसम मे हीट स्ट्रोक की समस्या तेजी से बढ़ती है।कोशिश करें कि धूप में बाहर न निकलें। मजबूरीवश घरों से बाहर निकल रहे लोगों को छाता , अंगौछा के इस्तेमाल के साथ सिर को ढक कर रखने की बेहद आवश्यकता है।पानी का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा करें।किसी भी समस्या पर तत्काल अस्पताल पहुंचे।'

डॉ यशोवर्धन सिंह, सीएचसी अधीक्षक, चौबेपुर

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### बदमाशों ने दंपती को पीटकर लूटे जेवरात

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के रायपुर गढ़ी निवासी फतेबहादुर ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को वह अपने साढ़ू की बेटी के यहा मुंडन संस्कार में पत्नी के साथ इसी थानाक्षेत्र के गांव तारगांव के मजरे हिंदूखेड़ा गया था। वहां से देररात वह निकला तो गांव के बाहर मौजूद कुछ लोगों ने उसे व उसकी पत्नी गुड्डी को डंडों से पीट दिया। आरोप है कि उन लोगों ने पत्नी की मांग बेदी, सोने की चेन व 10 हजार रुपए भी छीन लिये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं, दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि अभी ऐसी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मदार नगर निवासी दिनेश पुत्र बाबू ने अज्ञात कारण के चलते घर के कमरे की छत में लगे हुक के सहारे फांसी लगा ली। समय पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन उसे फंदे से नीचे उतारा और स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां मौजूद चिकित्सक ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत किया जागरूक

**पुरवा।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत हर घर जल, हर घर नल योजना अंतर्गत नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा शनिवार को ब्लाक मुख्यालय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जल गुणवत्ता व आईईसी गतिविधियों का जल जीवन मिशन के तत्वावधान में राज्य प्रशिक्षक राम प्रकाश ने जल की गुणवत्ता, दूषित जल से होने वाली बीमारियों व जल स्तर को बचाने के बारे में जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि छोटेलाल, सहायक विकास अधिकारी रविंद्र सिंह ने जल जीवन मिशन की टोलियों को हरी झंडी दिखाकर गांव के लिये रवाना किया। जो गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को जागरूक करेंगी। एडीओ पंचायत राकेश सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा जल जीवन मिशन तभी सफल हो सकेगा जब ग्राम पंचायत से लेकर ब्लाक स्तर तक सभी का सहयोग इन टीमो को मिलेगा और जल को बचाने के लिए यह जागरूकता अभियान मे सहभागिता निभाएंगे। इस दौरान सहायक जिला समन्यवक राम प्रकाश, कोऑर्डिनेटर शानेआलम, सुभाष चंद्र, प्रन्शु कश्यप, अंकित अवस्थी, साधु आदि मौजूद थे।

# दूधिए व होजरी व्यापारी का फंदे से लटका मिला शव

## बेटे ने भाभी पर पिता को प्रताड़ित करने का लगाया आरोप, दही थाना के आवास विकास कॉलोनी का मामला

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सैयद अब्बासपुर गांव में कूड़ा घर के टीन शेड से लटका मिला शव
- शव देखकर परिजनों के उड़ गए होस

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत आवास विकास कालोनी निवासी वृद्ध होजरी व्यापारी ने अपने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। छोटे बेटे ने अपनी भाभी के उत्पीड़न से तंग आकर पिता द्वारा आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, सदर कोतवाली के सैय्यद अब्बासपुर गांव निवासी युवक का शव गांव के कूड़ा घर में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। वहीं घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।


दीपू के बिलखते परिजन। अमृत विचार

**केस 01** सदर कोतवाली अंतर्गत सैय्यद अब्बासपुर गांव निवासी दीपू यादव (24) पुत्र राजेश दूध बेचता था। बीती शुक्रवार शाम काम निपटाकर वह घर लौटा और खाना खाने के बाद टहलने की बात कह बाहर चला गया। देररात तक उसके वापस न लौटने पर बड़े भाई ने उसे फोन किया लेकिन, काल रिसीव नहीं हुई। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव गांव के बाहर बने कूड़ा घर में लगे टीन शेड के एंगल में फंदे से लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर परिजन पहुंचे और उसका शव देख उनमें कोहराम मच गया। पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों में चर्चा रही कि दीपू का किशोरी खेड़ा मोहल्ले में किसी से विवाद हुआ था। लेकिन परिजनों ने इस संबंध में कोई शिकायत नहीं की।

चर्चा प्रेम-प्रसंग को लेकर फांसी लगाने की भी रही। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। भाई जितेंद्र, मोहन व दीपक सहित मां रामरानी रो-रोकर बेहाल रही। एसएचओ पीके मिश्रा ने बताया कि युवक के फांसी लगाने की सूचना पर जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कर्रवाई की जाएगी।

**केस 02**

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी अश्वनी तिवारी (54) पुत्र नंदकिशोर होजरी का काम करते थे। शुक्रवार देररात उन्होंने अपने कमरे में पंखे के कुंडे में दुपट्टे से फंदा लगाकर फांसी लगा ली। छोटे बेटे को शंका हुई तो वह पिता के कमरे में पहुंचा। दरवाजा अंदर से बंद होने पर पीआरवी को सूचना दी। दरवाजा तोड़ कर दाखिल हुई पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर उनके जीवित होने की आशंका पर जिला अस्पताल भिजवाया। जहां मौजूद ईएमओ ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राइमरी विद्यालय में शिक्षक छोटे बेटे आशीष ने बताया कि उनके बड़े भाई मनीष की पहली पत्नी की मौत करंट की चपेट आने से हुई थी। इससे बाद सन-2020 में सदर कोतवाली क्षेत्र के हिंदू खेड़ा निवासी एक युवती से उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से भाभी की घर वालों से नहीं पटी। इसके बाद वह मायके चली गई। पहले दहेज उत्पीड़न व बाद में पिता पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इससे पिता परेशान रहते थे। उन्हें अज्ञात नंबर से जान से मारने की धमकी भी मिली थी। उनकी मौत से परिजन रो-रोकर बेहाल रहे। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


अश्वनी।

# आबकारी सिपाही ने निगला जहरीला पदार्थ, हुई मौत

**परिजन हुए बेहाल**

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


अशोक।

- छुट्टी लेकर अपने पैतृक गांव गया था सिपाही
- लखनऊ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार।** पुरवा सर्किल में तैनात आबकारी सिपाही की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह छुट्टी लेकर अपने गांव गया था। वहीं उसके द्वारा किसी बात से आहत होकर जहरीला पदार्थ निगलने की चर्चा है। शनिवार को उसकी मौत के बाद लखनऊ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिला आबकारी अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बोलने से बचते रहे। बता दें कि रायबरेली जिले के थाना सरेनी क्षेत्र देवपुर गांव निवासी अशोक आबकारी विभाग में सिपाही के पद पर तैनात था। उसकी जुलाई-2023 से पुरवा सर्किल-4 में तैनाती थी। वह छुट्टी पर अपने गांव गया था। बताते हैं कि वहीं पारिवारिक विवाद के बाद उसने दो दिन पूर्व जहरीला पदार्थ निगल लिया था। हालत बिगड़ने पर जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने उसे लखनऊ में उसे भर्ती कराया था। शनिवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर लखनऊ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिला आबकारी अधिकारी उसकी मौत के बारे में कुछ भी बताने से कतराते रहे।

# बीएसए ने अनुपस्थित रहे कार्मिकों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- निरीक्षण में दो प्रधान शिक्षक चार सहायक, तीन शिक्षामित्र व एक अनुदेशक मिले गैरहाजिर

**अमृत विचार।** बीएसए संगीता सिंह ने निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में अनुपस्थित मिले शिक्षण स्टाफ में शामिल 10 लोगों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया है। खास बात यह है कि एक ही विद्यालय के प्रधान शिक्षक व तीन सहायक शिक्षक सहित शिक्षामित्र उपस्थित नहीं मिले। बीएसए ने सभी से बीईओ के माध्यम से अनुपस्थित रहने संबंधी साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण मांगा है।

बता दें कि निरीक्षण के दौरान असोहा ब्लाक क्षेत्र के गोमापुर स्थित परिषदीय विद्यालय के प्रधान शिक्षक सौरभ मिश्र, सहायक शिक्षक स्वदेश सिंह, रेनू पांडेय, अनुराग सिंह व शिक्षामित्र प्रसून शुक्ल अनुपस्थित मिले। इसी तरह औरास ब्लाक के परिषदीय विद्यालय जमालनगर के हेड मास्टर अजय प्रताप सिंह, नवाबगंज ब्लाक के रसूलपुर विद्यालय की सहायक शिक्षिक ज्योति यादव, मियागंज के जोधाखेड़ा विद्यालय की शिक्षामित्र नीतू सिंह, हसनगंज ब्लाक के शेखपुर तरेहा विद्यालय की शिक्षामित्र रचना और बिछिया ब्लाक क्षेत्र स्थित परिषदीय विद्यालय दुआ की अनुदेशक सुंदारा निषाद भी निरीक्षण में अनुपस्थित मिले। निरीक्षण में अनुपस्थित मिलने वाले शिक्षकों, शिक्षामित्र व अनुदेशक का निरीक्षण तिथि का वेतन रोकने का आदेश दिया। विद्यालय में गैरहाजिर मिले शिक्षण स्टाफ से अनुपस्थित रहने का साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने सभी को भविष्य में विद्यालय संचालन के लिए निर्धारित अवधि तक स्कूलों में उपस्थित रहकर पदीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश भी दिए हैं।

# टॉवर लगाने का क्षेत्रीय लोगों ने किया विरोध

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राम नगर मोहल्ले में एक मकान में मोबाइल टॉवर लगाया जा रहा था, जिसका क्षेत्रीय लोगों ने विरोध किया और पुलिस से शिकायत की है।

वार्ड नंबर 21 पोनी रोड राम नगर निवासी पायल, चंद्रवती, सोनू, सतीश, राजेन्द्र, संतोषी, सुरेन्द्र, महेन्द्र समेत दो दर्जन से अधिक लोगों ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मोहल्ले में रहने वाले राजन मिश्रा के घर पर मोबाइल टॉवर लगवाया जा रहा है। टॉवर से निकलने वाली रेडिएशन से आस पास रहने वाले लोगों को नुकसान हो सकता है। टॉवर लगने का क्षेत्रीय लोगों ने विरोध करते हुये काम रूकवा दिया और पुलिस से शिकायत की है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


जांच करती पुलिस। अमृत विचार


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# अधेड़ का शव मिला, हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता पुरवा, उन्नाव

- शुक्रवार को मवेशी चराने जाने के बाद नहीं लौटा घर

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत तौरा गांव निवासी अधेड़ का शव गांव से 500 मीटर दूर संदिग्ध हालात में पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा करने लगे। परिजनों के मुताबिक अधेड़ शुक्रवार को मवेशी चराने जाने की बात कह कर घर से निकला था। सूचना पर पहुंचे एसएचओ ने जांच के बाद परिजनों को समझाकर शांत कराया और कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

तौरा गांव निवासी गुरू लोध (48) खेती करता था। शुक्रवार दोपहर वह घर से मवेशी चराने निकला था। लेकिन शाम तक वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन, कोई जानकारी नहीं हो सकी। शनिवार दोपहर गांव से करीब 500 मीटर दूर दही-मोहनलालगंज मार्ग स्थित पोलार्ड सिटी के पास मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने उसका शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा देखा। इसकी जानकारी पर वहां ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। किसी ने उसे पहचान कर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगा हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर एसएचओ फोर्स के साथ पहुंचे और लोगों को शांत करा शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरु की मौत से उसकी पत्नी अनीता, बेटी नेहा, पूजा, प्रियांशी प्रीती व बेटे सूरज का रो-रोकर बुरा हाल है। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर के बाद कार में लगी आग

संवाददाता गंजमुरादाबाद, उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर ट्रक की टक्कर के बाद कार में अचानक आग लग गई। कार चालक ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। धू-धूकर जलती कार को देख लखनऊ जाने वाले वाहनों के पहिए थम गए। सूचना पर दमकल कर्मी पहुंचे और आग पर काबू पाया।

शनिवार सुबह करीब 10 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ जा रही कार में बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में गांव रसूलपुर स्थित श्री विश्वंभर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय के सामने ओवरटेक के दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे कार में आग लग गई। तेज धुआं उठता देख चालक मो. रोमन पुत्र पीर मोहम्मद निवासी इंदिरा नगर लखनऊ ने कूदकर अपनी जान बचाई और मौके से भाग निकला। कुछ ही मिनट में कार में आग की लपटें उठने लगीं। इसे देख उसी लेन के अन्य वाहन चालकों में दहशत फैल गई। उन्होंने अपने वाहन किनारे रोक दिए। राहगीरों की सूचना पर यूपीडा रेस्क्यू टीम और बेहटा पुलिस पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, लपटें इतनी तेज थीं कि उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। बांगरमऊ अग्निशमन केंद्र से दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया। इसके बाद क्रेन से कार को हटाया गया।

इस दौरान एक्सप्रेस-वे पर यातायात बाधित रहा। जांच में पता चला कि कार चालक औरैया से लखनऊ जा रहा था। टक्कर मारने वाला ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया।


एक्सप्रेस-वे पर धू-धूकर जलती कार। अमृत विचार

- आग देखकर चालक ने कूद कर बचाई जान
- लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

# पति की मौत के बाद पत्नी व बेटों की हालत बिगड़ी

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

- आरोप है कि किसी रिश्तेदार ने उन्हें जहरीला पदार्थ पिलाकर घर से जेवर पार किए

**अमृत विचार।** होमगार्ड की अचानक मौत का सदमा अभी परिवार झेल ही रहा था कि किसी नजदीकी रिश्तेदार ने पत्नी व दो बेटों को कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और घर में रखे जेवर पर हाथ साफ़ कर दिया। इसमें मृतक की पत्नी व दोनों बेटों का जिला अस्पताल में गंभीर हालात में इलाज चल रहा है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी होमगार्ड सर्जन सिंह की बीमारी के चलते बीती 12 मई को मृत्यु हो गई थी। घर के मुखिया की अचानक मौत से पत्नी, दो बेटों व एक अविवाहित बेटी पर मानो पहाड़ टूट पड़ा। होमगार्ड की मौत की खबर मिलते ही बड़ी विवाहित पुत्री रागिनी व उसका पति भी आया था। पूरा परिवार कमाऊ मुखिया की मौत के ग़म में डूबा हुआ था। तभी बीती शुक्रवार रात मृतक की पत्नी मीरा व दोनों बेटे सिद्धार्थ व देवांश अचानक बेहोश हो गए। यह देख सर्जन का भाई रूप सिंह मां-बेटों को सीएचसी लाया। जहां डाक्टर ने उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में विधवा मां व दोनों बेटे जिंदगी-मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। इधर पता चला कि मां-बेटों के बेहोश होने के बाद किसी रिश्तेदार ने घर में रखा लाखों के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिये। सर्जन के भाई रूप सिंह का आरोप है कि बड़ी बेटी रागिनी के पति ने तीनों को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया और घर में रखे जेवर पर हाथ साफ़ कर दिया। पुलिस को अभी तक घटना से संबंधित तहरीर नहीं मिली है।

# मां ने बेटे को धोखे से पिलाया कीटनाशक, मौत

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के जोगीकोट गांव में चार दिन पूर्व एक डेढ़ साल के बच्चे को उसकी मां ने धोखे से कीटनाशक पिला दिया था। लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बता दें कि गांव जोगीकोट निवासी नूरआलम के डेढ़ वर्षीय बेटे तौहा का स्वास्थ्य खराब होने से इलाज चल रहा था।

बताया जाता है कि 14 मई की शाम नूरआलम की पत्नी ने धोखे में बच्चे को दवा के बदले घर में शीशी में रखा कीटनाशक पिला दिया था। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लाए थे। जहां से उसे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा गया था। लेकिन परिजनों ने उसे लखनऊ में भर्ती कराया था। शुक्रवार देररात बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

## सार-संक्षेप


बांटी गई पाठ्य-पुस्तकों के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थी। अमृत विचार

### नई किताबें पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**उन्नाव।** बिछिया ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर (पड़री) के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। नई किताबें पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने उत्साह के साथ विद्यालय में अध्ययन की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि सभी परिषदीय विद्यालयों में हर शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों को शासन द्वारा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। चालू शिक्षा सत्र शुरू होने के करीब डेढ़ माह बाद शनिवार को बीआरसी कार्यालय ने विद्यालय की मांग के अनुसार पुस्तकें पहुंचाईं। विद्यालय के प्रधान शिक्षक संजय कनौजिया ने पंजीकृत 36 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। अपनी-अपनी कक्षा की नई किताबें पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक दौड़ गई।


संघर्ष समिति की बैठक में शामिल शिक्षक नेता। अमृत विचार

### संघर्ष समिति की बैठक में एकजुटता पर दिया जोर

**उन्नाव।** सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक के बिझलामऊ स्थित प्राथमिक विद्यालय में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संघर्ष समिति की बैठक हुई। संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र में एकजुटता के जरिए ही किसी भी तरह की लड़ाई लड़कर जीती जा सकती है। इसलिए शिक्षकों को अहम के टकराव से बचते हुए संगठन को ताकतवर बनाए रखना चाहिए। ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने जिला पदाधिकारियों के सहयोग की सराहना की। कहा कि सभी शिक्षकों को परिवार के रूप में देखते हुए समस्याओं से निजात दिलाने में जिला पदाधिकारी हमेशा आगे बढ़कर सहयोग देते हैं। इस मौके पर संघर्ष समिति की जिलाध्यक्ष डा. रचना सिंह, प्रतिभा मिश्रा, ठाकुर दीन यादव व राजीव श्रीवास्तव आदि पदाधिकारी व शिक्षक नेता मौजूद रहे।

### खनन माफियाओं के हौसले बुलंद

**उन्नाव।** थानाक्षेत्र में इन दिनों खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। थाना पुलिस की अनदेखी से वे रातोंदिन जेसीबी से जमकर खुदाई करवा रहे हैं। बता दें कि थानाक्षेत्र के कुरसठ, सुभानी खेड़ा, कनिगांव, अनवर खेड़ा, कुलहा, बारीथाना, मतू खेड़ा, दुर्गा खेड़ा, नंगा खेड़ा जैसे दर्जनों गावों में लगातार तीन जेसीबी व डेढ़ दर्जन से अधिक ट्रैक्टर लगाकर 15 दिनों से खनन माफियाओं द्वारा रातोंरात खनन कर लाखों रुपये की मिट्टी की बिक्री की जा रही है। पुलिस की अनदेखी के चलते क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले इतने बुंलद हैं कि वे शासन के निर्देशों तक को धता बता रहे हैं।

**अव्यवस्था** नगर पालिका परिषद का मामला, स्टाफ व आने-जाने वालों को हो रही समस्या

# वाटर कूलर खराब, नहीं मिल रहा ठंडा पानी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के वाटर कूलर की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। इससे स्टाफ सहित पालिका पहुंचने वालों को इस भीषण गर्मी में भी पीने को ठंडा पानी नहीं उपलब्ध हो रहा है। लोगों ने वाटर कूलर ठीक कराने की मांग की है।

स्टाफ सहित सभी की सुविधा के लिए वर्षों पहले पालिका में वाटर कूलर स्थापित कराया गया था। कई समय पहले वाटर कूलर खराब हो गया था। पिछली पूरी गर्मी अधिकारियों ने इसकी मरम्मत नहीं कराई। अब दिन बीतने के साथ लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, लेकिन वाटर कूलर ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई जा रही है। इससे कर्मचारियों सहित विभिन्न कार्यों से पालिका पहुंचने वाले ठेकेदारों व अन्य लोगों को पीने का ठंडा पानी नहीं उपलब्ध हो पाता है। आपको बताते चलें कि पालिका में सफाई श्रमिक सहित तकरीबन एक हजार कर्मचारी कार्यरत हैं।

पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रवीन मिश्र भानू ने बताया कि स्टाफ को 15 दिन पहले ही निर्देशित किया जा चुका है। निर्वाचन संबंधी व्यस्तताओं के चलते विलंब हुआ है। अगले दो-तीन दिन में सभी को पीने के लिए शीतल जल उपलब्ध हो जाएगा।


पालिका परिसर में खराब पड़ा वाटर कूलर। अमृत विचार

# हत्या कर शव जलाने के मामले में पुलिस के हाथ खाली

**फालोअप**

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** बीते दिनों क्षेत्र के कस्बा न्योतनी निवासी व्यक्ति की हत्या कर शव जला दिया गया था। इस मामले में पुलिस के हाथ अभी तक कोई मजबूत सुराग नहीं लग सका है। एक सप्ताह बाद भी पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में असफल रही है। फिलहाल पुलिस ने घटना को लेकर एक दर्जन लोगों से पूछताछ भी की लेकिन, नतीजा सिफर रहा। मृतक के भाई ओमकार की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या कर साक्ष्य मिटाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। बता दें कि कस्बा न्योतनी के बाहर आम की बाग में झोपड़ी बनाकर रह रहे सुशील मौर्य (35) की हत्या कर उसका शव झोपड़ी में जला दिया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वाड व फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए थे। मौके पर एएसपी भी पहुंचे थे। झोपड़ी के बाहर खून पड़ा मिलने से लग रहा था कि हत्यारों ने झोपड़ी के बाहर सुशील की हत्या कर गुनाह छुपाने के लिए शव झोपड़ी में डालकर आग लगा दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर के पीछे किसी चीज से वार किए जाने से मौत होने की पुष्टि हुई थी। कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि घटना की छानबीन चल रही है। कई पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# तालाबों में उड़ रही धूल, पानी को तरसे मवेशी

## सरकार की योजना पर अधिकारी नहीं कर रहे अमल, पक्षियों को भी नहीं मिल रहा पानी

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** सरकार ने गांव में जानवरों के पेयजल व जल संचय के लिये मॉडल तालाब बनवाये थे। क्षेत्र के अधिकांश तालाब सूखे पड़े हुये हैं और उनमें धूल उड़ रही है। ऐसी चिलचिलाती धूप में बेजुवान किसी से कह नहीं सकते लेकिन वह बिना पानी के व्याकुल होकर घूमते हैं। वहीं क्षेत्र में जो भी तालाब और पानी भरी जगह थी, उसको लोगों ने पाट कर कब्जा कर लिया। जिससे क्षेत्र में तालाब न के बराबर बचे हैं।

गंगाघाट क्षेत्र में ब्लॉक सिकंदरपुर कर्ण व सिकंदर पुर सरोसी का ज्यादातर हिस्सा आता है। सरोसी ब्लॉक के ग्राम सभा सरैयां, पिंडोखा, सन्नी सरांय, बेहटा, शंकरपुर सरांय, देवारा कलां, देवारा खुर्द में तमाम तालाब खुदवाये गये थे। जो शो पीस बने हुये हैं। सरकारी योजना से धन आता है लेकिन इनमें पानी नहीं भरा जाता है। ऐसी गर्मी में क्षेत्र में लगभग सभी तालाब सूखे पड़े हुये हैं। इसी तरह कर्ण ब्लॉक के कटरी पीपरखेड़ा, मझरा पीपरखेड़ा, मझरा पीपरखेड़ा एहतमाली, रजवाखेड़ा, कर्मी बिझलामऊ, घोंघी, पोनी आदि ग्राम सभाओं में लाखों की लागत से तालाब खुदवाये गये लेकिन यहां भी सभी तालाब सूखे पडे.हुये हैं। मवेशी पानी के लिये दर दर भटकते रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मवेशियों को पानी न मिलने से हालत बिगड़ रही है। वहीं मझरा पीपर खेड़ा के भूमि संख्या नान जेड ए है। इसमें तालाब और सरकारी जमीन दर्ज है। इसी भूमि संख्या पर मरहला चौराहे के ठीक बगल में दशकों पुराना तालाब हुआ करता था। जहां लोग सिंघाड़े बोया करते थे। इतना ही नहीं गर्मियों के दिनों में जानवर पानी पीते थे। जिन्हें धीरे-धीरे पाटा जा रहा है। वहां पर पालिका की ओर से 39 लाख की लागत से मल्टी कॉम्पलेक्स बनाया जा रहा है। पानी के लिये बेजुवानों को भटकना पड़ रहा है।



देवारा कलां के नरबीजपुर में सूखा पड़ा मॉडल तालाब। अमृत विचार



सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

### मॉडल तालाब हुये नेस्तनाबूत

सरकार ने लाखों रुपये की लागत से ग्राम सभाओं में मॉडल तालाब बनवाये थे। जिनमें सीढ़ियां और आस पास पिलर गायब हैं, चोर इंगल तक चुरा ले गये हैं। जो देख रेख के अभाव में ऐसा हुआ है।

### नरबीजपुर के छह तालाब सूखे

नरबीजपुर गांव में छह तालाब बने हुये हैं। जिसमें सभी सूखे पड़े हुये हैं। ऐसे में पड़ रही भीषण गर्मी में पानी के लिये मवेशी इधर उधर भटक रहे हैं।

### बोले जिम्मेदार

चुनाव के चलते व्यस्तता रही है, ब्लॉक क्षेत्र के मॉडल तालाब में पानी न होने की जानकारी मिली है। जल्द ही सभी तालाबों में पानी भरवाया जायेगा।

**-फहद खान, बीडीओ सिकंदरपुर सरोसी**

### बोले प्रधान

पहले तालाबों को भरवाने के लिये पैसे आते थे। इधर पैसे नहीं आ रहे हैं। जिस कारण तालाब सूखे पड़े हुये हैं। ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को पानी भरवाने के लिये अवगत कराया गया है।

**-नन्हकऊ साहू, प्रधान देवारा कलां**

## तीन युवकों पर ठेके के सेल्समैन को पीटने का आरोप

**सोहरामऊ, उन्नाव।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव हिंदूखेड़ा में ठेके पर शराब के नशे में रहे तीन युवक सेल्समैन से गालीगलौज करने लगे। जब सेल्समैन ने विरोध किया तो लात-घूसों व डंडों से उसे पीट दिया। मारपीट होती देख ग्रामीण सेल्समैन को बचाने दौड़े तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

हिंदूखेडा गांव स्थित शराब ठेके के सेल्समैन रामकृष्ण लाल निवासी अमानखेड़ा बिरसिंहपुर थाना माखी ने बताया कि शनिवार शाम बैजा पुत्र गंगाराम अपने साथी गुड्डू पुत्र घुरू व विमल पुत्र छोटेलाल निवासी हिंदू खेड़ा ने उसके ठेके में आकर शराब पी और नशे में होने पर उससे गालियां देने लगा। उसने जब विरोध किया तो लात-घूसों व डंडों से उसे जमकर पीट दिया। यह देख वहां मौजूद ग्रामीण दौड़े और उसे बचाया।

ग्रामीणों को देख तीनों उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। सेल्समैन रामकृष्ण ने मामले की तहरीर सोहरामऊ थाने में दी है। एसओ कमल किशोर दुबे ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप



ट्रैक का निरीक्षण करते चीफ इंजीनियर ट्रैक। अमृत विचार

### चीफ इंजीनियर ट्रैक ने अप-डाउन लाइन की देखी हकीकत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनों के संचालन को लेकर लगातार अधिकारी नजर बनाये हुये हैं। उसी को देखते हुये शनिवार को लखनऊ से चीफ इंजीनियर ट्रैक गंगाघाट पहुंचे। जहां उन्होंने अप और डाउन लाइन की हकीकत देखी। जिसके बाद रेलवे पुल का भी निरीक्षण किया। शनिवार सुबह लगभग 9 :28 बजे प्रतापगढ़ इंटरसिटी गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जहां ट्रेन स्टेशन पर रूकी। इसी दौरान ट्रेन से चीफ इंजीनियर ट्रैक आलोक मिश्रा, डीईएन फाइव वी के मिश्रा मातहतों के साथ गंगाघाट स्टेशन पर उतरे। अधिकारियों को देख स्टेशन पर मौजूद रेल कर्मी उनके पास पहुंचे। जहां उन्होंने पैदल ही डाउन लाइन और अप लाइन ट्रैक का निरीक्षण किया। जिसके बाद वह गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की भी हकीकत देखी। जहां ट्रैक ठीक मिला। वहीं उन्होंने बताया कि अप लाइन पर कुछ खामियां मिली हैं। उन्हें दूर करने के लिये मातहतों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि रेलवे पुल के अप लाइन का ट्रैक का कुछ हिस्सा कमजोर है लेकिन ट्रेनों के आने जाने में कोई दिक्कत नहीं है। जिसके बाद अधिकारी कानपुर की ओर रवाना हो गये।

### मोहिनी एकादशी को लेकर घाटों की हुई साफ-सफाई

**शुक्लागंज, उन्नाव।** मोहिनी एकादशी को लेकर शनिवार को नगर पालिका प्रशासन की ओर से घाटों की साफ सफाई कराई गई। जहां पालिका कर्मियों ने घाटों पर झाड़ू लगाने के साथ ही फैला कूड़े को एकत्र कर फेंकने का काम किया। रविवार को होने वाली मोहिनी एकदाशी को देखते हुये शनिवार को ईओ मुकेश कुमार मिश्रा और पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के निर्देश पर सफाई कर्मी गंगा तट पहुंचे। जहां पालिका कर्मियों ने मिश्रा कॉलोनी घाट से लेकर नमामि गंगे घाट तक वृहद स्तर पर साफ सफाई कराई गई। वहीं पालिका की ओर से महिलओं के कपड़े बदलने के साथ ही मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही गहरे पानी में कोई न जाये, इसके लिये नावें और गोताखोर को भी तैनात किया गया। इस बावत ईओ ने बताया कि एकादशी को देखते हुये घाटों की साफ सफाई कराई गई है। इसके साथ ही महिलाओं के वस्त्र बदलने की भी व्यवस्था कराई गई है।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वंदेभारत से निकले पूर्व राष्ट्रपति

**शुक्लागंज, उन्नाव।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शनिवार शाम वंदे भारत एक्सप्रेस से वापस दिल्ली जा रहे थे। जिसकी जानकारी मिलने पर गंगाघाट क्षेत्र में आरपीएफ, जीआरपी और गंगाघाट कोतवाली पुलिस अलर्ट रही। ट्रेन के जाने के बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को शुक्रवार को दिल्ली से अयोध्या प्रभु श्री राम के दर्शन करने के लिये परिवार के साथ गये थे। जहां से शनिवार शाम उन्हें वापस वंदे भारत ट्रेन से जाना था। जिसकी जानकारी मिलने पर सहजनी से लेकर रेलवे पुल तक जगह-जगह आरपीएफ, जीआरपी मौजूद रही। वहीं गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस कर्मियों के साथ सरैयां क्रासिंग पर मौजूद रहे। इसके साथ ही एलआईयू भी अपनी पैनी नजर बनाये रही। शाम करीब सवा छह बजे वंदे भारत ट्रेन सरैयां क्रासिंग से रनथ्रू गुजर गई। कानपुर सीमा में वंदे भारत पहुंचने के बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

### युवती का कोतवाली के सामने रील बनाने का वीडियो वायरल

**उन्नाव।** सदर कोतवाली के सामने एक युवती का सड़क के बीच नृत्य करते हुए वीडियो शोसल मीडिया पर शनिवार को वायरल हुआ। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस युवती का पता लगा रही है। सदर कोतवाली के ठीक सामने एक युवती का नृत्य करते वीडियो शोसल मीडिया पर किसी ने वायरल कर दिया। दोनों लेन में तेज रफ्तार वाहनों के आवागमन के बीच बनाया गया वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इसका संज्ञान लिया है। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि युवती के इस कृत्य से दुर्घटना हो सकती थी। वहीं कोतवाली के सामने बनाए गए वीडियो पर पुलिस की उसी समय नजर न पड़ना भी चर्चा का विषय बना है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई

**औरास।** थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर प्वाइंट संख्या-278 के पास लखनऊ से आगरा जा रहे दुर्गेश पुत्र हरि शंकर पांडेय निवासी 321 न्यू कालोनी नानवर 1 बिरला नगर ग्वालियर मध्य प्रदेश की बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें वह घायल हो गया। सूचना पर यूपीडा कर्मियों ने उसे सीएचसी औरास में भर्ती कराया। जहां से गंभीर हालत में उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

### परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से होगा ग्रीष्मावकाश

**उन्नाव।** परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से ग्रीष्मावकाश शुरू होगा। बीएसए ने अवकाश अवधि में विद्यालयी सामग्री व अभिलेखों को संरक्षित स्थानों पर सुरक्षित रखवाने के निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देशों के तहत पिछले वर्षों की तरह इस बार भी 20 मई को परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश घोषित किया जाएगा। अवकाश अवधि में विद्यालयों का संचालन नहीं होगा। इसलिए विभागाध्यक्ष ने सभी बीईओ को पत्र जारी कर ग्रीष्मावकाश के दिनों में विद्यालयी सामग्री गैस सिलेंडर व चूल्हा, एमडीएम पकाने में इस्तेमाल होने वाले बर्तन, फर्नीचर खाद्यान के अलावा रजिस्टर आदि अभिलेखों को किसी सुरक्षित स्थान पर संरक्षित कराने के निर्देश जारी किए हैं। बीएसए ने बीईओ को अवकाश पूर्व विद्यालयों का निरीक्षण कर निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा के निर्देश भी दिए हैं।



# सरैयां क्रॉसिंग पर लगा लंबा जाम

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को सुबह से ही बैराज मार्ग पर वाहनों का भार अधिक रहा। इस दौरान मार्ग से बड़े वाहन निकले। जिससे संकरे मार्ग में फंस गये और जाम लगना शुरू हो गया। वहीं ट्रेनों के निकलने के दौरान कई बार भीषण जाम लगा रहा। जिससे वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं तेज धूप होने के कारण जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला उठे।

शनिवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। क्रासिंग बंद होने के कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। क्रासिंग खुलने के बाद बड़े वाहन निकलने लगे। जिससे संकरे मार्ग में फंस गये। जिस कारण छोटे वाहन नहीं निकल सके और भीषण जाम लगा रहा। किसी तरह राहगीरों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुये। इसी तरह दोपहर और शाम को भी कई बार रुक-रुक कर जाम लगता रहा। जिससे आने जाने वाले लोग परेशान हो गये। वहीं तेज धूप होने के कारण जाम में फंसे वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।



बैराज मार्ग पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

## पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**सफीपुर, उन्नाव।** घर के बाहर खाना खा रहे व्यक्ति को गांव के ही लोगों ने रंजिशन लाठी-डंडों से मारा पीटा। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मां-बेटे सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के मीरनगर गांव निवासी मूल चंद्र पुत्र नंदा ने तहरीर में बताया कि वह 13 मई की रात 10 बजे अपने घर के बाहर खाना खा रहा था। तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के राहुल पुत्र राम बिलास, राकेश पुत्र कल्लू व रामबिलास की पत्नी वहां आए और उससे गालीगलौज करते हुए लाठी-डंडों से पीटने लगे। बचने के लिए घर में घुस गया तो उन लोगों घर में घुसकर उसको जमकर मारा पीटा।

# मामूली विवाद में युवक को पीटा, खौलता तेल डाला

**परियर।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मरौंदा मझवारा निवासी शत्रुघ्न पुत्र रघुबीर ने बताया कि वह शुक्रवार को स्थानीय बाजार में सब्जी लेने गया था। इसके बाद उसने रात 8 बजे बाजार के बाहर लगी अंडे की दुकान पर नीरज पुत्र शिवबालक तेली से 10 अंडे खरीदे। जब उसने रुपये दिए तो नीरज ने कहा कि रुपये कम हैं और दो। इस पर उसने 500 रुपये का नोट दिया। नीरज ने पैसे वापस नहीं किये और गालीगलौज करने लगा और आमलेट बनाने वाला तवा उसके सिर पर मार दिया। जिससे उसे गंभीर चोट आ गयी और सिर से खून बहने लगा। पीड़ित के अनुसार नीरज के साथ दो अज्ञात लोग भी थे। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक नीरज ने खौलता तेल भी उस पर डाल दिया। जिससे उसका चेहरा जल गया और छाले पड़ गए। शत्रुघ्न ने बताया कि रात में ही वह कोतवाली सफीपुर गया लेकिन, अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इसे लेकर कोतवाली प्रभारी श्याम नारायन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



घायल शत्रुघ्न।

# गैंगस्टर एक्ट के दोषी को पांच साल की हुई सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। शनिवार को कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए पांच साल की सजा दी है बता दें कि बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने नंगू उर्फ तुषार उर्फ अनिल पुत्र आनंद कुमार निवासी भैसड़ थाना शिवराजपुर कानपुर नगर हाल पता महोल्ला कटरा कस्बा बांगरमऊ पर चार मार्च-2001 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। पुलिस का आरोप था कि वह ने गैंग बनाकर चोरी, राहजनी व लूट की घटनाओं को अंजाम देने के साथ असलहों के बल पर क्षेत्र में आतंक व भय कायम कर आपराधिक कृत्यों से धनोपार्जन करता था। इस गैंग के भय व आतंक के कारण कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट लिखाने या गवाही देने का साहस नहीं करता था। आईओ राम नारायण मिश्रा ने साक्ष्य एकत्र कर आरोपी के विरुद्ध कोर्ट में 27 फरवरी-2002 को आरोप पत्र दाखिल किया था। गैंगस्टर कोर्ट में मामला 22 साल से विचाराधीन था। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी व विश्वास त्रिपाठी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर एडीजे-5 जयवीर सिंह नागर ने नंगू को दोषी पाते हुए पांच साल की सजा और पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है।



## पुण्यतिथि पर याद किए गए बीएन सिंह

**उन्नाव।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के लोकप्रिय नेता बीएन सिंह की 25वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया।

जिलाध्यक्ष उमा निवास वाजपेयी के कैंप कार्यालय में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल सभी नेताओं ने बारी-बारी से दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि परिषद की स्थापना करने का साहस उनके व्यक्तित्व का प्रमाण है। विधान परिषद सदस्य रहते हुए हमेशा कर्मचारियों के हित साधक साबित होते रहे। इस मौके पर जिला मंत्री दिलीप अवस्थी, बालकृष्ण अवस्थी, शैलेश शुक्ला अनिल कनौजिया, विकास मिश्रा, अश्वनी पांडेय व केशव सिंह आदि शामिल रहे।

# आजाद मार्ग पर कार और लोडर की हुई टक्कर, चार घायल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के आजाद मार्ग स्थित धनइयां गांव के सामने शनिवार शाम लोडर और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में चार लोगों को चोटें आई। उन्हें इलाज के लिये पास के अस्पताल ले जाया गया। वहीं कुछ देर के लिये जाम भी लगा रहा।

लखनऊ निवासी राजू रोशन शनिवार को अपनी पत्नी नीलू और कार चालक दिनेश के साथ लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे थे, जैसे ही शाम करीब पांच बजे उनकी कार आजाद मार्ग स्थित धनइयां गांव के पास पहुंची, तभी सड़क पर बने जानलेवा गड्ढों के कारण उनकी कार अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे लोडर में जा भिड़ी। जोरदार टक्कर होने से दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े। जहां घायलों को बाहर निकाला गया। वहीं कार सवारों को मामूली चोटें आई हैं। इसके अलावा लोडर चालक रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये एक अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटना के बाद आजाद मार्ग पर कुछ देर के लिये जाम भी लगा रहा।



आजाद मार्ग पर दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त खड़ी कार। अमृत विचार

## पंपिंग सेट में फंस कर महिला की मौत

**औरास, उन्नाव।** औरास थानांतर्गत खेत में सिंचाई कर रही महिला की साड़ी पंपिंग सेट के इंजन के पट्टे में फंस गई। गले में साड़ी का फंदा कसने से गंभीर घायल महिला को सीएचसी से रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

जमाल नगर गांव निवासी टेकरानी पत्नी विजय कुमार खेत में बेटे अंकुल के साथ सिंचाई के लिए पानी लगा रही थी। तभी उसका अचानक संतुलन बिगड़ गया और उसकी साड़ी का पल्ला इंजन के पट्टे में फंसकर गले में कस गया। चीख सुन बेटा दौड़ा और इंजन बंद कर घायल मां को लेकर सीएचसी पहुंचा। उसे गंभीर देख डाक्टर ने लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा। परिजन उसे लेकर जा ही रहे थे कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

**समस्या** ट्रिपिंग जारी रहने से उपभोक्ताओं के खराब हो रहे हैं विद्युत उपकरण, शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समाधान

# बार-बार गुल हो रही बिजली, गर्मी से बेहाल हो रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव




**अमृत विचार।** सरकार व शासन की ओर से भले ही जिला मुख्यालयों पर 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है। इसके विपरीत यहां रात-दिन बार-बार आपूर्ति बाधित होने का सिलसिला जारी रहता है। इससे उपभोक्ताओं को जहां भीषण गर्मी में उपकरणों के इस्तेमाल से वंचित रहना पड़ता है। वहीं लगातार होने वाली ट्रिपिंग से घरों में संचालित उपकरणों के खराब होने की समस्या का सामना भी करना पड़ रहा है। इसके बावजूद जनप्रतिनिधियों सहित उच्चाधिकारी विद्युत अभियंताओं को आपूर्ति सुधारने का दबाव नहीं बना रहे हैं।

करीब दो साल पहले विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन के साथ ही जिला मुख्यालयों को 24 घंटे निरंतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के निर्देश जारी हुए थे। निर्देशों पर अमल की हकीकत जाने बिना सत्तारूढ़ दल के स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं में निर्बाध आपूर्ति का दावा करते घूम रहे हैं। इसके विपरीत यहां लोकसभा चुनाव शुरू होने के साथ ही विद्युत आपूर्ति की स्थिति दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। शहर में संचालित सभी उपकेंद्र एक साथ तो आपूर्ति नहीं बाधित करते हैं, लेकिन अलग-अलग समय पर थोड़ी-थोड़ी देर में बिजली गुल होने का सिलसिला जारी रहता है। चिलचिलाती गर्मी में बिजली गुल होते ही उपभोक्ताओं के एसी, कूलर व रेफ्रिजरेटर बंद हो जाते हैं, जिससे उन्हें बिल अदा करने के बाद भी बार-बार गर्मी बर्दास्त करने को मजबूर होना पड़ता है। ठंढ़क में रहने के आदी बच्चों व बुजुर्गों सहित सभी को बिना बिजली के समय बिताना काफी भारी साबित होता है। बच्चे तो गर्मी से बिलबिलाते हुए रोना शुरू कर देते हैं, जबकि बुजुर्ग दावे के मुताबिक आपूर्ति न उपलब्ध कराने को लेकर जिम्मेदारों को कोसने को मजबूर रहते हैं। लोगों का कहना है कि शासन के निर्देशों पर अमल कराने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों व उच्चाधिकारियों को विद्युत निगम के अभियंताओं को बाध्य करना चाहिए। विभागीय उप खंड अभियंता व अवर अभियंता गर्मियों में लोड बढ़ने से ओवर लोडिंग के चलते लाइनों में फाल्ट होने की जानकारी देते हैं। अभियंताओं का कहना है कि इससे निपटने के लिए जहां उपकेंद्र स्तर पर अनुरक्षण कार्य कराया जा रहा है। वहीं उपभोक्ताओं के यहां ओवरलोडिंग की जांच भी कराई जा रही है।

# गंगाघाट टाउन से शुरू हुई आपूर्ति

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** पश्चिमी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के दौरान ओवरलोड होने के कारण क्षेत्र में विद्युत समस्या बनी रहती थी। इधर सब स्टेशन में 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जहां शनिवार को विभाग के अधिकारी पहुंचे। जहां फीडर चार की विद्युत आपूर्ति को नये ट्रांसफार्मर से जोड़ने के लिये टेस्टिंग कराई गई। टेस्टिंग होने के बाद अब पश्चिमी क्षेत्र को भरपूर बिजली मिलेगी।

शुक्लागंज सबस्टेशन के फीडर चार के तहत अभी तक पश्चिमी क्षेत्र और सरैयां गांव को विद्युत आपूर्ति की जाती थी। इन क्षेत्रों में अधिक लोड होने के कारण बार-बार बिजली की आवाजाही लगी रहती है। जिससे यहां रहने वाले उपभोक्ताओं को बिजली की परेशानी उठानी पड़ती थी। इधर विभाग ने हाल में ही पॉवर हाउस में 10 एमवीए का एक और ट्रांसफार्मर लगवाया है। इस ट्रांसफार्मर पर लोड डालने के लिए शनिवार को एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में कार्य कराया गया। जहां जेई विष्णु शुक्ला, अक्षत तिवारी की निगरानी में बिजली कर्मियों ने लोड ट्रांसफर की टेस्टिंग नये ट्रांसफार्मर पर की। टेस्टिंग सफल होने पर जेई ने बताया कि शुक्लागंज पॉवर हाउस से इन क्षेत्रों की बिजली सप्लाई दी जाती थी, लेकिन अब गंगाघाट टाउन से इन मोहल्लों में बिजली सप्लाई की जा रही है। जिससे पश्चिमी क्षेत्र की बिजली को नये ट्रांसफार्मर से जोड़ दिया गया है।



सब स्टेशन में टेस्टिंग का कार्य करते एसडीओ, जेई। अमृत विचार

- **नए दस एमवीए के ट्रांसफर्मर से जोड़ा गया कनेक्शन**

# दो ट्रांसफार्मर फुंके, 12 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार रात राजधानी मार्ग स्थित सरस्वती टॉकीज और गोपीनाथपुरम में रखा ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण फुंक गया। जिससे करीब छह सौ घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने से गर्मी में लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। बारह घंटे के बाद दोनों क्षेत्रों में आपूर्ति चालू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार रात करीब पौने बारह बजे राजधानी मार्ग स्थित सरस्वती टॉकीज के पास 100 केवीए ट्रांसफार्मर में ओवरलोड होने के कारण उसमें आग लग गई। धू धू कर जल रहे ट्रांसफार्मर की जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी। जिस पर आपूर्ति बंद कराई गई और आग बुझाई गई। जिसके बाद बिजली कर्मी पहुंचे और मरम्मत का कार्य किया लेकिन सही नहीं हो सका। जिससे पूरी रात सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। शनिवार सुबह ग्यारह बजे मरम्मत कार्य क्षेत्र की आपूर्ति चालू की गई। इसी तरह गोपीनाथपुरम में रखे 400 केवीए ट्रांसफार्मर शनिवार सुबह पौने छह वजे ओवरलोड के चलते फुंक गया।

इसके कारण चार सौ से अधिक घरों की बिजली शाम लगभग 6 बजे तक बंद रही। दोपहर के समय तेज धूप होने के कारण घर में मौजूद लोग बिना बिजली के बिलबिला उठे।



ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी।

# 'पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है, लेकर रहेंगे'

## गृह मंत्री अमित शाह बोले, गठबंधन की सरकार बनने के बाद देश में प्रधानमंत्री पद को लेकर मचेगी खींचतान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** देश के गृह मंत्री अमित शाह ने पाक अधिकृत कश्मीर को भारत हिस्सा बताया और उसे अपने कब्जे में करने का संकल्प दोहराया। कहा कि विपक्षी दलों के नेता पाकिस्तान के एटम बम से भारत सरकार को डरा रहे हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं और पाकिस्तान की हर नापाक चाल का मुंह तोड़ जवाब देने को तैयार हैं। गृह मंत्री ने कांग्रेस, सपा समेत समूचे विपक्ष करारा हमला किया। कहा कि गठबंधन की सरकार बनने के बाद देश में प्रधानमंत्री पद को लेकर खींचतान मच जाएगी और देश का नेतृत्व डगमगा जाएगा।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का प्रचार शनिवार को थमने के चंद घंटे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने शहर के जीआईसी मैदान से हुंकार भरी। अमित शाह ने देश की सबसे बड़ी पंचायत के चुनाव को राम मंदिर बनाने वालों और रामभक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच बताया। गृहमंत्री ने कहा कि राम मंदिर बन जाने के बाद श्रीरामलला प्रतिमा की स्थापना पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को आमंत्रित किया गया था, लेकिन वह अपने वोट बैंक को साधने के चलते वहां नहीं पहुंचे। कहा कि कोरोना वैक्सीन पर भी कांग्रेस ने सवाल खड़े किए थे। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि परचून की दुकान नहीं है। देश को 56 इंच के सीने वाला प्रधानमंत्री चाहिए। सपा पर हमलावर होते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि जब सूबे में सपा का जमाना था तो गुंडों का राज होता था। गोलियां चलती थीं और अपहरण होते थे। वर्ष 2017 में जब से भाजपा की सरकार बनी तो गुंडों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम मुख्यमंत्री योगी ने किया। गृहमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव राम भक्तों पर गोली चलवाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुंदेलखंड के लोगों के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस बनाया। शाह ने कहा कि 35 हजार करोड़ से केन-बेतवा को जोड़ने का काम पीएम मोदी कर रहे हैं। वह वादा करते हैं कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो। कोई ऐसा घर नहीं होगा, जहां केन-बेतवा का पानी न पहुंचे। कहा कि 175 करोड़ से टांडा बांदा हाइवे पर ब्रिज बनाया। माताओं को एलपीजी गैस दिया। इसके साथ ही 2 लाख 70 हजार घरों में पानी पहुंचाया गया।


जनसभा को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह। अमृत विचार


शाह की सभा में उमड़ा जनसमुदाय। अमृत विचार

### राहुल गांधी और नरेंद्र मोदी के बीच है चुनावः अमित शाह

**अमेठी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में रोड शो करने अमेठी पहुंचे। इस दौरान उन्होने कहा कि यह दो लोग के बीच का चुनाव है। एक चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए राहुल गांधी और दूसरे तरफ गरीब चाय बेचने वाले नरेंद्र मोदी का चुनाव है। करीब डेढ़ किलोमीटर रोड शो कर गृहमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी को भारी बहुमत से जीत दिलाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने की अमेठी की जनता से अपील की। रोड शो के दौरान अमित शाह और स्मृति इरानी ने भाजपा कार्यकर्ताओं और अमेठी की जनता पर फूल बरसा कर उनका अभिवादन किया। अमित शाह के रोड शो को लेकर अमेठी कस्बे को पोस्टर बैनर व भगवा गुब्बारों से सजाया गया। रोड शो की शुरुआत अमेठी के रामलीला मैदान से जय श्री राम के जयकारों के साथ शुरू होकर राजर्षि रणंजय तिराहा, गांधी चौक, सगरा तिराहा होते हुए राजेश मसाला फैक्ट्री मोड़ के पास समाप्त हुई। सगरा-तिराहे पर अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि आज अमेठी वालों का हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं। पिछली बार भी चुनाव के अंतिम तिथि पर इसी समय पर अमेठी में रोड शो करने आया था। इस बार भी अंतिम समय में रोड शो करने आया हूं। आप सभी भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के स्वागत में जिस प्रकार से प्यार उत्साह उमंग और जीत के विश्वास के साथ रोड शो किया है। 2 दिन से लोकतंत्र में अजीब प्रकार का विचार देखा दो बड़े-बड़े नेता राष्ट्रीय दल के अध्यक्ष रहे। एक तो कर्ताधर्ता रहे कहते हैं अमेठी और रायबरेली हमारे परिवार की है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं लोकतंत्र में कौन किसकी बपौती रहती है। जनता अपना नेता तय करती है। राहुल गांधी अमेठी से हारने के बाद वायनाड गए वायनाड से रायबरेली आए हैं।

# जान ले रही है भाजपा की वैक्सीन : अखिलेश

संवाददाता, मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। कोरोना काल में इन्होंने जो वैक्सीन लगवाई, आज वह लोगों की जान ले रही है। लोगों को हार्ट अटैक पड़ रहे हैं। अब वैक्सीन बनाने वाली कंपनी कह रही है कि हम वैक्सीन वापस लेंगे।

**▸▸ मिल्कीपुर में बोले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा ने युवाओं को दिया धोखा**

ये बातें शनिवार को सपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहीं। वो मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच नंबर चौराहा स्थित मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि नौजवानों के लिए कोई नौकरी नहीं है। पेपर लीक नहीं हुए, बल्कि सरकार ने लीक कराए हैं। कहा कि पीडीए की सरकार आई तो नौजवानों को उनका हक देंगे। कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे। किसी किसान की आय बढ़ी हो तो बताइए। इन्होंने केवल महंगाई बढ़ाई और खाद की बोरी से 10 किलो उर्वरक की चोरी की। बड़े-बड़े उद्योगपति बैंकों का पैसा लेकर भाग गए।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि इस बार आंसुओं का पानी खतरे के ऊपर बह रहा है। कहा कि बीजेपी के खिलाफ जनता में जबरदस्त गुस्सा है। 400 सीटें इंडिया गठबंधन जीत रहा है। उन्होंने गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को चुनाव जिताने की अपील की।



मिल्कीपुर में सभा को सम्बोधित करते सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव।

### मीडिया गैलरी में मची भगदड़, कुर्सियां टूटीं, कपड़े फटे

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर के पांच नंबर चौराहे के मैदान में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सपा/गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में जनसभा थी। जैसे ही अखिलेश यादव मंच की ओर बढ़े समाजवादियों की बेकाबू भीड़ मंच की ओर दौड़ पड़ी। देखते ही देखते अफरातफरी मच गई। मीडिया गैलरी की सारी कुर्सियों पर सपाई कब्जा करने लगे। यही नहीं सपाइयों ने मीडिया गैलरी में जमकर तोड़फोड़ की। यहां तक कि पत्रकारों ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। भगदड़ में कई पत्रकारों के कपड़े फट गए। कुछ पत्रकारों को मामूली चोटें भी आई हैं।



### चार चरणों के चुनाव में भाजपा चारों खाने चित्त

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया कि चार चरणों के वोट पड़े हैं। उसमें बीजेपी चारों खाने चित हो गई है। आपको देखना और समझना होगा। जनसभा को पूर्व विधायक तेज नारायण पांडे पवन, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, छोटेलाल यादव, बख्तियार अहमद, कमलासन पाण्डेय, यदुनाथ यादव सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

# प्रदेश की सभी सीटें जीत रही भाजपा : केशव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** भाजपा प्रदेश की 80 सीटों को बड़े अंतराल से जीत रही है। राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक विरासत, विकास जनता के मन में है। इसके सम्मान मे जनता ने भगवा लहराने का मन बना लिया है। ये बातें शनिवार को भीड़ से गदगद उपमुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य ने कहीं। वो भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में रोड-शो से पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। चिलचिलाती धूप और गर्मी में बड़े रोड-शो के जरिए भाजपा ने शहर में अपनी ताकत दिखाई।

ढोल नगाड़ो की धुन, लहराते झंडे, शंखध्वनि, जैश्री राम के नारों के बीच नाका गांधी आश्रम के पास भीड़ उमड़ी। डिप्टी सीएम केशव मौर्या का रोड-शो नाका गांधी आश्रम के पास से शुरू हुआ। तपती जमीन, गर्म हवा फिर भी कार्यकताओं के उत्साह चरम पर दिखा। ढ़ोल-नगाड़ों के थापों के बीचशंख ध्वनि तथा जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण राममय हो गया। आगे-आगे डीजे पर भाजपा के गीत, उसके पीछे बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता थीं। भाजपा के ध्वज लहरा रहे थे। रथ पर कमल के फूल के साथ डिप्टी सीएम, सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचन्दर यादव, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, अयोध्या विधान सभा प्रवासी मधू शर्मा सवार थीं।


भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में रोड-शो करते केशव मौर्य। अमृत विचार

## अशरफ के साले जैद समेत चार पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**प्रयागराज।** माफिया की भाई अशरफ के साले जैद मास्टर सहित चार लोगों के हत्या पुलिस ने मारपीट समेत धमकी, हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अहमदपुर असरौली के निवासी रुहुल अमीन के बेटे इश्तियाक अहमद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि हटवा में उनकी लाखों की पुश्तैनी जमीन पर पिछले 10 सालों से उस जमीन पर प्रधान शिबली, अशरफ के साले जैद मास्टर सहित अन्य ने जबरियन कब्जा कर रखा है। आरोप लगाया है कि 13 मई की सुबह जब वह ट्रैक्टर लेकर पहुंचा तो पर सभी ने पर हमला कर दिया।

# जो परिवार वाले नहीं वह क्या जानें दर्द : डिंपल

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार।** गोंडा की सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा के समर्थन में शनिवार को रोड शो करने पहुंची मैनपुरी से प्रत्याशी डिंपल यादव ने प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी पर जमकर निशाना साधा। डिंपल यादव ने रोड शो में उमड़े जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि जो परिवार वाले नहीं है उन्हे परिवार का दर्द क्या होता है यह नहीं पता है। परिवार की जिम्मेदारी क्या होती है वह इसे नहीं जानते। समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो रिश्ते निभाना जानती है जो परिवार का दर्द समझती है। डिंपल ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। यह परिवर्तन और बदलाव का चुनाव है। यह बदलाव युवाओं के हाथ में है और इस जनसमूह को देखकर यह तय हो गया है कि इस बार बदलाव होकर रहेगा।


आंबेडकर चौराहे पर चुनावी रथ से रोड शो के दौरान संबोधित करतीं डिंपल यादव।

- **सपा की स्टार प्रचारक और मैनपुरी से प्रत्याशी डिंपल ने पीएम व सीएम पर साधा निशाना**

गोंडा लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा के पक्ष में आयोजित रोड शो में डिंपल यादव को सुबह 11.30 बजे पहुंचना था लेकिन वह अपने निर्धारित कार्यक्रम से करीब दो घंटे देरी से गोंडा पहुंची। डिंपल के स्वागत में गोंडा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। रोड शो में उमड़ी भीड़ को देखकर डिंपल यादव भी गदगद नजर आईं। आंबेडकर चौराहे पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भीषण गर्मी और 42 डिग्री तापमान के बीच चुनावी रथ पर खड़ी डिंपल यादव पूरे रौ में दिखीं। प्रचंड गर्मी के बीच उन्होंने करीब 10 मिनट तक लोगों को संबोधित किया। डिंपल यादव ने कहा कि यह परिवर्तन का चुनाव है और यह परिवर्तन जनता के हाथ है। सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को गोंडा की बेटी बताते हुए डिंपल ने कहा कि गोंडा की जनता न सिर्फ युवा और नया सांसद चुनेगी बल्कि वह महिला शक्ति का भी समर्थन करेगी।

भारतीय जनता पार्टी पर दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए डिंपल यादव ने कहा कि इस दबाव की राजनीति का पतन जनता के हाथ में है और जनता के सहयोग से समाजवादी पार्टी इस राजनीति को खत्म करेगी।

## पूर्व राष्ट्रपति ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर अयोध्या पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार की सुबह श्रीराम जन्मभूमि पहुंचकर रामलला को साष्टांग प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। वह श्रृंगार आरती में भी शामिल हुए। इसके बाद परिसर स्थित कुबेर टीला पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और जटायु की प्रतिमा पर श्रद्धा व्यक्त कर अपने परिवार के साथ फोटो कराई। पूर्व राष्ट्रपति प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार राम मंदिर पहुंचे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कनक भवन मंदिर में भी अपनी आस्था प्रकट की।

# शहंशाह राहुल से डर गए : भूपेश बघेल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार।** देश के शहंशाह मोदी राहुलगांधी से डर गये हैं। चुनाव से पहले ही उन्होंने हार मान ली है। उनकी सभा न हो सके इसके लिये हैलीपैड की परमीशन नहीं मिली। चिलचिलाती धूप में यह विशाल समुदाय जो राहुल गांधी को सुनने आया था, लेकिन भाजपा सरकार के इशारे पर हेलीपैड की अनुमति न मिलने के कारण मैं उनका प्रतिनिधि बनकर राहुल गांधी का संदेश लेकर आया हूं कि 20 मई को आप इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को विजयी बनाएं।

ये बातें छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ में मदारपुर तिराहा कोठी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित न्याय संकल्प रैली में कहीं। अध्यक्षता सपा के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद तथा संचालन कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन व प्रीतम सिंह वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी तथा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय मौजूद रहे।



मंच पर भूपेश बघेल व अन्य नेता।

भूपेश बघेल ने कहा कि जब चुनाव शुरू हुआ था तो भाजपा अबकी पार चार सौ पार के नारे के साथ चली थी, लेकिन चार चरणों के सम्पन्न चुनावों में उनके नारे की हवा निकल गयी और पांचवे चरण के चुनाव जो 20 मई को होने हैं, उसमें इंडिया गठबंधन की आंधी चल रही है। देश की 140 करोड़ जनता भाजपा को 140 सीटों पर समेटने जा रही है। देश की मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना चलाकर 22 साल की उम्र में नौजवान को रिटायर कर दिया। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही इस योजना को खत्म कर देंगे।

## ट्रक ने शिक्षक समेत दो को रौंदा, मौत

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** इनायतनगर थाना क्षेत्र के कदनपुर जोगिया तिवारी अछौरा निवासी उदयभान तिवारी (52) और मुकेश तिवारी (42) किसी कार्य के लिए शनिवार दोपहर कुमारगंज जा रहे थे। दोनों मिल्कीपुर बाजार स्थित चौराहे के निकट ईंटगांव तिराहे के पास सड़क किनारे सवारी वाहन का इंतजार कर रहे कि एक बाइक सवार ने दोनों को टक्कर मार दी। इससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच कुमारगंज की तरफ जा रहे एक ट्रक ने दोनों लोगों को रौंद दिया। जिसके चलते दोनों घायल हो गए। लोगों ने दोनों को संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज भेजवाया, जहां डॉक्टर ने मुकेश तिवारी को मृतक घोषित कर दिया।

# बोलेरो ने किसान को घसीटा, मौत

संवाददाता बहुआ

**अमृत विचार।** ललौली थाना क्षेत्र में बेटों को खाना देने साइकिल लेकर पैदल जा रहे किसान को कानपुर बांदा हाईवे पर तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद किसान साइकिल समेत गाड़ी के नीचे फंस गया। वाहन चालक करीब 500 मीटर तक किसान को घसीटता हुआ ले गया। हादसे में किसान की मौके पर मौत हो गई। घटना के दौरान मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सड़क जाम कर दी। घंटो मान मनौव्वल के बाद परिजनों को शांत कराया।

महाखेड़ा गांव के रहने वाले किसान शिवकरन शर्मा उर्फ पुतु शर्मा (50) के दो पुत्र शिवमूरत व पप्पू राजा ढाबे के सामने वाहनों की मरम्मत का कार्य करते है। शिवकरन सुबह अपने बेटों को खाना देने के लिए कानपुर बांदा हाईवे पर साइकिल लेकर सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। तभी गांव के पास ही कानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने उनको टक्कर मार दी। हादसे के दौरान शिवकरन साइकिल समेत गाड़ी के नीचे फंस गए। इस दौरान बोलेरो चालक करीब आधा किलोमीटर तक शिवकरन को घसीटते हुए ले गए, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर बांदा मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। हादसे की सूचना पर सीओ सुशील कुमार दुबे समेत ललौली पुलिस मौके पर पहुंची।


शिवकरन।

- **कानपुर-बांदा हाईवे पर हुआ हादसा, तीन घंटे तक लगा रहा जाम**

इस दौरान करीब तीन घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा, जिससे दोनो लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर बोलेरो गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

**राजनीति** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा, राम मंदिर को कोई खतरा नहीं, चुनावी चंदे की आड़ में किया गया घोटाला

# कांग्रेस की सरकार होती तब भी राम मंदिर बनता : अशोक गहलोत

संवाददाता, गौरीगंज,अमेठी

**अमृत विचार।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा, "राम मंदिर को कोई खतरा नहीं है। ये मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बना है। अगर सरकार भाजपा की नहीं होती कांग्रेस की सरकार होती तब भी मंदिर बनता। ये (भाजपा) लोग भ्रम फैला रहे हैं। अब उनके भ्रम में कोई आने वाला नहीं है।"

उन्होंने कहा कि देश में ईडी आयकर विभाग, सीबीआई राज कर रहे हैं। सरकारें गिरा रहे हैं। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक में हॉर्स ट्रेडिंग करके चुनी हुई सरकारें गिराई। जो राजनीतिक गुंडागर्दी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अकाउंट बंद कर दिए। 2 मुख्यमंत्रियों को जेल में बंद कर दिया। लोगों के दिमाग में आ गया है कि अगर मोदी भारी बहुमत से जीत जाएंगे तो पता नहीं आगे चुनाव होंगे या नहीं होंगे। प्रेस वार्ता करते पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान अशोक गहलोत लोकसभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा, प्रवक्ता अनिल सिंह प्रवक्ता अंशु अवस्थी मौजूद रहे।



कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता करते राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत।

इसके पूर्व जगदीशपुर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए राजस्थन के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोग झूठ व नफरत की राजनीति करते हैं भाजपा सरकार में युवा बेरोजगार हो गए हैं। 2 करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन वह भी झूठा साबित हुआ। किसानों की फसलों को आवारा जानवर नष्ट कर दे रहे हैं, जबकि इनके काम और वादे सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गये हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अरबों रुपए का इलेक्टोरल बांड विभिन्न कंपनियों से चुनावी चंदे की आड़ में घोटाला किया गया है। राम मंदिर की आड़ में जनता को बरगला रहे हैं जबकि लोग समझ गए हैं कि भाजपा के लोग राम का नाम लेकर अपनी सियासत चमकाने की जुगत में हैं। आगे कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार केंद्र में आने पर महिलाओं को सालाना एक लाख उनके खाते में दिए जाएंगे।

### जनता ने स्मृति इरानी का अमेठी से वापसी का टिकट किया बुक

**अमेठी, अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने शनिवार को अपने (एक्स) अकाउंट पर स्मृति इरानी और उनके पीआरओ विजय गुप्ता के अमेठी टू दिल्ली का टिकट पोस्ट करते हुए कहा कि जनता ने स्मृति इरानी के अमेठी से वापसी का टिकट बुक कर दिया है। पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अमेठी में जमकर सियासी घमासान मच चुका है। पूर्व कांग्रेस एमएलसी दीपक सिंह ने अपने (एक्स) अकाउंट से पोस्ट करते हुए कहा कि जनता ने स्मृति इरानी के अमेठी से वापसी का टिकट बुक कर दिया है। ट्रेन से इसलिए बुक किया है, क्योंकि उन्होंने अमेठी की कई ट्रेन बंद करवाई हैं। ट्रेन से सफर में स्मृति को गलतियों अमेठी के अपमान और अमेठी के छीने हुए विकास का भी लोग अहसास कराएंगे। आपकी अमेठी से विदाई जरूर हो रही है, लेकिन आप हमारी स्मृति में रहेंगी, क्योंकि अमेठी में फिर से विकास शुरू होगा, देश और दुनिया में फिर से अमेठी का सम्मान बढ़ेगा, यहां के लोगों को छुट्टा जानवरों और महंगाई से निजात मिलेगी। दीपक सिंह के पोस्ट के बाद अमेठी की राजनीति में सियासी घमासान शुरू हो चुका है।



स्मृति को बुक किए गए टिकट।

# आठ साल की बच्ची ने खोला पिता की हत्या का राज

संवाददाता, प्रयागराज

- **प्रेमी संग मिलकर कर दी पति की हत्या**

**अमृत विचार।** प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के चक सिकंदर गांव में ससुराल आए लालमनि की हत्या का राज मृतक की आठ साल की बेटी ने खोल दिया। सुराग मिलने के बाद पुलिस भी आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतारा था। पुलिस के मुताबिक उतरांव के बीदा गांव के रहने वाला लालमनी 45 वर्ष की ससुराल चक सिकंदर गांव में है। लालमनी 15 मई को पत्नी को ससुराल बुलाने के लिए गया हुआ था। उस दौरान लालमनि को रात में ही एक चरी के खेत में अपने प्रेमी शारिक को छिपा दिया था। उसके बाद मौका पाकर पत्नी संतरा ने प्रेमी शारिक के साथ मिलकर हत्या कर दी। लालमनी पत्नी संतरा और शारिक के बीच बाधक बन रहा था। जब इसकी जानकारी हुयी तो वह पत्नी को मारता पीटता था। जिसको लेकर दोनो ने मिलकर इस घटना को अंजाम दे दिया। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि सीडीआर और काल लोकेशन निकाली गयी है। जिसके आधार पर जांच की जा रही है। वहीं एसपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि घटना के बाद गिरफ्तार किये गये आरोपियों से पूछताछ के बाद मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी अपना जुर्म कुबूल कियस है।

# संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> संविधान सभा में पी.एस. देशमुख ने कहा था कि "भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।" सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि, "आयरिश संविधान में, "दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं।"

गांव गली में शोर है-कौवा कान ले गया। किसी ने नहीं देखा। इसने उससे कहा। उसने अगले से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव में भारी बहुमत पाकर संविधान बदल देंगे। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कोई सरकार संविधान समाप्त कर सकती है? क्या कोई सरकार बिना संविधान के ही शासन की संस्थाओं, न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का संचालन कर सकती है? क्या कोई सरकार संविधान के आधारिक लक्षणों-बेसिक फीचर्स का संशोधन या निरसन कर सकती है? सारे प्रश्नों का उत्तर है-नहीं। कौवा कान ले गया लेकिन कान अपनी जगह ही है। कौवा कांव कांव कर रहा है। झूठ मूठ।

बचपन में कथा सुनी थी। एक बारात के सारे लोग भाग रहे थे। एक ने दूसरे से पूछा-आप क्यों भाग रहे हैं? दूसरे ने कहा-आप भी भाग रहे हैं? अगले ने कहा-मुझे क्या पता? सब भाग रहे हैं। सो हम भी भाग रहे हैं। बहुत खोज करने पर पता चला कि एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल की चाभी खो गई थी। वह तेज रफ्तार दौड़कर चाभी खोजने गया था। बाकी लोग देखा देखी अकारण भाग रहे थे। संविधान खात्मे की बहस व्यर्थ है। संविधान साधारण अभिलेख नहीं है। यह राष्ट्र का राजधर्म है। आवश्यकतानुसार संविधान में संशोधन होते रहते हैं। लगभग 105 संशोधन हो चुके हैं। संविधान में ही संविधान संशोधन के प्रावधान हैं। संविधान बदलने और संशोधन करने में मूलभूत अंतर है। संविधान संशोधन विषयक प्रावधान (अनुच्छेद 368-मसौदा संविधान अनुच्छेद 304) पर संविधान सभा में बहस चली थी। एच. वी. कामथ ने कहा था, "संशोधन आखिरकार क्या है? संशोधन का अर्थ हो सकता है संविधान में कुछ परिवर्तन। उसमें कुछ जोड़ना या उसका निरसन।" लेकिन चुनाव में संविधान संशोधन को लेकर कोई बहस नहीं है। संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद है।

संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था कि, "भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।" सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि, "आयरिश संविधान में, "दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं।" शर्त है कि सदनों के विनिश्चय को जनता का बहुमत अनुमोदित करे। स्विस संविधान में भी विधानमण्डल संशोधन विधेयक पारित कर सकता है। लेकिन जनता के अनुसमर्थन की आवश्यकता है।" उन्होंने अनेक उदाहरण दिए। भारत में संशोधन की शक्ति विधायिका में निहित है। उन्होंने सभा में विचाराधीन विधेयक का विवेचन किया कि, "हम संविधान संशोधन को तीन श्रेणियां में बांटते हैं। एक श्रेणी में संसद का साधारण बहुमत पर्याप्त है। दूसरी श्रेणी के संशोधन में दो तिहाई बहुमत आवश्यक है। तीसरी श्रेणी में देश की आधे से अधिक विधानसभाओं का समर्थन आवश्यक है।" यहां संशोधन की पूरी प्रक्रिया औचित्यपूर्ण है।

संविधान सभा में संशोधन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग थी कि आमजन राजनैतिक प्रणाली को बदलने की मांग कर सकते हैं। जन असंतोष प्रकट करने का कोई मार्ग भी होना चाहिए। डॉक्टर आंबेडकर ने कहा, "जो संविधान से असंतुष्ट हैं उन्हें दो तिहाई बहुमत प्राप्त करना होगा। यदि वह व्यस्क मत के आधार पर निर्वाचित संसद में दो तिहाई बहुमत भी नहीं पा सकते तो यह मान लेना चाहिए कि संविधान के प्रति असंतोष में जनता उनके साथ नहीं है।" उच्चतम न्यायालय ने स्थापना दी थी कि हमारे संविधान का कोई भाग ऐसा नहीं है जिसका संशोधन नहीं हो सकता। गोलकनाथ के चर्चित मुकदमे में 11 जजों की विशेष न्यायपीठ ने 6 न्यायाधीशों के बहुमत से पूर्व विनिश्चय को उलट दिया था और कहा था कि, "यद्यपि अनुच्छेद 368 में कोई अलग अपवाद नहीं है। लेकिन मूल अधिकारों की प्रवृत्ति ही ऐसी है कि वह अनुच्छेद 368 में संशोधन प्रक्रिया के अधीन नहीं हो सकते। यदि ऐसे किसी अधिकार का संशोधन करना है तो नई संविधान सभा बुलानी पड़ेगी।"

फिर केशवानंद वाद का चर्चित फैसला आया। गोलकनाथ के वाद के समय से ही प्रश्न उठाया जा रहा था कि, "क्या मौलिक अधिकार (भाग-3) के बाहर भी संविधान का कोई उपबंध है जो संशोधन की प्रक्रिया से मुक्त है?" केशवानंद के मुकदमे में बहुमत ने गोलकनाथ के मत को उलट दिया कि अनुच्छेद 368 के अधीन मूल अधिकारों का संशोधन नहीं हो सकता। एक अन्य बड़ा बात भी न्यायालय ने कही है कि संविधान के कुछ आधारिक लक्षण हैं जिनका संशोधन नहीं किया जा सकता। यदि संविधान संशोधन अधिनियम संविधान की आधारिक संरचना में परिवर्तन के लिए है तो न्यायालय उसे शक्तिवाह्य के आधार पर शून्य घोषित करने का अधिकारी होगा। न्यायालय ने भारत की सम्प्रभुता, अखण्डता, पंथनिरपेक्ष प्रणाली, न्यायिक पुनर्विलोकन, संसदीय प्रणाली आदि अनेक विषयों को संविधान के आधारिक लक्षण बताए।

दरअसल चुनाव के मूलभूत मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इंडिया गठबंधन संविधान खत्म करने की निराधार कल्पना दोहरा रहा है। संविधान में आपातकाल के लिए देश की आतंरिक अशांति को आधार बताया गया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी ही आतंरिक अशांति से पीड़ित थीं। देश में शांति थी। लोकतांत्रिक आन्दोलन बेशक थे। उन्होंने आपातकालीन प्रावधान (अनुच्छेद 352) का दुरुपयोग किया। इंडिया गठबंधन को आपातकाल 1975-77 के समय पारित 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 का अध्ययन करना चाहिए। 42 वें संशोधन के माध्यम से संविधान के 53 अनुच्छेद एक साथ बदले गए। सातवीं अनुसूची में भी परिवर्तन किए गए। महत्वपूर्ण सिद्धान्तों को बदल दिया गया। संविधान के किसी उपबंध का उल्लंघन करने के आधार पर उसकी संवैधानिकता को चुनौती देने के लिए संघ और राज्यों के कानून में भेद किया गया। यह उपबंध किया गया कि कोई उच्च न्यायालय किसी केन्द्रीय विधि या जिसमें ऐसी विधि के अंतर्गत अधीनस्थ विधान भी सम्मिलित है, संविधान विरुद्ध होने के आधार पर अविधि मान्य नहीं कर सकेगा।"

42वां संशोधन न्यायपालिका की शक्ति को घटाने वाला था और मौलिक अधिकारों की भी। उच्चतम न्यायालय अपनी अधिकारिता (अनुच्छेद 32) में किसी राज्य विधि को असंवैधानिक घोषित नहीं करेगा। संविधान संशोधन अधिनियमों के न्यायिक पुनर्विलोकन के अधिकार का भी संशोधन हुआ। उपबंध किया गया कि जिस विधि को संविधान संशोधन विधि बताया जाएगा, उसे न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। नीति निदेशक तत्व (अनुच्छेद 37) किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। लेकिन उपबंध किया गया कि किसी निदेशक तत्व को क्रियान्वित करने वाली विधि को मूल अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर न्यायिक पुनर्विलोकन से मुक्त रखा जाएगा। यह मूल संविधान के ठीक उल्टा है। संविधान क तहस नहस करने का यह प्रयास निन्दनीय है।

श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान और उसकी आत्मा को ही कुचल दिया था। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी की सरकार आई। नई सरकार ने 43वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से न्यायिक पुनर्विलोकन के न्यायपालिका के अधिकार की बहाली की। सभी जनविरोधी प्रावधानों को निरस्त कर दिया गया। भारतीय संविधान के इतिहास में संविधान के साथ छेड़खानी का निन्दनीय कृत्य दूसरा नहीं मिलता। संविधान के प्रति भारतीय जन गण मन की निष्ठा है। संविधान बदलने या पूरा संविधान ही खारिज करने और तानाशाही लाने जैसे आरोप हास्यास्पद हैं। वे संविधान बदलने या हटाने की बात उठाकर आपातकाल की संवैधानिक त्रासद याद दिला रहे हैं। इस दृष्टि से उनका यह कृत्य उपयोगी है। आपातकाल संवैधानिक त्रासदी है। आपातकाल की तानाशाही अत्याचार और संविधान को तहस-नहस करने के कृत्यों का पाठ और पुर्नपाठ जरूरी है।

# स्वपक्ष की स्थापना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हम में से मुझ जैसे सचमुच के "रिटायर्ड" लोग निष्क्रिय जीवन जीने के लिए नियतिबद्ध हैं। ऐसे में बीवी से झगड़ने, सोशल मीडिया पर विचरण करने और टीवी देखने के अलावा कोई काम नहीं। टीवी पर लगातार घमासान।

मन में वैराग्य भाव आना सहज है, लेकिन नहीं आता। कुछ चुने हुए लोग हैं, जिन्हें हर चैनल पर एक-दूसरे का पानी उतारने की कला आजमाने का मौका मिलता है। कुछ देर बाद दो लोग एक साथ तारसप्तक में बोलना शुरू कर देते हैं। फिर तो किसी का भी कहा समझ में नहीं आता। झुंझलाकर एक चैनल बंद कीजिए तो दूसरे पर फिर वही चीख पुकार। भारतीय टीवी अतिशय उत्सवधर्मी है। हर चीज को उत्सव में बदल देना उसके लिए बाएं हाथ का खेल है। आगजनी हो रही हो, मारपीट हो रही हो, गोली चल रही हो, मिसाइल और रॉकेट चल रहे हों, उसके सतत उत्सव के हिस्से बन जाते हैं। दृश्य की त्रासदी और बीभत्सता से जुगलबंदी करते स्वर का उत्साह और उन्माद में चिचियाना काबिले तारीफ है। बिना स्वर साधना के ऐसी एकतारता नहीं आ सकती।

भारतीय टीवी जीवन की नश्वरता का बोध कराने के लिए रामबाण है। कोई भी स्कूप भयंकर से भयंकर हो, एक ही दिन स्कूप रहता है। एक दिन सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम निर्णय ने दिन भर तहलका मचाया। बीच-बीच में समय मिला तो पाकिस्तान, नहीं राजनीतिक पहलवानों का दंगल। अभी तक के सबसे बड़े पहलवान की हुंकार और उसे चित करने के लिए कई छोटे पहलवानों का जमघट। फिलहाल पाकिस्तान और दंगल यही दोनों स्थाई राग हैं। पहलवानों का दंगल और सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक माने जा रहे फैसले तो कुछ-कुछ समझ में आते हैं, लेकिन पाकिस्तान में क्या हो रहा है, समझ से परे है। हमारे यहां की तरह वहां भी टीवी पर लोग वही घमासान मचाए हुए हैं। उसी स्टाइल में। अंतर सिर्फ इतना है कि वहां सिर्फ दो पक्ष हैं, लेकिन दोनों घनघोर। एक दिन तो ऐसा लगा, जैसे यूक्रेन युद्ध का लघु रूप सरक कर हमारे पड़ोस में आ बैठा हो, जो भी हो, दुःखद है। इस गुमान में न रहें कि हमारे यहां ऐसे हालात नहीं पैदा हो सकते।

हम दोनों के जीन्स एक ही हैं भाई। नैयायिक वाद-विवाद-संवाद के अखाड़े के धुरंधर पहलवान थे। तर्क-वितर्क-कुतर्क पर जितना काम कर गए हैं, उससे एक इंच आगे बढ़ना शिव का धनुष तोड़ना है। बटुली के चावल की तरह बस पांच दाने देख लेना पर्याप्त होगाः- वाद उस विचार को कहते हैं जिसमें प्रमाणों और तर्कों के सहारे विपक्ष का खंडन करके स्वपक्ष की स्थापना की जाती है और जिसमें अंतिम निर्णय किसी सर्वस्वीकृत सिद्धांत के विरुद्ध नहीं जाता। वाद में वादी और प्रतिवादी दोनों अपने मत की पुष्टि और विपरीत मत का खंडन करना चाहते हैं, किंतु दोनों का उद्देश्य यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना ही होता है।

तर्क-उस युक्ति को कहते हैं जिससे प्रतिपाद्य विषय की सिद्धि के लिए उसकी विपरीत स्थापना का दोष दिखाया जाता है। जैसे कार्य-कारण संबंध दिखाने के लिए कहा जाता है, जिस चीज में धुआं होगा, उसमें आग भी होगी, क्योंकि आग ही धुएं का कारण है और बिना कारण के कोई कार्य होता नहीं। विरोधी कह सकता है, कहीं-कहीं बिना आग के भी धुआं हो सकता है। (नैयायिकों के अनुसार) इसका जवाब होगा, यदि बिना कारण के कार्य हो सकता है तो खाना पकाने के लिए आप आग क्यों खोजते हैं? (बिजली को भी आप आग का एक आधुनिक रूप मान सकते हैं)। यहां यह स्पष्ट कर दिया जाए कि 'तर्क' का उद्देश्य हमेशा यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना होता है।

# अति पर्यटन से जाम में फंसता उत्तराखंड



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> गढ़वाल में यातायात की स्थिति ज्यादा खराब है, क्योंकि चारधाम यात्रा शुरू होते ही क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है।

गर्मियों की शुरुआत और चारधाम यात्रा के शुरू होने के साथ ही उत्तराखंड की सड़कों में पर्यटकों की भीड़ नजर आने लगी है। कुमाऊं में हल्द्वानी से आगे नैनीताल मार्ग पर और गढ़वाल में हरिद्वार-ऋषिकेश, देहरादून-मसूरी और यमनोत्री-गंगोत्री की सड़कों पर रोज जाम की स्थिति बनी हुई है। मई-जून में बच्चों के स्कूल बंद होते ही लोग नैनीताल,मसूरी और चारधाम की यात्रा पर दौड़ने लगते हैं। अगर देहरादून मसूरी, हरिद्वार और नैनीताल की बात करें तो इन नगरों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि ये अपने आकार में बहुत छोटे हैं और अचानक आने वाली भीड़ को बमुश्किल संभाल पाते हैं।

हल्द्वानी से नैनीताल की ओर जाने वाली सड़क कम चौड़ी है। हर कोई अपने वाहन से ही नैनीताल जाना चाहता है। अप्रैल से जुलाई तक के चार महीना में यहां पर्यटकों की भीड़ ऐसे टूट पड़ती है,जैसे साल के बाकी बचे महीना में यहां घूमने,फिरने,देखने लायक चीजों का अकाल पड़ जाएगा। नतीजन कई किलोमीटर का जाम लग जाता है। नैनीताल में पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थल नहीं है और न ही नैनीताल में इतनी भीड़ को सहने की क्षमता है। यही कारण है कि पुलिस को वाहनों को नैनीताल से कुछ किलोमीटर पहले रोकना पड़ता है और वहां से सटल सेवा के द्वारा लोगों को नैनीताल पहुंचाया जाता है। यह ठीक है कि दिल्ली से रुद्रपुर, हरिद्वार-देहरादून तक फोरलेन हाईवे बन जाने के बाद हर वक्त लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिली है,लेकिन उससे आगे की सड़क कम चौड़ी होने के कारण आए दिन वाहनों को घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। इसलिए यदि आप इन जगहों पर जा रहे हैं तो मानसिक रूप से तैयार होकर जाइए की कई जगहों पर आपको जाम में फंसना पड़ेगा।

गढ़वाल में यातायात की स्थिति ज्यादा खराब है, क्योंकि चारधाम यात्रा शुरू होते ही क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है। धामों के कपाट खुलते ही यात्री इनके दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। कुछ दिन पहले गंगोत्री राजमार्ग पर गंगनानी से हर्षिल तक करीब 60 किलोमीटर क्षेत्र में वाहन जाम में फंस गए। इस कारण कई श्रद्धालु उत्तरकाशी से बिना दर्शन किए ही वापस लौट गए। सरकार चाहे कितनी भी घोषणाएं करें,कागजों पर कितनी भी व्यवस्थाएं बनाएं, लेकिन पर्यटन और धार्मिक स्थल के आसपास लोगों को परेशानी से बचाने का कोई समुचित तंत्र आज तक विकसित नहीं हो पाया है। चारधाम यात्रा के शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में इस बार 45 प्रतिशत यात्री ज्यादा पहुंचे हैं। अब इनमें से कितने असल धार्मिक यात्री हैं और कितने सिर्फ घूमने फिरने वाले यूट्यूबर हैं,यह बता पाना कठिन है। सरकार भले ही बढ़ती भीड़ को देखकर उसे अपनी उपलब्धि बताएं, पर भूवैज्ञानिक मानते हैं कि यात्रियों की बढ़ती भीड़ और अति पर्यटन आपदा को निमंत्रण है। ज्यादा लोग यानी ज्यादा गाड़ियां और ज्यादा कार्बन उत्सर्जन,जो सीधे-सीधे हिमालय के ग्लेशियर को प्रभावित करता है।

वाहनों का शोर,उनसे निकलता धुआं और हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट से पहाड़ की जैव विविधता प्रभावित हो रही है। वन्य जीवों के व्यवहार में परिवर्तन देखा गया है और वे अपने प्राकृतिक आवास स्थलों से पलायन कर रहे हैं। पहले पहाड़ पर जाने के कुछ अलिखित नियम थे। यात्रा आस्था और विश्वास से जुड़ी थी। साथ ही उन अलिखित नियमों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी थे। जिन पहाड़ी कंदराओं पर हमारे पूर्वज जोर से आवाज करने को भी प्रतिबंधित मानते थे,आज वहां बेधड़क हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट गूंज रही है। सड़क चौड़ीकरण के लिए धड़ल्ले से डायनामाइट फोड़े जा रहे हैं और चार धाम परियोजना जिसे ऑल वेदर रोड का सुनहरा नाम दिया गया है,उसके लिए साठ हजार से अधिक हरे पेड़ों की बलि चढ़ा दी गई। केदारनाथ की शांत वादियों में उसकी सांस्कृतिक मौलिकता में बदलाव नजर आने लगा है। कपाट खुलने के बाद वहां ढोल- नगाड़ों की थाप पर लोग नृत्य कर रहे हैं। रीले बन रही है,सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाए जा रहे हैं। आस्था के नाम पर नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन असल सवाल यह है लोगों को इतने संवेदनशील क्षेत्र में ऐसा करने की अनुमति किसने दी और शिव के धाम में इन सब का होना कितना जायज है।

यह सही है कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यात्रियों की बढ़ती संख्या के आंकड़ों को देखकर सरकार भी खुश होती है। कई लोगों की जीविका इस यात्रा पर निर्भर है,लेकिन यहां पर हमें यह भी याद रखना होगा की जो फसल हमारा पेट भरती है,उसके बीजों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। हमें यात्रा के नाम पर अति पर्यटन से बचना होगा, क्योंकि किसी भी चीज की अति अंततः नुकसान ही पहुंचाता है। हमें तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना होगा। चारो धामों को तीर्थ स्थल ही बने रहने दें। उन्हें मौज मस्ती और पिकनिक का स्थान न बनाया जाए। बद्रीनाथ और केदारनाथ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए यात्रियों की संख्या को निर्धारित किया जाना चाहिए। इसके अलावा सुविधा के नाम पर केदारनाथ में शुरू की गई हेलीकॉप्टर सेवा को भी सीमित किया जाए और पैदल यात्रा को प्रोत्साहन मिले।

# 'बेटी संरक्षिका दंपति' का प्रशस्ति-पत्र



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सामान्यतया महिला सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया जाता है। सरकार द्वारा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रस्ताव भी संसद में लाया गया,लेकिन लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बहुत उत्साहवर्धक नहीं रही। महिला सशक्तिकरण के तहत केवल सुसंपन्न एवं उच्च आभामंडल के अलावा मध्यम तथा निचले तबके की महिलाओं की भी भागीदारी होनी चाहिए।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अन्य प्रभावकारी कदम उठाने की जरूरत है। मसलन किसी दंपति को सिर्फ बेटियां ही हैं और परिवार में उनका बेटे जैसा ही पालन-पोषण हो रहा तथा अब बेटे होने की कोई उम्मीद नहीं है तो ऐसी दंपत्ति को 'बेटी संरक्षिका' संबंधित प्रशस्तिपत्र दिया जाना चाहिए। ऐसी दंपति में माता या पिता कोई भी शासकीय सेवा में हैं तो उन्हें उनकी सेवा पुस्तिका में भी प्रशस्ति अंकित किए जाने के साथ 'बेटी संरक्षण' का इंक्रीमेंट दिया जाना चाहिए। यदि ऐसी दंपति सरकारी सेवा में नहीं हैं तो उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ वरीयता के आधार पर दिया जाना चाहिए। सिर्फ बेटियों वाले घर की छात्राओं को शिक्षा में विशेष सुविधाएं दी जानी चाहिए।

इस तरह के निर्णय से प्रथमतः लिंग-परीक्षण एवं भ्रूण-हत्या जैसे कदम पर रोक लगेगी। सिर्फ बेटियों के माता-पिता होने की हीन भावना पैदा किए जाने पर भी नियंत्रण होगा तथा समाज में तेजी से घटती महिलाओं की संख्या में कमी आएगी। अन्यथा 'मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की' जैसी स्थिति बनी रहेगी। केवल भाषणों में महिला सशक्तिकरण की राग अलापने के बहुत सार्थक परिणाम नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

# मेघ की लिपि



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मुझे जल्दी तो हो रही थी, किंतु जल का आग्रह टालता भी कैसे? अथाई पर दो मिनट को रुक कर जल पिया और उसी तेजी से चलने लगा। पीछे से टेर लगी, भगतजी के घर तक न पहुंच पाओगे, भीग जाओगे। ये पड़पड़ी वाला बादल है।

बीते दिनों यहां बादल छाये हुए थे,उन्हें देखकर प्रसन्न तो हुआ था,किंतु अपने अज्ञान पर लज्जित भी हुआ था कि इन्हें देखकर मैं कुछ भी नहीं पढ़ सका हूं। पुरानी बात याद आई,अवकाश के दिनों में तिरुपति-विश्वविद्यालय के प्रोफेसर-अध्यक्ष डॉ.चन्द्रभान रावत घर पर ही आ जाते थे,जब तक वे लोहवन में रहते,तब तक या तो वे मुझे बुला लेते अथवा वे स्वयं ही संध्या के समय मेरे घर पधारते। एक दिन लोहवन में उनके घर जा रहा था,जैसे ही लोहवन के दगरे में उतरा कुछ बादल पूरब की ओर से उठे, रास्ते में अथाई पर कुछ लोग बैठे हुए थे,बुलाया, पानी पी जाओ।

मुझे जल्दी तो हो रही थी,किंतु जल का आग्रह टालता भी कैसे? अथाई पर दो मिनट को रुक कर जल पिया और उसी तेजी से चलने लगा। पीछे से टेर लगी,भगतजी के घर तक न पहुंच पाओगे,भीग जाओगे। ये पड़पड़ी वाला बादल है। मुझे मेघ का ज्ञान तो था नहीं और तब तक धरती पर एक भी बूंद नहीं आई थी,मैंने सोचा कि बूंदा-बांदी भी हुई तो रावतजी का घर यहां से आधी किलोमीटर ही तो है। बहुत तेजी से कदम बढ़ा दिए,किंतु बादल की तेजी के सामने मेरी तेजी फेल हो गई। इतनी तेजी से पड़पड़ी आई कि मैं तो एक-दो मिनिट में ही आपाद-मस्तक भीग चुका था।

अथाई पर बैठे उस जनपद-जन के मेघ संबंधी ज्ञान को आज तक याद कर लेता हूं,मुझे उसका आदेश मानना चाहिए था,सोच लेता हूं कि वह जानपद-जन गुरु के रूप में नमस्करणीय था। उससे एक विद्या सीख सकता था! मेघ-विद्या कैसा पढ़ा-लिखा हूं? मेघ की लिपि को पढ़ना नहीं सीखा?

# किसी व्यक्ति के बौद्धिक स्तर का कारण: एक वैज्ञानिक विश्लेषण



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

> वास्तव में किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता उसकी मानसिक संरचना पर निर्भर करती है। यह मानसिक संरचना उसके मस्तिष्क और शेष शरीर की संरचना पर निर्भर करती है।

परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राएं,माता-पिता और गुरुजन के परिश्रम के अतिरिक्त, अपनी अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कारों को ग्रहण करने के लिए स्वयं उत्तरदायी हैं। उनकी शारीरिक और मानसिक संरचना और माता-पिता द्वारा प्राप्त जीन्स इसके लिए उत्तरदायी हैं। साथ ही इस संरचना में वातावरण और परिस्थितियों का भी योगदान है। गर्भावस्था की अनेक परिस्थितियां भी बच्चों की इस शारीरिक और मानसिक संरचना के लिए उत्तरदायी हैं।

वास्तव में किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता उसकी मानसिक संरचना पर निर्भर करती है। यह मानसिक संरचना उसके मस्तिष्क और शेष शरीर की संरचना पर निर्भर करती है। ये दोनों बातें व्यक्ति के जीन्स और गर्भकाल की परिस्थितियों और बाद में जीवन भर की विशेष रूप से बचपन की परिस्थितियों और वातावरण पर निर्भर करती हैं। उदाहरण के लिए डाउन सिन्ड्रोम, फ्रेजाइल एक्स सिन्ड्रोम, फेनाइल कीटोनूरिया, रेट सिन्ड्रोम, प्रेडर विली सिन्ड्रोम, रे सैक्स डिजीज, विलियम्स सिन्ड्रोम जैसी अनेक बीमारियां होती हैं, जो क्रोमोजोम्स पर निर्भर करती हैं, जो जीन्स द्वारा निर्धारित होती हैं। ये जीन्स के म्यूटेशन्स के कारण उत्पन्न हो सकती हैं, जो आनुवांशिक होती हैं और व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक संरचना तथा उनके इन गुणों को प्रभावित करती हैं। इन शारीरिक दोषों के होने पर व्यक्ति की बुद्धिमत्ता प्रभावित होती है। ये दोष गर्भावस्था में ही निश्चित हो जाते हैं। बुद्धिमत्ता को निर्धारित करने के अनेक जीन्स होते हैं। यह एक बहुत जटिल तंत्र होता है। ये जीन्स पीढ़ी दर पीढ़ी जाते हैं। इसलिए बुद्धिमान परिवार में पैदा हुए बच्चे आम तौर पर बुद्धिमान होते हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं होता है। बुद्धिमान माता-पिता की संतान कम बुद्धि की अथवा कम बुद्धि के माता-पिता की संतान अधिक बुद्धि की हो सकती है। यदि माता-पिता के जीन्स में कमी नहीं है, केवल उनके मस्तिष्क की किसी बीमारी या दोष के कारण उनकी बुद्धिमत्ता प्रभावित हुई है तो उनकी संतान सामान्य होगी। अथवा किसी के जीन्स में भी कोई कमी या अच्छाई होने के बावजूद ऐसा हो सकता है कि उनकी संतान विपरीत गुणों की हो। ऐसा जीन्स के जटिल संयोजनों, पुरानी जीन्स के सामने आ जाने,नए जीन्स के छिप जाने, डॉमिनेन्ट और रिसेसिव जीन्स की परस्पर क्रियाओं और म्यूटेशन्स एवं अन्य जटिल कारणों के कारण हो सकता है। आनुवांशिक और जेनेटिक कारणों के अतिरिक्त बुद्धिमत्ता बच्चे की बचपन और उसके बाद की भी परिस्थितियों पर भी निर्भर करती है। उसे पढ़ने का कैसा वातावरण मिला है, उसके माता-पिता का व्यवहार कैसा है, उसके गुरुजन कैसे हैं, उसका स्वास्थ्य कैसा है, उसे कैसा भोजन और कैसे पौष्टिक पदार्थ मिल रहे हैं और वातावरण में प्रदूषण तो नहीं है, जैसे अनेकानेक कारण इसे निर्धारित करते हैं।

इस संदर्भ में हेलेन केलर की कहानी प्रासंगिक है। अमेरिका की हेलन एडम्स केलर का जन्म 27 जून 1880 को हुआ था। जन्म के समय वह एक सामान्य बच्ची थी। 19 माह की आयु में उसे दिमागी बुखार हो जाने के कारण उसके मस्तिष्क पर प्रभाव पड़ा,क्योंकि हमारा मस्तिष्क ही हमारे सभी संवेदी अंगों को नियंत्रित करता है, संवेदनाओं को समझता है, अंगों को चलाता है, इसलिए वह दृष्टिहीन और बधिर हो गई। वह बधिर थी इसलिए वह मूक भी हो गई, क्योंकि बच्चे सुनकर ही बोलना सीखते हैं। उसके माता-पिता बहुत दुःखी हुए। वे समझ नहीं पा रहे थे कि वे अपनी पुत्री को जीवन निर्वहन के योग्य कैसे बनाएं, कैसे वह अपना जीवन काटेगी। वह बेचारी बच्ची भागती थी, अवरोधों से टकराती थी और गिरती थी। उसके माता-पिता ने उस बच्ची के साथ संपर्क करने के लिए उसे कुछ घरेलू चिन्ह सिखाए। उसके जीवन में एक मोड़ तब आया जब 7 वर्ष की आयु में उसे अध्यापिका एनी सलीवान मिली। एनी अपने जीवनभर केलर के साथ रहीं। एनी सलीवान स्वयं लगभग दृष्टिहीन थीं। 5 वर्ष की आयु में उन्हें ट्रेकोमा रोग हो जाने के कारण उनकी दृष्टि लगभग समाप्त हो गई थी। सलीवान ने हेलन को लिखना और पढ़ना सिखाया। यह एक बहुत श्रमसाध्य कार्य था। हेलन पढ़ती गईं। उसने स्कूली शिक्षा और फिर कॉलेज की शिक्षा प्राप्त की। उसने किसी व्यक्ति के होठों और गले को छूकर यह जानना सीखा कि वह क्या बोल रहा है। स्वयं हेलन ने बोलना सीखा।

हम इस बात की दुष्करता को समझ सकते हैं कि कैसे उसने बिना सुने बोलना सीखा होगा। वह एक बहुत प्रसिद्ध लेखिका बनीं, सामाजिक कार्यकत्री बनीं, राजनेत्री बनीं और व्याख्यान कत्री बनीं। अनेक देशों में गईं और वहां पर अपने भाषण दिए। उन्होंने अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए। उनके ऊपर नाटक खेले गए। उनके ऊपर पुस्तकें लिखी गईं और उनके ऊपर फिल्म बनाई गई। उनको मिलने वाला वातावरण यह दिखाता है कि कैसे किसी व्यक्ति के मानसिक स्तर और उसकी शैक्षिक और बौद्धिक उपलब्धियों में जीन्स और परिस्थितियों दोनों की ही भूमिका होती है।

# अकेलेपन का दंश



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक उम्र के बाद विश्वास या भरोसा कम होने लगता है जिससे व्यक्ति अपने को सीमित कर लेता है। यही स्थिति अकेलेपन की ओर ले जाती है।

वर्तमान भौतिकवादी युग में जबकि मनोरंजन के अनेकों साधन उपलब्ध हैं। मनुष्य में व्यक्तिवाद की भावना हावी होती जा रही है। यही कारण है कि मनुष्य अकेलेपन या एकांकी जीवन जीने को मजबूर हो रहा है। खासकर उम्र के उस पड़ाव में जब इंसान रिटायर होकर घर बैठ जाता है तो उसका अपने दोस्तों और सहकर्मियों से संवाद भी कम होने लगता है। यही से वो अपने को अकेला महसूस करने लगता है या एकांतवासी होने लगता है।

इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक उम्र के बाद विश्वास या भरोसा कम होने लगता है जिससे व्यक्ति अपने को सीमित कर लेता है। यही स्थिति अकेलेपन की ओर ले जाती है। यह वो समय है जब बच्चे नौकरी के लिए तनाव में हैं या नौकरी के लिए शहर से बाहर हैं और घर पर भी हैं तो संवादहीन हो चले हैं जिससे बुजुर्गों का एकाकीपन और भी ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है।

यह अकेलापन व्यक्ति को अवसाद और नकारात्मकता की ओर ले जाने का बड़ा कारण भी है। विगत कई वर्षों से कोरोना,बेरोजगारी,महंगाई, बीमारी आदि के तनाव से भी मनुष्य अवसाद कुंठा और निराशा से घिर रहा है। जरूरत है समाज को खुशहाल बनाकर,गिरते हैप्पीनेस इंडेक्स को सुधारने की ताकि अकेलेपन में जी रहे लोगों को इससे उबारा जा सके,उनमें खुशी का एहसास पैदा किया जा सके। इसके लिए संयुक्त प्रयास की आवश्यकता होगी। संवाद के साथ-साथ लोगों को समाज में जोड़ने और छोटी-छोटी खुशियों और आयोजनों में शामिल करने के सार्थक प्रयासों की जरूरत होगी अन्यथा समाज में एकांकी जीवन जीने वाले इस दंश से बाहर नहीं निकल सकते।

# बहुमत का रथ या संघर्ष का अग्निपथ

## पांचवें चरण में मतदान के साथ ही 428 लोकसभा सीटों का चुनाव तय कर देगा दोनों गठबंधनों का भविष्य

मनोज त्रिपाठी

पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर मतदान के बाद 428 लोकसभा सीटों पर चुनाव खत्म हो जाएगा और मतगणना का काउंट डाउन शुरू हो जाएगा। इसी के साथ बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा इस चरण में 300 का आंकड़ा छू लेगी या 2019 की 303 सीटों से आगे निकल जाएगी। कुछ ऐसा ही यक्ष प्रश्न इंडिया गठबंधन के सामने भी है कि क्या वह अपनी जीत की संभावना 200 सीटों तक पहुंचाने में सफल हो पाया है। गृह मंत्री अमित शाह और तमाम भाजपा नेता चौथे चरण के बाद पार्टी को बहुमत मिलने का दावा कर रहे हैं, तो इंडिया गठबंधन की ओर से भाजपा के 200 से 220 सीटों पर सिमटने की भविष्यवाणी की जा रही है। अब कौन सही और कौन गलत हैं, इसका पता तो चार जून को मतों की गणना में ही चलेगा। फिलहाल पांचवें चरण की 49 सीटों में पिछली बार के नतीजों के आईने में पलड़ा भाजपा का ही भारी नजर आ रहा है।

सोमवार को पांचवे चरण में जिन 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें एक दर्जन सीटें ऐसी किसी न किसी पार्टी का गढ़ हैं। इन 12 सीटों पर एक ही दल पिछले तीन चुनावों से जीत हासिल करता चला आ रहा है। इन 12 में से पांच सीटों पर भाजपा 2009, 2014 और 2019 में कमल खिलाने के बाद इस बार जीत का चौका लगाने को तैयार है। पांचवें चरण की इन 49 सीटों में 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छह और कांग्रेस ने 14 सीटें जीती थीं। लेकिन 2014 में कांग्रेस सिर्फ दो सीटें जीत सकी और 2019 में महज एक सीट पर ही सिमट गई थी। इसके मुकाबले 2014 में भाजपा ने 27 और 2019 में 32 सीटें जीत ली थी।

### पांचवें चरण की 49 सीटें पर प्रदर्शन

| | चुनाव वर्ष 2009 | चुनाव वर्ष 2014 | चुनाव वर्ष 2019 |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 06 | 27 | 32 |
| कांग्रेस | 14 | 02 | 01 |

**बड़ा सवाल** भाजपा 300 का आंकड़ा छू लेगी या 2019 में मिली 303 सीटों से आगे निकलेगी
इंडिया गठबंधन क्या जीत का आंकड़ा 200 सीटों तक पहुंचाने में सफल हो पाया



**12** सीटों पर एक ही दल ने जीते हैं लगातार पिछले तीन चुनाव

**05** सीटों पर भाजपा इस बार जीत का चौका लगाने को तैयार

### 2019 में पांचवें चरण में यह था दलीय प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| भाजपा | 32 |
| शिवसेना | 07 |
| टीएमसी | 04 |
| कांग्रेस | 01 |
| जेडीयू | 01 |
| एलजेपी | 01 |
| बीजद | 01 |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | 01 |
| अन्य | 01 |

### 25 सीटों पर इस बार भी भाजपा सबसे मजबूत दावेदार

- इस बार पांचवें चरण की 49 में 25 सीटों पर भाजपा को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि पिछले तीन में से दो लोकसभा चुनाव में पार्टी ने इन 25 सीटों पर कमल खिलाया है। इस आंकड़े के हिसाब से कांग्रेस सिर्फ दो सीटों पर ही मजबूत है।

### चार सीटों पर हुआ था नजदीकी मुकाबला

पांचवें चरण में सिर्फ चार सीट ऐसी हैं, जिन पर 2019 के चुनाव में जीत का अंतर बहुत कम था। इनमें उत्तर प्रदेश की कौशांबी, ओडिशा की बोलनगीर, पश्चिम बंगाल की बैरकपुर और आरामबाग सीटें शामिल हैं। इनमें तीन सीटें भाजपा ने जीती थीं, जबकि आरामबाग में टीएमसी विजयी रही थी।

### सात राज्यों में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला था

- पांचवें चरण के जिन आठ राज्यों में चुनाव है, उनमें सात राज्यों में कांग्रेस को 2019 में से एक भी सीट नहीं मिली थी। कांग्रेस केवल उत्तर प्रदेश में रायबरेली की सीट ही जीत सकी थी जबकि अमेठी सीट पर उसे हार मिली थी।

# महाराष्ट्र में आखिरी 13 सीटों पर जीत की चाबी तो उत्तर भारतीयों के पास

चुनाव डेस्क

- भाजपा और राज ठाकरे के साथ से एक वर्ग में नाराजगी
- 2019 में शिवसेना ने सात और भाजपा ने जीती थीं छह सीटें

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र में पांचवें चरण में 13 लोकसभा सीटों धुले, डिंडोरी, नासिक, कल्याण, पालघर, भिवंडी, ठाणे, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पूर्व, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर मध्य सीट पर वोट पड़ेंगे। 48 सीटों पर मतदान प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इन 13 सीटों में 10 सीटें ऐसी हैं, जहां उत्तर भारतीय मतदाता 25 से 35 प्रतिशत तक हैं। 2019 के चुनाव में इन 13 सीटों में भाजपा ने छह और शिवसेना ने सात सीटें जीती थी।

लेकिन तब शिवसेना और भाजपा साथ-साथ थी। अब शिवसेना दो फाड़ हो गई है, तो शहर पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी दो हिस्सों में बंट चुकी है। राज्य में बदले हुए राजनीतिक समीकरणों में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। भाजपा ने बढ़त लेने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है।

भाजपा शासित राज्यों के पांच मुख्यमंत्री डेरा डाले हैं। उत्तर भारतीय मतदाताओं के बीच खास मेहनत की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में 20-22 सभाएं कर चुके हैं। विगत दिवस मुंबई में रोड शो करने के बाद अगले दिन रैली की है। भाजपा अगर महाराष्ट्र में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना चाहती है, तो नतीजों से असली और नकली शिवसेना की लड़ाई का भी फैसला होना है। 10 सीटों पर उत्तर भारतीय, मुस्लिम और दलित मतदाता महत्वपूर्ण हो गए हैं। उत्तर भारतीय मतदाताओं का समर्थन भाजपा को ज्यादा मिलता रहा है, लेकिन भाजपा द्वारा राज ठाकरे का साथ लेने का संदेश उत्तर भारतीयों के बीच अच्छा नहीं गया है। कांग्रेस और उसके साथ महा विकास अघाड़ी में शामिल राकांपा शरद पवार तथा शिवसेना उद्धव ठाकरे इसी नाराजगी को भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें मुस्लिम मत मिलने का भी भरोसा है।

### पीयूष गोयल की पहले चुनाव में हो रही है अग्नि परीक्षा



मुंबई उत्तर सीट से केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल का मुकाबला अभिनेता-राजनेता भूषण पाटिल से है। 2019 में भाजपा के गोपाल सी. शेट्टी ने इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर को 4.65 लाख वोटों से हरा दिया था। पीयूष गोयल तीन बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

### डिंडोरी में केंद्रीय मंत्री भारती पवार को छूट रहा पसीना



- डिंडोरी में भाजपा तीन बार से जीत रही है। यहां इस बार सांसद और केंद्रीय मंत्री भारती प्रवीण पवार का मुकाबला राकांपा भास्कर भगरे से हो रहा है। भारती 2014 में राकांपा से चुनाव लड़कर हार गई थीं। 2019 में भाजपा से जीती थीं। लोकसभा क्षेत्र की छह में से चार विधानसभा सीटें राकांपा के पास हैं।



### मुख्यमंत्री शिंदे के पुत्र डॉ. श्रीकांत लगा पाएंगे हैट्रिक

- कल्याण लोक सभा सीट से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे डॉ. श्रीकांत शिंदे चुनावी जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में जुटे हैं। श्रीकांत ने 2014 और 2019 में शिवसेना के टिकट पर कल्याण में जीत हासिल की थी। उनके सामने मैदान में शिवसेना (उद्धव) की वैशाली डारेकर राणे हैं।

### वकील उज्जवल निकम को वर्षा गायकवाड़ से कड़ी चुनौती



मुंबई उत्तर मध्य सीट पर भाजपा की तरफ से उतरे हाई प्रोफाइल वकील उज्ज्वल निकम पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला मुंबई कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ से हो रहा है। वर्षा धरावी से चार बार विधायक चुनी जा चुकी हैं और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रही हैं। यहां पिछले दो चुनाव भाजपा की पूनम महाजन ने जीते थे।

### भिवंडी में केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल कांटे की संघर्ष में फंसे



- भिवंडी से केंद्रीय मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें शरद पवार की एनसीपी के प्रत्याशी सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे कड़ी टक्कर दे रहे हैं। यहां 2019 में पटेल ने कांग्रेस के सुरेश तावड़े को डेढ़ लाख मतों से हराया था।

## नवीन पटनायक किला बचाने में लगे, कांग्रेस तीसरे नंबर पर पिछड़ती आ रही नजर

# ओडिशा में बीजद पर बढ़त बनाती दिख रही भाजपा

**20** मई को विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान होगा



ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से इस बार मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक दोहरे दबाव में हैं। भाजपा राज्य में सरकार बनाने के साथ ही लोकसभा चुनाव में अधिकतर सीटें जीतने का दावा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो अपनी सभाओं और रैलियों में भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथग्रहण में लोगों से आने की अपील करके पटनायक को सीधी चुनौती दे रहे हैं। इसी माहौल में 20 मई को पांचवें चरण में राज्य में पांच लोकसभा सीटों बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलनगीर, कंधमाल और अस्का में वोट पड़ेंगे। राज्य में कुल 21 लोकसभा सीटे हैं। 2019 के चुनाव में इन पांच में से चार सीटें भाजपा ने जीती थीं। बीजद एक ही सीट जीत पाया था। ओडिशा में लोकसभा चुनाव में 2009 में बीजद को 37 फीसदी वोट शेयर के साथ 14 सीटें मिली थीं। कांग्रेस 33 प्रतिशत वोट शेयर के साथ छह सीट ही जीत पाई थी। भाजपा शून्य पर सिमट गई थी। 2014 में बीजद ने 44 प्रतिशत वोट के साथ 20 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने 22 प्रतिशत वोट पाकर राज्य में अपना खाता खोला था। 2019 में 43 फीसदी वोट के साथ बीजद को 12 जबकि भाजपा को 38 प्रतिशत वोट के साथ आठ तथा कांग्रेस को 14 फीसदी वोट के साथ एक सीट मिली थी। इस आंकड़े से साफ है कि भाजपा वोट प्रतिशत के मामले में बीजद के करीब पहुंच चुकी है। राज्य का चुनावी परिदृश्य भी भाजपा और बीजद के बीच सीधे संघर्ष में भाजपा की बढ़त की तस्वीर बयां कर रहा है, कांग्रेस विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव तीसरे नंबर पर ही दिख रही है।

### नीचे नवीन ऊपर मोदी को वोट देने की मुहिम

- राज्य में 20 मई को विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान होगा। 147 सीटों वाली विधानसभा के लिए पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। पिछले चुनावों में देखा गया है कि जो पार्टी विधानसभा चुनाव में जीतती है, उसे ही लोकसभा में ज्यादा सीटें मिलती हैं। इसी कारण भाजपा राज्य में सरकार बनाने का प्रचार करके जी तोड़ कोशिश कर रही है कि मोदी की लोकप्रियता की बदौलत लोकसभा की कम से कम 15-16 सीटें जीत सके। लेकिन एक मुहिम राज्य में नवीन पटनायक तो केंद्र में नरेंद्र मोदी को वोट देने की भी चल रही है। बीजद विधायक इसका ज्यादा विरोध भी नहीं कर रहे हैं, शायद उन्हें लग रहा है कि इस ट्रेंड से उनकी हार का खतरा दूर हो जाएगा। ऐसा होता है तो यह एक तरह की टेक्टिकल वोटिंग होंगी, क्योंकि अभी तक विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होने पर मतदाताओं का रुझान ज्यादातर एक पार्टी की ही तरफ देखने में आता रहा है।

**बताई गारंटी**



बिहार की वाल्मीकि नगर से जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला।

# उमर अब्दुल्ला की मुश्किलें बढ़ीं

चुनाव डेस्क

- बारामूला सीट पर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन ने भी लगा रखा है जोर
- जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के इंजीनियर रशीद के लिए उनके बेटे ने जोरदार प्रचार करके बनाई सहानुभूति

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर की हाई प्रोफाइल बारामूला लोकसभा सीट पर भी पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। इस सीट पर पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला तथा पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन के बीच मुकाबला माना जा रहा है। लेकिन चुनाव प्रचार खत्म होने के साथ मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के प्रत्याशी इंजीनियर रशीद के लिए उनके बेटे अबरार ने जोरदार चुनाव प्रचार करके संघर्ष में खड़ा कर दिया है। अबरार ने कई रोड शो किए हैं, जिनमें भीड़ जुटी है। रशीद के जेल में बंद होने से मतदाताओं के एक वर्ग की सहानुभूति मिल रही है। रशीद दो बार के विधायक हैं और टेरर फंडिंग के मामले में तिहाड़ जेल में हैं। भाजपा ने बारामूला समेत घाटी की तीनों सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतारा है, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी खामोशी के साथ पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन का समर्थन दे रही है। बारामूला सीट के अंतर्गत 18 विधानसभा क्षेत्रों में 17.32 लाख मतदाता हैं। यहां 23 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट पर देश भर में रह रहे 25,821 विस्थापित कश्मीर पंडितों के मतदान की व्यवस्था की गई है। 21 मतदान केंद्र जम्मू, चार दिल्ली और एक केंद्र उधमपुर में बना है।

# बसपा की जातीय इंजीनियरिंग किस पर पड़ेगी भारी

**पूर्वांचल में साल 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में छह लोकसभा सीटें जीती थीं। इसमें जौनपुर को छोड़कर बाकी पांच सीटों घोसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, अंबेडकर नगर तथा लालगंज में बसपा को नए प्रत्याशी उतारने पड़े हैं, इसकी वजह यह है कि गाजीपुर से चुनाव जीते अफजाल अंसारी और श्रावस्ती के सांसद रामशिरोमणि वर्मा इस बार सपा से ताल ठोंक रहे हैं, अंबेडकर नगर के सांसद रितेश पांडेय भाजपा के प्रत्याशी बन गए थे, जबकि घोसी से जीते अतुल राय का अधिकतर समय जेल में रहे हैं।**

### अंबेडकर नगर, घोसी और श्रावस्ती में बनाया मुस्लिम-दलित समीकरण

- अंबेडकरनगर में बसपा ने इस बार मुस्लिम-दलित का दांव खेलते हुए कमर हयात अंसारी को मैदान में उतारा है। यहां करीब चार लाख दलित और साढ़े तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। पौने दो लाख कुर्मी और इतने ही यादव मतदाता हैं। ब्राह्मण मतदाता डेढ़ लाख से कुछ कम और क्षत्रिय वोटर एक लाख हैं। श्रावस्ती में पांच लाख मुस्लिम मतदाता, करीब पौने तीन लाख दलित, दो लाख से ज्यादा कुर्मी वोटर और ढाई लाख ब्राह्मण मतदाता हैं। यहां भी मुस्लिम- दलित समीकरण से बसपा 2019 में चुनाव जीती थी। इस बार पार्टी ने मुस्लिम –दलित वोट बैंक पर भरोसा करते हुए श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन को उतारा है। घोसी में अतुल राय भाजपा के हरिनारायण को हराकर चुनाव जीते थे। लेकिन उनका पूरा कार्यकाल लगभग जेल में ही बीता। इसलिए उनकी जगह बसपा ने कांग्रेस से आए पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। बालकृष्ण बसपा से ही सांसद रहे थे और वह नोनिया चौहान हैं। यहां नोनिया चौहान की अच्छी खासी संख्या है। यहां मऊ विधानसभा पर तो मुस्लिम निर्णायक है। लालगंज सुरक्षित सीट पर पिछली बार सपा की संगीता आजाद जीती थीं। उन्होंने भाजपा की नीलम सोनकर को हराया था। इस बार बसपा ने यहां डॉ. इंदु चौधरी को टिकट दिया है। जौनपुर से बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट काटने के बाद सांसद श्याम सिंह यादव को उतारा है। गाजीपुर में बसपा से जीते अफजाल अंसारी इस बार सपा के प्रत्याशी हैं। यहां बसपा ने डॉ. उमेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है।



### नौ सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी सपा-कांग्रेस का बिगाड़ रहे खेल

- बसपा के पास दलित वोट बैंक का अभी भी बड़ा हिस्सा है। वह इसी के साथ मुस्लिम, ब्राह्मण और पिछड़ा वर्ग का जोड़ घटाना लगाकर प्रत्याशी उतारती रही है। इस बार बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार पूर्वांचल की लड़ाई में दलित-मुस्लिम और दलित-ब्राह्मण का समीकरण बनाकर उम्मीदवार उतारे हैं। बसपा ने पूर्वांचल के रण में नौ लोकसभा सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर इंडिया गठबंधन का समीकरण बिगाड़ने का प्रयास किया है। हाथी चुनाव चिह्न पर इस बार अंबेडकरनगर से कमर हयात अंसारी, श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अमद खान, डुमरियागंज से मोहम्मद नदीम मिर्जा, संतकबीरनगर से नदीम अशरफ, आजमगढ़ से महमूद अहमद, महराजगंज से मोहम्मद मौसमे आलम, गोरखपुर से जावेद सिमनानी और वाराणसी से अतहर जमाल लारी चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं।

### आधा दर्जन सीटों पर खेला ब्राह्मण कार्ड

- बसपा ने दलित-ब्राह्मण समीकरण मजबूत करके मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन अपनी तरफ खींचने की रणनीति के तहत आधा दर्जन सीटों पर ब्राह्मण उम्मीदवार मैदान में उतारकर सपा-कांग्रेस गठबंधन की परेशानी बढ़ा रखी है। पार्टी से फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, मिर्जापुर में मनीष त्रिपाठी, कैसरगंज में नरेंद्र पांडेय, गोंडा से सौरभ कुमार मिश्रा मुकाबले को त्रिकोणीय धार देने की कोशिश में जुटे हैं।

### बसपा के गढ़ वाली सीटें

| भदोही | | गाजीपुर | | लालगंज | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | 4,66,414 | 2019 जीती | 5,66,082 | 2019 | 5,18,820 – जीती |
| 2014 | 2,45,554 | 2014 | 2,41,645 | 2014 | 2,33,971 |
| 2009 जीती | 1,95,808 | 2009 | 3,09,924 | 2009 | 2,07,998 – जीती |

| भदोही | | गाजीपुर | | लालगंज | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | 4,66,414 | 2019 जीती | 5,66,082 | 2019 | 5,18,820 – जीती |
| 2014 | 2,45,554 | 2014 | 2,41,645 | 2014 | 2,33,971 |
| 2009 जीती | 1,95,808 | 2009 | 3,09,924 | 2009 | 2,07,998 – जीती |

## अपनी ढपली अपना राग


हमारी पार्टी धन्नासेठों से रुपया नहीं लेती बल्कि सदस्यता शुल्क और मेरे जन्मदिन पर थोड़ा-थोड़ा धन एकत्र करके और चुनाव के मौके पर धन जुटाकर संगठन चलाती है। – मायावती


स्वघोषित राजाओं को लगता है कुंडा उनकी जागीर, उनके भ्रम को तोड़ने का अवसर आया, राजा लोकतंत्र में रानी की पेट से पैदा नहीं होते, अब राजा ईवीएम के बटन से पैदा होता है। – अनुप्रिया पटेल


आजादी के 55 साल में कांग्रेस कभी दुनिया की सबसे ज्यादा पैसे वाली पार्टी नहीं बनी, पिछले 10 साल में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पैसे वाली पार्टी बन गई। इसके पीछे कारण काला धन है। – प्रियंका गांधी


भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड से 200-300 करोड़ का चंदा लिया। देशभर में दबाव की राजनीति चल रही है और संविधान से मिले अधिकारों पर खतरा है। – डिंपल यादव

# 5वें चरण में भाजपा को अपने उम्मीदवारों से ज्यादा उम्मीदें

## ▶ पार्टी के उप्र व केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा है दांव पर, रायबरेली और अमेठी को लेकर भी बहुत आशावान हैं

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** भाजपा को पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश में अपना पिछला प्रदर्शन फिर से दोहराने की उम्मीद है। पिछले लोकसभा चुनावों में पार्टी ने इन 14 लोकसभा सीटों में से 13 पर कब्जा जमाया था, जबकि रायबरेली की एक सीट कांग्रेस के खाते में गई थी। इस बार पार्टी को उम्मीद है कि अमेठी और रायबरेली जैसी हाई प्रोफाइल सीटों समेत सभी 14 सीटों पर कमल खिलेगा। हालांकि योगी आदित्यनाथ भी सभी सीटों पर चुनाव प्रचार कर भाजपा के समर्थन में माहौल बना चुके हैं।

लखनऊ लोकसभा सीट से एक बार फिर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार तीसरी बार मैदान में हैं। इस सीट पर 1991 से ही भाजपा का कब्जा है। 1991 से 2009 तक यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी सांसद रहे, जबकि 2009 से 2014 के बीच लाल जी टंडन विजयी हुए। 2014 और 2019 लोकसभा चुनावों में राजनाथ सिंह ने इस सीट पर बड़ी जीत दर्ज की थी। राजनाथ सिंह के सामने सपा ने रविदास मेहरोत्रा को अपना उम्मीदवार बनाया है।



मंत्री रह चुके मेहरोत्रा फिलहाल लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से सपा के विधायक हैं। वहीं बसपा ने सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है।

**इन सीटों पर भी रहेगी नजरः** कैसरगंज में मौजूदा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह को भाजपा ने टिकट दिया है। उनका मुकाबला सपा के भगत राम मिश्रा और बसपा के नरेंद्र पांडे से है।

इस सीट पर करण भूषण का पलड़ा बाकी प्रत्याशियों की तुलना में कहीं मजबूत है। झांसी में भाजपा के मौजूदा सांसद अनुराग शर्मा फिर एक बार ताल ठोंक रहे हैं। उनका सामना कांग्रेस के प्रदीप जैन आदित्य और बसपा के रवि प्रकाश मौर्य से है। वहीं, मोहनलालगंज में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार प्रत्याशी हैं। उन्हें सपा के आरके चौधरी और बसपा के राजेश कुमार चुनौती दे रहे हैं। इसी तरह, बांदा में मौजूदा बीजेपी सांसद आरके सिंह पटेल फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका सामना सपा की कृष्णा देवी पटेल और बसपा के मयंक द्विवेदी से है।

कौशांबी लोकसभा सीट पर मौजूदा बीजेपी सांसद विनोद सोनकर भी तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं, जबकि सपा के पुष्पेंद्र सरोज उनके सामने हैं। वहीं हमीरपुर में भी भाजपा ने मौजूदा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को तीसरी बार मैदान पर उतारा है। उनके सामने सपा के अजेंद्र सिंह राजपूत हैं। फतेहपुर में केंद्रीय मंत्री और मौजूदा बीजेपी सांसद साध्वी निरंजन ज्योति भी अपने तीसरे कार्यकाल के लिए मैदान में हैं। उनके सामने सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल हैं।



### अमेठी में स्मृति ईरानी की मजबूत दावेदारी

अमेठी की सीट भी सबसे हाई प्रोफाइल सीटों में से एक है। केंद्रीय मंत्री और अमेठी की मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी एक बार फिर भाजपा के टिकट पर यहां से मैदान में हैं। वहीं कांग्रेस ने नामांकन के आखिरी दिन गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को उम्मीदवार बनाया। बसपा ने यहां नन्हे सिंह चौहान को अपना उम्मीदवार बनाया है। 2019 में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को करारी शिकस्त दी थी। सीएम योगी के नेतृत्व में स्मृति ईरानी ने जिस अंदाज में राहुल गांधी को यहां से हराया, उसी का नतीजा है कि चार दशक बाद पहली बार इस सीट से गांधी परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं लड़ रहा। इसीलिए इस सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। स्मृति ईरानी के यहां से जीतने के बाद से यहां भाजपा लगातार मजबूत होती गई। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने गौरीगंज छोड़कर बाकी सभी 4 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी तो 2022 में भी भाजपा तीन सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इस बार सीएम योगी ने कई बार यहां रैली की है और पूरी उम्मीद है कि एक बार फिर इस सीट से भाजपा विजयी होकर निकलेगी।

### रायबरेली को भी जीतने की है जुगत

उत्तर प्रदेश की जिन सीटों की सबसे ज्यादा चर्चा है, उनमें से रायबरेली लोकसभा सीट भी है। ये राज्य की इकलौती सीट है जहां 2019 में कांग्रेस को जीत मिली थी। तब सोनिया गांधी यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची थीं। सोनिया अब राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। कांग्रेस ने काफी इंतजार के बाद रायबरेली से राहुल गांधी को चुनाव मैदान उतारा है। वहीं भाजपा ने यहां दिनेश प्रताप सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। एमएलसी दिनेश प्रताप फिलहाल योगी सरकार में मंत्री भी हैं। पिछले चुनाव से लेकर अब तक यहां काफी बदलाव आ चुका है। योगी सरकार ने प्रदेश के साथ-साथ इस क्षेत्र में भी काफी विकास कार्य कराया है। यही नहीं, भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह की ग्राम प्रधानों में अच्छी पकड़ मानी जाती है। यही नहीं रायबरेली के कई प्रमुख कांग्रेसी नेता अब बीजेपी के साथ हैं। कांग्रेस नेता रहे अखिलेश कुमार सिंह की बेटी अदिति सिंह रायबरेली से बीजेपी की विधायक हैं। वहीं, ऊंचाहार के विधायक मनोज पांडे भी बीजेपी में आ चुके हैं, जिससे भाजपा की उम्मीदें कई गुना बढ़ गई हैं।

## राहुल-अखिलेश की प्रयागराज में जनसभा आज

**अमृत विचार, लखनऊः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की संयुक्त जनसभा 19 मई को प्रयागराज में होगी।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने बताया कि दोनों नेता प्रयागराज में लोकसभा क्षेत्र फूलपुर के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के पक्ष में आयोजित जनसभा को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। इसी दिन मुंगरी करछना में लोकसभा क्षेत्र इलाहाबाद के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के पक्ष में आयोजित जनसभा को संयुक्त रूप से सम्बोधित करेंगे। दोनों कार्यक्रमों में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय शामिल होंगे। 19 मई को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी के पक्ष में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी 20 मई लोकसभा क्षेत्र बलिया में गठबंधन की समन्वय बैठक को संबोधित करेंगे। बाद में आजमगढ़ पहुंचकर लोकसभा क्षेत्र लालगंज व आजमगढ़ में गठबंधन दलों की बैठकों को सम्बोधित करेंगे।

# अयोध्या - अमेठी की किलेबंदी, पूर्वांचल साधने की कोशिश

## ▶ चुनाव में नाम और काम के साथ तेज हुई राम-राम की धुन
## ▶ राजनीतिक दलों के गढ़ में भी शुरू हो गया चुनावी परीक्षा का पूर्वाभ्यास
## ▶ अमेठी अतीत में कांग्रेस का गढ़ रही है तो अयोध्या भाजपा का

**राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या**

लोकसभा चुनाव में नाम और काम के साथ अब राम-राम की धुन तेज हो गई है। अयोध्या और अमेठी की जीत के साथ इसी के जरिए पूर्वांचल को साधने की कोशिश है। राजनीतिक दलों के इन गढ़ों में चुनावी परीक्षा का पूर्वाभ्यास तेज हो गया है। मुद्दे उछालकर चुनाव के परिणाम अपने पक्ष में करने की कोशिश है।

अयोध्या और अमेठी, अयोध्या मंडल की सीटें हैं। दोनों की सीमाएं जुड़ती हैं। एक में राजनीतिक आवाज उठती है तो दूसरे तक पहुंच जाती है। इसी का परिणाम रहा कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को यहां भाजपा से शिकस्त खानी पड़ी थी। इन सीटों का असर मंडल की अन्य इससे लगी सीटों पर पड़ता है। खासतौर से मंडल के सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर तक इसका प्रभाव आंका जाता है। पिछले चुनाव में पड़ोस की सुल्तानपुर सीट से मेनका गांधी भाजपा से सांसद थी तो अंबेडकर नगर से रितेश पांडेय बसपा से सांसदी जीते थे। रितेश अब भाजपा में हैं और चुनाव मैदान में है। अयोध्या से लल्लू सिंह चुने गए थे। भाजपा अपने गढ़ों को सुरक्षित रख दूर तक राजनीतिक को साधना चाहती है। इसलिए भी इन सीटों पर दल के बड़े नेताओं की नजर लगी रहती है।



### 2019 में जीते सांसद

| लोस सीट | विजयी | दल |
|---|---|---|
| अयोध्या | लल्लू सिंह | भाजपा |
| सुल्तानपुर | मेनका गांधी | भाजपा |
| अमेठी | स्मृति ईरानी | भाजपा |
| अंबेडकरनगर | रितेश पांडेय | बसपा |

अमेठी अतीत में कांग्रेस का गढ़ रही है तो अयोध्या भाजपा का। इस चुनाव में एक बार फिर यहां से पूर्वांचल के साथ आगे के तीन चरणों को साधने की कोशिश तेज हो गई है। अयोध्या (फैजाबाद) भाजपा का ऊर्जा केंद्र है। दक्षिणपंथ का विचार यहीं से पनपता है। संगठन से सत्ता तक अयोध्या का अलग महत्व है।

अयोध्या में कांग्रेस का अपना प्रत्याशी नहीं है। वह इंडी गठबंधन के साथ है। लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस अपने अमेठी के पुराने किले को पुख्ता करके यूपी में अपनी मजबूत उपस्थिति का संदेश देना चाहती है। कांग्रेस ने अमेठी से केएल शर्मा को मैदान में उतारा। केएल शर्मा गांधी परिवार के करीबी हैं। स्व. राजीव गांधी के साथ बेहद करीब से जुड़े रहे। रायबरेली में सोनिया गांधी के प्रतिनिधि भी रहे। कांग्रेस ने अयोध्या से सटे अपने अमेठी किले को वापस पाने के लिए कूटनीतिक मोर्चा खोला है।

अब अयोध्या और अमेठी की किलेबंदी तेज हो गई है। हालांकि इसकी शुरुआत नामांकन के साथ ही हो गई थी। यह महज संयोग है या सोची समझी रणनीति का हिस्सा था कि अमेठी में नामांकन के तीसरे दिन ही पीएम मोदी अयोध्या में रोड शो करने पहुंचे थे। यह इस चुनाव में अवध में वैचारिक लड़ाई की शुरुआत थी। जानकार मानते हैं कि पीएम मोदी की निगाह देश के चुनाव के साथ अयोध्या और अमेठी के लिए भी संदेश था। अब यह जंग तेज हो गई है।

अब इन गढ़ों में मुद्दों की धार पैनी की जा रही है। सपा मुखिया अखिलेश यादव से राहुल गांधी तक देश और संविधान बचाने का राग छेड़ रहे हैं। हालांकि राहुल गांधी ने अयोध्या का दौरा नहीं किया लेकिन कांग्रेस के नेता उनकी बातों को जनता में पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस और सपा के शासन काल के काम गिनाए जा रहे हैं।

तो वहीं सीएम योगी समेत अन्य भाजपा के नेता अयोध्या के विकास के साथ राम की धुन को परवान चढ़ा रहे हैं। भाजपा और सपा के नेता अयोध्या से बड़ा संदेश देने की अपील मतदाताओं से कर रहे हैं।

नेताओं के सियासी हमले से निकले तीर मतदाता के मन के अंदर से बाहर तक मथने लगे हैं। वह अंदर की सुन रहा, बाहर की गुन रहा। जुबान पर मुद्दे और मन में श्रद्धा। बात सियासत की करता है, रट है राम धुन की। मन में चुनाव के मुद्दों के साथ श्रद्धा की टकराहट हो रही है। मुद्दे और श्रद्धा की जीत से ही प्रत्याशी और पार्टी की जीत का मार्ग प्रशस्त होने वाला है।

### इस बार अयोध्या मंडल की प्रमुख सीटों से मैदान में उतरे प्रत्याशी

**सुल्तानपुर संसदीय क्षेत्र**


मेनका गांधी (भाजपा)


राम भुआल निषाद (सपा)


उदराज वर्मा (बसपा)

**अंबेडकर नगर संसदीय क्षेत्र**


रितेश पांडेय (भाजपा)


लालजी वर्मा (सपा)


कमर हयात (बसपा)

**फैजाबाद संसदीय क्षेत्र-**


लल्लू सिंह (भाजपा)


अवधेश प्रसाद (सपा)


सच्चिदानंद (बसपा)

**अमेठी संसदीय क्षेत्र**


स्मृति ईरानी (भाजपा)


केएल शर्मा (कांग्रेस)


नन्हें सिंह (बसपा)

## चुनावी चक्कर

**● चाय की चुस्की और चुनाव पर चर्चा :** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी चरम पर है। राजनीतिक चर्चाएं भी परवान चढ़ रहीं हैं। ऐसी चर्चाओं के लिए हमेशा से ही सबसे ज्यादा सुगम स्थान चाय, पान की दुकानें, ढाबे-होटल होते हैं। इन स्थानों पर कुछ समय गुजारिये तो पता लगेगा जितने मुंह, उतनी तरह की बातें। यहां चाय की चुस्की के साथ आम चर्चा का केंद्र लोकसभा चुनाव है। चुनाव पर चर्चा करने वालों में नौजवानों से लेकर बुजर्ग तक शामिल हैं। कहीं तो बहस इस कदर बढ़ जाती है मानो मारपीट की नौबत आ गई हो। इसी मारपीट से बचने के लिए कुछ बुद्धिजीवी कह रहे हैं इस बार गेम फिफ्टी फिफ्टी का है। वहीं, पार्टी समर्थित कोई रहा कि आएंगे तो मोदी ही तो दूसरी ओर सपा या कांग्रेस का समर्थन करने वाले बदलाव की बात करने में ज्यादा संतुष्ट होते नजर आ रहे हैं। जिन जगहों पर अंतिम चरण में चुनाव है वहां ऐसी बहसबाजी से बचने वाले कह रहे हैं कि -अभी बहुत वक्त है, यहां अंतिम चरण में चुनाव होना है। अभी से बेवजह क्यों माथापच्ची की जाए। अलग-अलग क्षेत्रों की भाषा भी अलग-अलग। कहीं ठेठ भोजपुरी, कहीं अवधी तो कहीं बुंदेलखण्डी भाषा और मिजाज सामने आ रहा है। एक चायपान की दुकानो पर एक दिलचस्प नजारा यह देखने को मिलता है कि यहां लोग टुकड़ों में भले बंटे हुए खड़े हों मगर जैसे ही कोई एक गुट चुनाव पर चर्चा छेड़ता है तो सबके कान खड़े हो जाते हैं। धीरे-धीरे इस चर्चा में सभी एकजुट हो भाग लेने दिखते हैं। हालांकि आसपास के दुकानदार इन ग्राहकों की चर्चा में भाग भले न लें लेकिन वे चर्चा को पूरा कान लगाकर सुनते अवश्य हैं।

## मऊ में मायावती की चुनावी सभा आज

**अमृत विचार,लखनऊः** बसपा प्रमुख मायावती रविवार को मऊ जिले में चुनावी सभा संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया बसपा ने चुनाव के दौरान किसी भी राजनैतिक दल से गठबंधन नहीं किया है। पार्टी अपने मूल सिद्धांतों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में मायावती चुनावी सभाएं कर रहीं हैं। सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ से स्पष्ट है कि समाज में पार्टी की स्वीकार्यता बढ़ी है और मायावती को लोग सुनना चाहते हैं। मऊ में प्रस्तावित सभा, मुहम्मदाबाद स्थित नार्मल फुटबाल ग्राउंड, खैराबाद में होगी।

मेवालाल गौतम ने बताया की मऊ की सीट पर बसपा प्रत्याशी बाल कृष्ण चौहान अन्य पार्टियों के उम्मीदवारों पर भारी पड़ रहे हैं,यहा से उनकी ही जीत होगी।

## इलेक्शन बायस्कोप


अमेठी के जायस कस्बे में कांग्रेस के रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा को देखने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े, इसी क्रम में कार पर बैठ कर प्रियंका और प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने लोगों का अभिवादन किया। -अमृत विचार

## प्रियंका के रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

**अमेठी,अमृत विचार :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को अमेठी जिले के जायस कस्बे में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण के प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका ने अमेठी लोकसभा के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। खुले वाहन में प्रियंका सड़कों पर निकली, जिन्हें देखने के लिये लोग सड़कों के किनारे और छतों पर खड़े थे। जायस कस्बे में बस स्टॉप के पास बक्शी कांप्लेक्स से दोपहर दो बजे से निकाले गया रोड शो करीब चार बजे नौगजी चौराहे पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान प्रियंका गांधी के साथ प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा भी मौजूद रहे। रोड शो के बाद कांग्रेस महासचिव का काफिला नहर कोठी इग्रुवा के लिये रवाना हो गया। गौरतलब है कि शनिवार को शाम चुनाव प्रचार थम गया। पांचवें चरण के लिये मतदान 20 मई को होगा।

# कई सीटों पर वोट की सेंधमारी में जुटी बसपा

## ▶ गठबंधन में मिले जनाधार से खुद को भारी साबित करना मायावती के लिए चुनौती
## ▶ दलों का राजनीतिक भविष्य भी जुड़ा है 5वें चरण के चुनाव में

**पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ**

5वें चरण में 14 सीटों पर होने वाले चुनाव में जहां कांग्रेस के पास अपनी रायबरेली सीट बचाने की चुनौती है, वहीं भाजपा अपनी 13 सीटें बचाए रखने की जद्दोजहद में है। साल 2019 में गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली सपा-बसपा, अपने-अपने पृथक जनाधार के जरिए सीट हथियाने की जुगत में हैं।

राज्य की 14 सीटों पर चुनाव होना है, इस चरण में लखनऊ रायबरेली, कैसरगंज व फैजाबाद जैसी मुख्य सीटें शामिल हैं, जिनपर दिग्गजों की चुनावी डगर का मार्ग प्रशस्त होना है। इस चरण में सबसे प्रतिष्ठित सीट, कांग्रेस की रायबरेली है। यहां पर न केवल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की स्वीकार्यता दांव पर लगी है, वहीं प्रदेश की अपनी इकलौती सीट बचाने की लालसा में कांग्रेस संगठन जूझ रहा है। इसके लिए प्रियंका गांधी स्वयं प्रचार की बागडोर संभाले हैं।

वहीं समीप में अमेठी सीट पर भी देश की निगाहें टिकी हैं, इस सीट पर भाजपा की तेज तर्रार नेता व वर्तमान सांसद स्मृति ईरानी अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यो के दम पर पुनः जीत का दावा कर रहीं हैं वहीं इंडी गठबंधन से कांग्रेस के पास सीट को पुनः वापस हथियाना शेष है। जबकि बसपा ने भाजपा व कांग्रेस की प्रतिष्ठापूर्ण लड़ाई में ठाकुर प्रसाद यादव को उतारकर रंग जमाने का प्रयास किया है। इस सीट पर बसपा को अपनी हैसियत आंकने का मौका भी है।

अति विशिष्ट सीटों में शुमार अगली प्रतिष्ठापूर्ण, लखनऊ सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुनः जीत का सेहरा पहने की फिराक में हैं। हालांकि चुनाव प्रबन्धन भाजपा संगठन खुद ही करता है, मगर उनके पुत्र नीरज सिंह अपनी मेहनत को रिकार्ड के रूप में दर्ज कराने का संकल्पित हैं।

दूसरी तरफ सपा ने जमीनी नेता के रूप में वर्तमान विधायक रविदास मल्होत्रा को मैदान में उतारकर, फिजाएं बदलने की कोशिश की है, वहीं बसपा ने वास्तव में मुस्लिम सांसद सरवर अली को टिकट देकर वोट में सेंधमारी का प्रयास किया है।

इसी तरह बाराबंकी, गोंडा, मोहनलालगंज व फैजाबाद आदि सीटें हैं जो पार्टी के साथ, किसी न किसी नेता की प्रतिष्ठापूर्ण बनी हुई हैं। जिसके लिए इंडी गठबंधन की तरफ से जहां राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के अलावा सपा के अखिलेश यादव व जेल से सशर्त बाहर आए आप के नेता व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, येन केन प्रकारेण भाजपा की साख को बट्टा लगाने में जुटें हैं।

### ब्राह्मण व कोर वोट हथियाने की कोशिश

● ब्रज भूषण सिंह से जुड़ी कैसरगंज सीट पर चुनाव भाजपा के करण भूषण सिंह व सपा के भगतराम मिश्रा का नहीं रहा गया है, बल्कि भाजपा के वर्तमान सांसद ब्रजभूषण सिंह और भाजपा के पूर्व सांसद दद्दन मिश्र की प्रतिष्ठा से जुड़ा है। बसपा ने नरेन्द्र पाण्डेय को टिकट देकर ब्राह्मण व कोर वोट हथियाने की कोशिश की है। ऐसे में कैसरगंज लोकसभा सीट पर लड़ाई दिलचस्प हो गई है।

### सुरक्षित सीटों से बड़ी आस

● 5वें चरण में बसपा को भी सुरक्षित सीटों से बड़ी आस है। मोहनलालगंज, हमीरपुर, बांदा, जालौन और बाराबंकी में त्रिकोणीय मुकाबला होने से बड़ी उम्मीदे हैं। इन सीटों पर प्रत्याशी चयन में मायावती ने सोशल इंजीनियरिंग के फॉर्मूले को अपनाते हुए गोंडा, कैसरगंज, फैजाबाद, हमीरपुर में ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। साल 2019 के चुनाव में गठबंधन में मिले मत प्रतिशत को अकेले प्राप्त कर बसपा अपनी राजनीतिक हैसियत सिद्ध करने के प्रयास में हैं।

## 131.02 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**अमृत विचार, लखनऊः** आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में 131.02 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई है, जबकि एक मार्च से अब तक कुल 42447.47 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की जा चुकी हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। अब तक 3439.37 लाख रुपये नकद धनराशि, 5361.07 लाख रुपये कीमत की शराब, 23479.33 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2294.24 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5060.10 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार व 2813.35 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि बीते दिन 12.15 लाख रुपये नकद धनराशि, 38.26 लाख रुपये कीमत की 13174.62 लीटर शराब, 18.68 लाख रुपये कीमत की 12508.20 ग्राम ड्रग, 11.68 लाख रुपये व अन्य सामग्री जब्त की गई।

## एक नजर

### सोमवार को मतदान वाले जिलों में सार्वजनिक अवकाश

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के कारण 20 मई को जिले में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने अवकाश के संबंध में आदेश जारी किए हैं। 20 मई को कोषागार और उपकोषागार भी बंद रहेंगे।

### एनएचएम कंसल्टेंट ने दिया इस्तीफा

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद एनएचएम में तैनात दीपिका पाठक नामक कंसल्टेंट ने इस्तीफा दे दिया। विगत वर्ष भी दीपिका ने इसी तरह इस्तीफा दिया था और इन्वेस्ट मित्र के तौर पर दूसरे विभाग में ज्वाइन किया था, लेकिन बाद में नियम कानून को ताक पर रखकर दीपिका को पुन: एनएचएम में ज्वाइन करा दिया गया। ज्वाइनिंग के पहले दीपिका ने इन्वेस्ट मित्र की नौकरी छोड़ दी थी। बस इसी को लेकर लंबे समय से एनएचएम कार्यालय में विवाद चल रहा था। बाद में उच्चाधिकारियों ने प्रकरण का संज्ञान लेकर इस्तीफा देने संबंधी आदेश दिया।

### नर्सिंग व पैरामेडिकल की वार्षिक परीक्षाएं 11 जून से

अमृत विचार, लखनऊ : नर्सिंग कॉलेजों और पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में वार्षिक लिखित परीक्षाएं 11 से 21 जून तक होंगी। स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अलोक कुमार ने बताया कि जीएनएम, एएनएम और डिप्लोमा टेक्नीशियन पाठ्यक्रमों के किसी परीक्षार्थी का प्रवेश पत्र जारी नहीं हुआ है तो 22 मई तक (तकनीकी त्रुटियां संशोधित कर) प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया, परीक्षा में डिजिटलीय बारकोड युक्त उत्तर पुस्तिकाएं ही उपयोग की जाएंगी। इसके अलावा परीक्षा के प्रश्न पत्र ऑनलाइन भेजे जाएंगे जो कि परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले सेंटर पर लॉग इन पैनल पर उपलब्ध होंगे।

### मतदाताओं के लिए भी उपलब्ध रहेंगी चिकित्सकीय सेवाएं

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में लखनऊ समेत 14 सीटों पर होने वाले मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) पर मतदाताओं व मतदान कर्मियों के लिए हीट स्ट्रोक से बचने व अन्य जरूरी चिकित्सकीय सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी अलर्ट मोड पर रहेंगी, ऑन काल विशेषज्ञ डॉक्टर भी उपलब्ध रहेंगे। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने बताया कि मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी। किट में ओआरएस के पैकेट, पैरासिटामॉल समेत अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध होंगी।

# आरक्षण को लेकर अफवाह फैला रहा विपक्ष

## रक्षामंत्री ने लगाया आरोप- इमरजेंसी लगाकर कांग्रेस ने घोंटा था लोकतंत्र का गला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सीतापुर रोड स्थित ओवर ब्रिज के समीप विशाल जनसभा को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

**अमृत विचार:** मुद्दाविहीन हो चुका विपक्ष आरक्षण को लेकर अफवाह फैला रहा है। विपक्ष को झूठ की नहीं बल्कि सच की राजनीति करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछड़ा वर्ग के लोगों को दस प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सीतापुर रोड मड़ियांव में जनसभा के दौरान उक्त बात कही। विपक्ष कह रहा है कि भाजपा चार सौ सीट जीत गई तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम तो कांग्रेस ने किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह तक ने गरीबी समाप्त करने की बात की मगर भाजपा ने आठ वर्षों के भीतर 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर ला दिया। उन्होंने कहा कि दस से बारह वर्षों में देश में कोई भी गरीब नहीं रहेगा। कोरोना संकट के बाद बेरोजगार हुए लोगों को पांच-पांच किलो राशन मुफ्त देने का निर्णय प्रधानमंत्री ने किया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा। भारत महाशक्ति विश्व कल्याण के लिए बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में महिलाओं को संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पाक अधिकृत कश्मीर में लोगों पर हो रहे अत्याचार का संज्ञान लेना चाहिए।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा, नीरज सिंह, अनुपमा जायसवाल, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, बृजलाल, मेयर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री मोहसिन राजा आदि मौजूद रहे।



...जब डिप्टी सीएम बने फोटोग्राफर

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार दोपहर शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम में माथा टेका। बाहर आते समय उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक मीडिया कर्मी का कैमरा लेकर उनका फोटो क्लिक किया।

# 11 कथित आतंकियों को मिली डिफॉल्ट जमानत

विधि संवाददाता, लखनऊ

- एटीएस तय समय में नहीं दाखिल कर सकी आरोपपत्र
- 2022 में अगस्त से अक्टूबर के बीच किए गए थे गिरफ्तार

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अल कायदा इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के 11 कथित आतंकियों की डिफॉल्ट जमानत मंजूर करते हुए रिहा करने का आदेश दिया है। इन्हें अगस्त से सितम्बर 2022 के बीच गिरफ्तार किया गया था लेकिन एटीएस समय से आरोप पत्र नहीं दाखिल कर सकी। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने अभियुक्त की ओर से दाखिल अपीलों पर दिया है। अभियुक्तों पर जमात उल मुजहीदुद्दीन संगठन के साथ संबंध रखने का भी आरोप है।

अभियुक्तों की ओर से एनआईए कोर्ट द्वारा डिफॉल्ट जमानत की याचिकाएं खारिज करने संबंधी आदेश को चुनौती देते हुए कहा गया कि एनआईए कोर्ट ने बिना अभियुक्तों को सुनवाई का अवसर दिए विवेचना की समय अवधि बढ़ाने संबंधी जांच एजेंसी की प्रार्थनापत्र को मंजूर किया गया। कहा गया कि जांच एजेंसी 90 दिन की अधिकतम समय सीमा समाप्त होने के बावजूद अभियुक्तों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल करने में असफल रही। वहीं, अपीलों का राज्य सरकार के अधिवक्ता द्वारा विरोध करते हुए कहा गया कि मामले में अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं, लिहाजा इस स्टेज पर डिफॉल्ट जमानत नहीं दी जा सकती।

न्यायालय ने सभी पक्षों की बहस सुनने के उपरांत परित अपने विस्तृत निर्णय में कहा कि विवेचना की समय अवधि बढ़ाने संबंधी 12 दिसंबर 2023 का एनआईए कोर्ट का आदेश है आविधिक है क्योंकि जांच एजेंसी के प्रार्थना पत्र पर अभियुक्तों को सुनवाई का कोई अवसर प्रदान नहीं किया गया। न्यायालय ने अभियुक्तों को डिफॉल्ट जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

## पिपरसंड में शुरू होगी प्रदेश की पहली डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश की पहली क्लीनिक पिपरसंड ग्राम पंचायत में खुलेगी। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गईं हैं। उम्मीद है कि इसी माह के आखिर तक इसका संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

प्रदेश सरकार के साथ निवेश को लेकर हुए एमओयू के बाद राज्य के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा परामर्श और जरूरी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजना ओब्डु ग्रुप की ओर से शुरू की जा रही है। ग्रुप टीम ने शनिवार को इस क्लीनिक का निरीक्षण कर तैयारियां परखी।

टीम में शामिल ओब्डू ग्रुप के सीईओ संजय कुमार ने बताया कि इस क्लीनिक में खून से सम्बंधित जांच रिपोर्ट महज पांच मिनट के अंदर मिल जाएगी। साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टर ऑनलाइन रिपोर्ट देख कर मरीज को दवा लिखने के साथ परामर्श भी देंगे।

# कमल वाली अंगूठी 2,700 रुपये की, पंजा 3,000 का

## चुनाव में सर्राफा बाजार : भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस के चांदी के चुनाव चिह्न कर रहे आकर्षित

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूरे देश में चुनाव का माहौल है। पार्टियों के झंडे- बैनर से इलाके रंगीन हैं। ऐसे में सर्राफा बाजार भी पीछे नहीं है। यहां चांदी की अंगूठी वाला कमल निशान और सिल्वर कोटेड मोदी का बाक्स में सजा स्टैच्यू जहां चर्चा में है तो कांग्रेस का पंजा भी बाजार में मिल रहा है।

कमल निशान वाली अंगूठी लोगों को खूब भा रही है। इसकी कीमत 2,700 रुपये के आसपास है। चांदी की पॉलिश में चमचमाती मोदी का स्टैच्यू 3500 रुपये में मिल रहा है। कांग्रेस का चुनाव चिह्न पंजा 3,000 रुपये का है। करीब 28,000 रुपये की चांदी की साइकिल भी है तो 12,000 रुपये का बसपा का चुनाव निशान हाथी भी लोगों को आकर्षित कर रहा है। भले ही प्रदेश में आप का मजबूत जनाधार न हो लेकिन चांदी की झाड़ू भी मौजूद है। इसकी कीमत 3,000 रुपये है।
















### मोदी और कमल निशान वाले 25 कलम, छह अंगूठियां बिकीं

चौक सर्राफा के कारोबारी विनोद महेश्वरी बताते हैं कि चुनावी माहौल में नया प्रयोग किया गया है। चांदी और गोल्डेन पॉलिस वाले सभी पार्टियों से जुड़े चुनाव चिह्न बनाए गए हैं। कुछ दिनों में ही 25 चांदी वाले कमल निशान वाली छह अंगूठियां बिक गई हैं। चांदी और गोल्डेल पॉलिस वाले मोदी के स्टैच्यू के भी कद्रदान दिखे। वे बताते हैं कि सबसे ज्यादा भाजपा के चुनाव चिह्न के खरीदार हैं।

| चुनाव चिह्न - कीमत (रुपयों में) | |
|---|---|
| कमल निशान वाली चांदी की अंगूठी | 2,700 |
| मोदी और भाजपा के निशान वाला पेन | 500-700 |
| मोदी का स्टैच्यू बाक्स के साथ | 3,500 |
| 256 ग्राम वाली सपा की साइकिल | 28,000 |
| 100 ग्राम चांदी वाला बसपा का हाथी | 12,000 |
| कांग्रेस का पंजा चांदी का | 3,000 |
| 13 ग्राम की राम मंदिर की सोने की अंगूठी | 98,000 |

# क्या मोदी के शासन में हिंदू खतरे में है: दिग्विजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस नेता ने पूछा सवाल, राम मंदिर पर बुलडोजर चलाने संबंधी बयान पर किया पलटवार

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि क्या उनके शासन में हिन्दू खतरे में हैं। राम मंदिर पर बुलडोजर चलाने के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का देश में नया भारतीय संविधान लाने का कुटिल प्रयास चल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि देश में 2024 का लोकसभा चुनाव पूर्व के चुनाव से भिन्न है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में भारतीय संविधान या लोकतंत्र पर कहीं किसी को कोई शंका नहीं थी कि इसके स्वरूप को भी परिवर्तित किया जा सकता है, लेकिन जिस प्रकार से भाजपा नेताओं और स्वयं प्रधानमंत्री 400 पार की घोषणा कर रहे हैं और जिस प्रकार से भाजपा के कई सांसद व नेताओं ने संविधान को बदलने की जो मंशा जताई है, वह अपने आप में संकेत देती है कि आखिर में 400 पार की आवश्यकता क्यों पड़ी।

उन्होंने कहा कि 1950 से आरएसएस ने भारतीय संविधान को पूर्ण स्वीकार नहीं किया है और आज भी संघ प्रमुख का बयान देखेंगे तो उन्होंने आरक्षण के मामले पर कई बार प्रश्न चिन्ह लगाया है। आज जो देश के हालात हैं तो उनका प्रमुख मुद्दा यही है।

## वर्ग पहेली-74

**बाएं से दाएं**

2. 1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।
4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।
5. 1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।
6. 1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।
7. 1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।
8. 1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1. 1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।
3. 1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।
6. 1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना, धारण करना 4. प्रवर्तन।



### वर्ग पहेली -73 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 वी | णा | ■ | 2 नौ | ■ | 3 तू |
| 4 दो | ■ | ■ | 5 वै | त | र | णी |
| ड़ | ■ | ■ | ■ | र | ■ | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | ■ | ■ |
| ग | ■ | न | ■ | ■ | ■ | 8 फिं |
| ■ | ■ | खे | ■ | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | ■ | ■ | ई |

# आपका कॉमन पासवर्ड दे रहा साइबर क्राइम को बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर स्कैमर्स लोगों को अलग-अलग तरीके से शिकार बना रहे हैं। स्कैमर्स के निशाने पर सबसे अधिक भारतीय हैं। साइबर अपराध का सर्वे करने वाली कंपनी चेक प्वाइंट साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लि. ने हाल में एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली तिमाही में साइबर अपराध के मामलों में 33 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। सर्वे के मुताबिक लोगों द्वारा बनाए गए पासवर्ड साइबर क्राइम को बढ़ावा दे रहा है।

रिपोर्ट में भारत के दस कॉमन पासवर्ड ऐसे हैं जो साइबर स्कैमर्स चंद सेकेंड में क्रैक कर लेते हैं। साइबर क्राइम थाना प्रभारी बृजेश यादव ने बताया कि कॉमन या कमजोर पासवर्ड का प्रयोग करते हैं तो इसे तत्काल बदल दें। साइबर अपराध करने वालों के लिए कॉमन या कमजोर पासवर्ड किसी भी सिस्टम में सेंध लगाने का सबसे आसान तरीका है। 1234 या 0000 जैसे कॉमन पासवर्ड को आसानी से ट्रैक किया जा सकता है। कुछ लोग पासवर्ड के नाम पर अपने या किसी करीबी के जन्मतिथि या मोबाइल नंबर का प्रयोग करते हैं। इसे भी स्कैमर्स आसानी से क्रैक कर लेते है।

### दस सबसे कॉमन चार डिजिट के पासवर्ड

साइबर एक्सपर्ट अखिलेश कुमार के मुताबिक इन्फार्मेशन इज ब्यूटीफुल साइट ने हाल में साइबर सिक्योरिटी पर एक अध्ययन किया था। इससे पता चलता है कि कई लोग अपने सिक्योरिटी कोड में इजी पैटर्न का प्रयोग करते हैं। स्टडी में 3.4 मिलियन पिन को चेक किया गया। जो सबसे कॉमन पैटर्न के थे। इनमें 1234, 1111, 0000, 1212, 7777, 1004, 2000, 4444, 2222 और 6969 एक आसान और कमजोर पैटर्न का पासवर्ड है। इसका प्रयोग लोग अक्सर इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम, क्रेडिट कार्ड, मोबाइल, कंप्यूटर या दूसरे गोपनीय दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए करते हैं। इस तरह के पासवर्ड को साइबर स्कैमर्स आसानी से टारगेट कर सकते हैं। ऐसे में अपने बैंक खाते या दूसरे डिवाइसेज की सुरक्षा के लिए पासवर्ड चुनते समय सिक्योरिटी को प्राथमिकता देना जरूरी है।

**33** प्रतिशत मामले बढ़े इस साल अब तक

### कुछ यूनिक पासवर्ड

साइबर एक्सपर्ट अखिलेश कुमार के मुताबिक कुछ सबसे ज्यादा यूनिक पासवर्ड हैं। इसमें 8557, 8438, 9539, 7063, 6827, 0859, 6793, 0738, 6835, 8093 शामिल है। इसका प्रयोग करने से साइबर स्कैमर्स से बच सकते हैं।

### यह करें

- आसान शब्दों वाला पासवर्ड नहीं बनाएं।
- पासवर्ड में 8 से कम कैरेक्टर का प्रयोग न करें।
- पासवर्ड में अपने नाम, बर्थ डेट का इस्तेमाल नहीं करें।
- यूजर नेम को भी पासवर्ड न बनाएं।
- पिन जनरेट करते समय अपनी कार का नंबर या मैरिज एनिवर्सरी की डेट का इस्तेमाल न करें।
- अपने डेटा और डिवाइस को प्रोटेक्ट करने के लिए पासवर्ड की जगह पासफ्रेज का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- पासवर्ड बनाते समय अल्फा न्यूमेरिक और स्पेशल कैरेक्टर का कॉम्बिनेशन बनाए।

## सुडोकू-153

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | | | |
| | | 4 | 5 | | | | | 6 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 2 | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | 5 | | | 3 | | | | |
| 5 | | | | | 2 | 8 | | |
| 3 | | | | | 1 | 9 | | |
| 6 | | | 3 | | | | | 4 |

### सुडोकू -152 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 13.50 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 20 मई 03.16 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज व्यवसाय में सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। भूमि-संपत्ति विवाद पुन: उभर के आ सकते हैं। ज्यादा विचारशीलता के कारण आप तनाव में भी आ सकते हैं।

**वृष** – आज अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। बच्चों को अनुशासन की शिक्षा देना हितकर होगा। नए कारोबार में निवेश करने के लिए समय उत्तम नहीं है। पेट में इन्फेक्शन होने की संभावना है। समझदारी पूर्वक स्थितियों को संभालने का प्रयास करें।

**मिथुन** – आज आपको आर्थिक हानि पहुंचा सकती है। घर में कलह का वातावरण हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को खानपान की अनियमितता से बचना चाहिए। गृहस्थ सुख में कमी देखने को मिलेगी।

**कर्क** – आज बच्चे अपने करियर और पढ़ाई को लेकर काफी सजग रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपनी नौकरी में बदलाव कर सकते हैं। व्यापार को लेकर बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। नया काम शुरू करना लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह** – आज आपकी बातों से अच्छे लोग भी नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको काफी सोच-समझकर ही लोगों से बातें करनी चाहिए। यात्राओं के लिए दिन शुभ नहीं है। गर्मी की वजह से पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**कन्या** – आज व्यवसाय में बड़ा फेरबदल करने का अवसर मिल सकता है। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे। निजी संबंधों के बीच आत्मीयता बढ़ेगी। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयत्न कर सकते हैं। कला और संगीत में आप गहरी रुचि ले सकते हैं।

**तुला** – आज बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए। कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आप परिस्थितियों का गलत अवलोकन भी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज धार्मिक कार्यों में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। पुरानी किसी समस्या का समाधान मिल सकता है। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु** – आज आप कुछ दबाव में भी आ सकते हैं। घर में कुछ बदलाव का विचार बनाएंगे। परिवार में मांगलिक उत्सवों को लेकर कुछ योजना बन सकती है। आपके व्यवहार के कारण वरिष्ठ जन आपका सहयोग कर सकते हैं।

**मकर** – आज आपका काम में ज्यादा मन नहीं लगेगा। नकारात्मक लोगों से सलाह न लें। परिवार के साथ समय बिताने से आपका मन अच्छा रहेगा। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आपकी जीवनशैली में कुछ अनियमितता आ सकती है।

**कुंभ** – आज लोहे के उपकरणों का प्रयोग बेहद सावधानी पूर्वक करें। हाथों और उंगलियों में चोट लग सकती है। आप काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिए नए काम की शुरूआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं में कमी आएगी।

**मीन** – आज आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बुजुर्ग जातकों को घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
नो प्रॉब्लम – सुबह : 08.44
दरार – रात : 07.40

**&pictures**
थैंक गॉड – सुबह : 09.29
थप्पड़ – रात : 08.00

**Sony Pix**
मैड मैक्स : फरी रोड – सुबह : 09.15
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स – रात : 07.05

**Zee Cinema**
हम आपके हैं कौन – सुबह : 11.32
सूर्यवंशी – रात : 09.00

**Colors Cineplex**
वेलकम – सुबह : 09.33
गोलमाल 3 – शाम : 06.41

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पड़ोसी- भाभी जी भाई साहब नहीं दिख रहे हैं।
भाभी- हमारा झगड़ा हो गया है वह गार्डन में हैं।
पड़ोसी- मैंने देखा गार्डन में नहीं हैं वो।
भाभी- खोदकर देखा।
पड़ोसी बेहोश...

भिखारी- बाबूजी आप मुझे 150 रुपये देकर मेरी मदद कीजिए।
मैं अपने परिवार से बिछुड़ गया हूं।
मोनू- पहले बताओ तुम्हारा परिवार कहां है?
भिखारी- मल्टीप्लेक्स में फिल्म देख रहा है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-980 फ्लैग-1095 डीएमओ-865 बोल्ड-1155
**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 880

## कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2350-2500, आर.आर.21 2550-2600, गेहूं फारम 2600-2700, जौ 2000 -2100, ज्वार 2000 -4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200 -2400, चना 6200 -6400, अरहर 9000 -10000, मसूर 5500 -5600, मटर 3700 -4000, उड़दहरा 10000 -11000, उड़दकाला 6000 -8000, मूंग 8500 -8800, अरहर फूल 16600-16800, अरहर स्पेशल 14000-14200, चनादाल 7400-7500, मटरदाल 4800-4900, मसूर मलका 7250-7300, मसूर दाल 7450-7500, उड़द दाल 9000- 13000, उड़द धोवा 10000- 13000, मूंगदाल 9500 -10500, मूंग धोवा 10000-11500, अरवा 2000 - 2300, बासमती न01.8500 - 10000, सेला 2500 - 3000, बासमती न02.6500 - 7500, आटा 1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430, शाहपसंद 1325-1350, लाही 5300-5400, अलसी 4500 -4600, अण्डी 4600 -4700, तिल्ली 11500- 12200

# विशेष सत्र में सेंसेक्स, निफ्टी बढ़त के साथ बंद

## विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजार में शनिवार को विशेष कारोबार सत्र में बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 88.91 अंक या 0.12 प्रतिशत चढ़कर 74,005.94 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान यह 245.73 अंक या 0.33 प्रतिशत उछलकर 74,162.76 पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 35.90 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 22,502 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक लाल निशान में बंद हुए। अमेरिका के अधिकांश शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों की निरंतर निकासी के बाद शुक्रवार को खरीदार बन गए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 1,616.79 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की खरीद की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी डाऊ जोन्स के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से शेयर बाजारों को वैश्विक समर्थन मिलता रहेगा। अब एफआईआई भी खरीदार बन गए हैं और इससे बाजार पर दबाव कम हुआ है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.85 प्रतिशत चढ़कर 83.98 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



- विदेशी संस्थागत निवेशक कई दिनों की निकासी के बाद बने खरीदार

### इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में विशेष सत्र आयोजित

शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 253.31 अंक चढ़कर 73,917.03 और एनएसई निफ्टी 62.25 अंक बढ़कर 22,466.10 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई और बीएसई ने सात मई को कहा था कि वह अपने प्राथमिक मंच पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने की अपनी तैयारियों को जांचने के लिए 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित करेगा। विशेष कारोबारी सत्र के दौरान कारोबार प्राथमिक साइट (पीआर) से आपातकालीन (डीआर) साइट पर स्थानांतरित किया जाएगा। इससे पहले दो मार्च को भी बीएसई और एनएसई ने इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया था।

# कुछ क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी



- उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव ने नई सरकार बनने पर जताई उम्मीद

भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों में ढील दी है और इस बात की संभावना है कि नई सरकार के सत्ता में आने पर कुछ अन्य क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों में राहत दी जा सकती है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में एफडीआई नीति को उदार बनाया है। भारत की नीतियां दुनिया में सबसे उदार एफडीआई नीतियों में से एक हैं और वास्तव में यह कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में अधिक उदार है। सिंह ने सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाया गया था और इस बात की बहुत संभावना है कि नई सरकार के तहत, हम जो भी क्षेत्र बचे हैं और जहां कुछ उदारीकरण संभव है, वहां इसके लिए प्रयास कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2023 में भारत में एफडीआई 13% घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। ऐसा मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, ऑटो और दवा क्षेत्रों में कम निवेश से हुआ। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाओं (पीएलआई) की सफलता पर सचिव ने कहा कि अब तक 1.13 लाख करोड़ का निवेश हुआ और कंपनियों ने नौ लाख करोड़ से अधिक की बिक्री, 3.45 लाख करोड़ का निर्यात सृजित किया, साथ ही 8 लाख से ज्यादा नौकरी दी।

# भारत ने प्रमुख संस्थाओं से आईएमईईसी पर की बात

**दुबई।** भारत- पश्चिम एशिया- यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के रूपरेखा समझौते पर भारत के एक अंतर-मंत्रालयी प्रतिनिधिमंडल ने पहली बार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा किया है।

महत्वपूर्ण परियोजना के संचालन के सहयोग पर प्रमुख संस्थाओं के साथ यहां चर्चा होगी। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर के तीन महीने में हो रही इस यात्रा से पता चलता है कि दोनों सरकारें आईएमईईसी को कितना महत्व दे रही हैं। आर्थिक गलियारा दक्षता पैदा करने और लागत कम करने के लिए वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग तैयार करेगा।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92450 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 76000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56650-56850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,650 |
| सोना रवा | 73,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72300 |
| सिल्वर (पक्की) | 865 (अनुमानित)। |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,650 |
| चांदी आभूषण | 88,000 |

# पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये का बोनस देगा कोटक लाइफ

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने आज वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7 लाख से अधिक योग्य पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह लगातार 23वां साल है जब कोटक लाइफ ने भाग लेने वाले उत्पादों पर बोनस की घोषणा की है। कंपनी द्वारा घोषित किया गया बोनस वित्त वर्ष 2022-23 की बोनस अमाउंट से 20 फीसदी अधिक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि हमें लगातार 23वें साल अपने ग्राहकों के लिए बढ़े हुए बोनस की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। कोटक लाइफ में, हम अपने ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों, जरूरतों को पूरा करने और उनके निवेश के लिए वैल्यू बनाने में मदद करने के लिए समर्पित हैं। हमारे ब्रांड के वादे 'हम हैं...हमेशा' के अनुरूप, हमारा प्रयास हमेशा अपने ग्राहकों के लिए जारी रहेगा।

# नेपाल ने भी लगाया भारतीय मसालों पर प्रतिबंध

काठमांडू, एजेंसी

सिंगापुर और हांगकांग के बाद अब नेपाल ने भी कथित गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है।

नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के अनुसार एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों को संदिग्ध एथिलीन ऑक्साइड या ईटीओ विकार के कारण शुक्रवार से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके तहत एमडीएच के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और मिश्रित मसाला करी पाउडर तथा एवरेस्ट के फिश करी मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विभाग ने




- सिंगापुर और हांगकांग के बाद नेपाल ने की कार्रवाई
- एमडीएच-एवरेस्ट के उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड अधिक

शुक्रवार को जारी एक नोटिस में कहा कि चूंकि इन चार उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई है, इसलिए खाद्य विनियमन 2027 बीएस के अनुच्छेद 19 के अनुसार देश के भीतर इन उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

नोटिस में कहा गया कि हमारा ध्यान उन मीडिया रिपोर्ट पर गया, जिनमें बाजार में इन घटिया उत्पादों की बिक्री और इनके उपभोग के लिए हानिकारक होने के बारे में बताया गया था। खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण निगरानी संस्था ने आयातकों और व्यापारियों से इन उत्पादों को बाजार से वापस लेने का भी आग्रह किया है। पिछले महीने, सिंगापुर और हांगकांग ने कैंसर से जुड़े कुछ ईटीओ के संदिग्ध ऊंचे स्तर का हवाला देते हुए एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों की बिक्री रोक दी थी। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने तब से देश में विभिन्न ब्रांडों के मिसे मसालों की गुणवत्ता जांच करने के लिए कदम उठाए हैं।

# एपीएसईजेड को नॉर्वे सॉवरेन वेल्थ फंड ने निवेश सूची से किया बाहर

**नई दिल्ली।** नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए सरकारी पेंशन फंड से अडाणी समूह की बंदरगाह कंपनी एपीएसईजेड को बाहर कर दिया है। एपीएसईजेड 15वीं भारतीय कंपनी है, जिस पर नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने इस तरह की कार्यवाही की है।

ओएनजीसी, गेल, एनटीपीसी और वेदांत जैसी कंपनियों को इस तरह की कार्यवाही का सामना करना पड़ा है। नॉर्वे का नॉर्जेस बैंक सॉवरेन वेल्थ फंड का प्रबंधन करता है। उसने 15 मई को कहा कि अस्वीकार्य जोखिम से अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन को बाहर करने का फैसला किया है, क्योंकि कंपनी युद्ध या संघर्ष की स्थितियों में व्यक्तियों के अधिकारों के गंभीर उल्लंघन में शामिल है। एपीएसईजेड मार्च 2022 से निवेश रोकने के लिए नार्वे के केंद्रीय बैंक की निगरानी सूची में था। कंपनी को म्यांमार में सशस्त्र बलों के साथ अपने व्यापारिक जुड़ाव के कारण कार्रवाई का सामना करना पड़ा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार रात सुरक्षाबलों को रवाना किया गया था। दल जब आज सुबह तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में पहुंचा तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

### गोपनीयता उल्लंघन में पूर्व पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**जम्मू।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को हाल में प्रकाशित अपनी पुस्तक में संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम शेख को शुक्रवार देर रात जम्मू शहर के गांधी नगर इलाके में उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। शेख 1986 में सहायक उप-निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे और पिछले साल सेवानिवृत्त हुए थे।

### पंजाब में सड़क हादसे में चार विद्यार्थियों की मौत

**पटियाला (पंजाब)।** पंजाब में राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आरजीएनयूएल) पटियाला के चार विद्यार्थियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। पंजाब पुलिस ने बताया कि हादसा शुक्रवार देर रात तब हुआ, जब उनकी तेज रफ्तार एसयूवी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। यह दुर्घटना जिले के भादसों रोड पर बख्शीवाला गांव के पास राजमार्ग पर हुई। मृतकों में तीन छात्र और एक छात्रा हैं, ये सभी विधि के विद्यार्थी थे। पुलिस ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना में एक युवक भी घायल हो गया है।

### सिक्किम की नदी में टैक्सी गिरने से दो लोगों की मौत

**गंगटोक।** सिक्किम में शनिवार सुबह सिंगताम के पास पर्यटकों से भरी टैक्सी नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों का यह परिवार कोलकाता का रहने वाला था और सिलीगुड़ी से गंगटोक जा रहा था, जब सांग खोला में वाहन रानी नदी में गिर गया। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में टैक्सी चालक और परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान 72 वर्षीय रवींद्र नाथ पॉल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घायलों को पहले सिंगताम के नजदीकी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें गंगटोक के सेंट्रल रेफरल हॉस्पिटल भेज दिया गया।

# भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार गिरा दी

## प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा- कांग्रेस का इतिहास सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है

अंबाला, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यह उनकी धाकड़ सरकार थी, जिसने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और परिणामस्वरूप, कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है। उन्होंने जीप घोटाले का जिक्र भी किया जो कि कांग्रेस शासन के दौरान पहला घोटाला था।

मोदी ने हरियाणा में अपनी पहली रैली में उपस्थित जनसमूह से सवाल किया, क्या एक कमजोर सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात बदल सकती थी? सशस्त्र बलों में हरियाणा द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो हरियाणा में माताएं अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में सोचकर चिंतित थीं। मोदी ने वहां मौजूद लोगों से पूछा, क्या अब ऐसी चीजें बंद हो गई हैं या नहीं? प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी की धाकड़ सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्र ने अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार प्रदान किए थे और तत्कालीन राज्य को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।



हरियाणी की सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी।

- हरियाणा की अपनी पहली रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्ष को घेरा

मोदी ने कहा कि चार जून में केवल 17 दिन बचे हैं, जब चुनाव के नतीजे घोषित होंगे। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को मतदान के पहले चार चरणों में कोई सीट नहीं मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब देश में धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचता है। जिस पाकिस्तान के हाथों में पहले बम थे, अब उसके हाथों में भीख का कटोरा है। हरियाणा की 10 सीट के लिए छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा।

रैली में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर, अंबाला और कुरुक्षेत्र सीट से क्रमशः बंतो कटारिया और नवीन जिंदल शामिल थे। इससे पहले मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को कटारिया की पुण्य तिथि थी, जिन्होंने लोकसभा में अंबाला का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी पत्नी बंतो कटारिया इस बार अंबाला सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं।

### मोदी की रैली में शामिल होंगे 13 मिशनों के 25 राजनयिक

**नई दिल्ली।** भाजपा की विदेशी राजनयिकों के बीच अपनी पहचान बनाने तथा राजनीतिक संपर्क स्थापित करने के लिए शुरू की गई भाजपा को जानें मुहिम के तहत यहां स्थित 13 मिशनों के 25 राजनयिक प्रधानमंत्री मोदी की शनिवार को होने वाली रैली में भाग लेंगे। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले ने कहा कि भारत के लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार जश्न के बीच भारत में तेरह राजनयिक मिशनों के 25 प्रतिनिधि 18 मई को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की रैली में लोगों के उत्साह का अनुभव करेंगे। उपस्थित होने वाले लोगों में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, भूटान, इंडोनेशिया, जापान, मॉरीशस, नेपाल, रूस, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड और ब्रिटेन के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा शुरू की गई भाजपा को जानें मुहिम का हिस्सा है।

# स्वाति के बाएं पैर और दाहिने गाल पर चोट के निशान

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल बाएं पैर के पिछले हिस्से और दाहिने गाल पर चोट के निशान हैं। उनकी पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट से हुई है। मालीवाल पर मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहयोगी बिभव कुमार ने कथित तौर पर हमला किया था। मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर खुद पर हमला करने के लिए कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद यह मामला सामने आया।

प्राथमिकी में मालीवाल ने दावा किया कि कुमार ने उन पर 'पूरी ताकत से बार-बार' प्रहार किया और उन्हें सात-आठ बार थप्पड़ और लात से मारा। मालीवाल की चिकित्सकीय जांच शुक्रवार को की गई। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार मालीवाल के बाएं पैर के पिछले हिस्से में लगभग 3x2 सेंटीमीटर आकार के और दाहिनी आंख के नीचे गाल पर 2x2 सेंटीमीटर आकार के चोट के निशान हैं।



- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट में हुई पुष्टि

### भाजपा ने आप को 'एंटी औरत पार्टी' करार दिया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को आप पर स्वाति मालीवाल हमला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार के बचाव में पीड़िता को शर्मसार करने और उन्हें ही दोषी ठहराने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि केजरीवाल अपने सहयोगी कुमार को बचाने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि कुमार उनके 'रहस्यों' को उजागर कर उन्हें बेनकाब कर सकते हैं। पार्टी पर कटाक्ष करते हुए, पूनावाला ने संवाददाताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी मूल रूप से 'एंटी औरत पार्टी' (महिला विरोधी पार्टी) है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी नेताओं पर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने के पिछले आरोपों का जिक्र किया। मालीवाल पर भाजपा के इशारे पर काम करने के आप के दावे पर पूनावाला ने पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी की एक अन्य नेता और दिल्ली महिला आयोग की सदस्य वंदना सिंह भी राज्यसभा सदस्य का समर्थन कर रही हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा आम आदमी पार्टी की आलोचना का जिक्र करते हुये पूछा कि क्या लोकसभा सदस्य चौधरी भी भाजपा के एजेंट बन गए हैं। मालीवाल की पार्टी ने उनके खिलाफ भाजपा के एजेंट की तरह काम करने का आरोप लगाया है।

# शिवकुमार पर 100 करोड़ की रिश्वत की पेशकश का आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

## यौन शोषण मामला

विभिन्न आरोपों में जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन्हें जद(एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी पर हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न का वीडियो पेन ड्राइव लीक करने का आरोप लगाने के लिए 100 करोड़ की पेशकश की थी।

भाजपा नेता ने शिवकुमार पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा धूमिल करने और कुमारस्वामी को बदनाम करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। देवराजे गौड़ा ने शुक्रवार देर रात अपनी जमानत पर सुनवाई के बाद हासन में कहा कि शिवकुमार मुझे 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव ही नहीं, बल्कि बेंगलुरु के बॉरिंग क्लब में कमरा 110 के लिए पांच करोड़ रुपये की अग्रिम राशि भी भेजी। उन्होंने रिश्वत की पेशकश को अस्वीकार कर दिया और इसके कारण मुझे पहले अत्याचार, फिर यौन उत्पीड़न और अंत में दुष्कर्म के मामले में फंसाया।



- जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने लगाए आरोप

### आरोप किए खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार और राज्य के अन्य मंत्रियों ने प्रज्ज्वल से जुड़े वीडियो के पेन ड्राइव वितरित करने में अपनी भूमिका के आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया। शिवकुमार ने कहा, जो व्यक्ति जेल में है, वह ऐसे आरोप कैसे लगा सकता है? ये सब बेबुनियाद है।

### प्रज्ज्वल के खिलाफ अदालत ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स वीडियो कांड में अदालत ने शनिवार को हसन संसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह वारंट एसआईटी की मांग के बाद जारी हुआ है। नोटिस के बावजूद प्रज्ज्वल जांच टीम के सामने पेश नहीं हुए। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पुत्र एचडी रेवन्ना और पोते प्रज्ज्वल से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी और इस बात पर जोर दिया कि जांच में किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने मामले में कई लोगों की संलिप्तता को रेखांकित करते हुए कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया। विधायक एचडी रेवन्ना को पहले हिरासत में लिया गया था और बाद में उनके पुत्र के कथित सेक्स स्कैंडल से जुड़े अपहरण मामले में सशर्त जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# एकतरफा प्रेम में पांच सदस्यों की हत्या कर की खुदकुशी

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 32 वर्षीय व्यक्ति ने एकतरफा प्रेम में महिला और उसके बेटे समेत परिवार के पांच लोगों की हत्या कर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के एसपी पुष्कर शर्मा ने बताया कि सलिहा थाना क्षेत्र के थरगांव में मनोज साहू ने एकतरफा प्रेम में मीरा साहू, उसके पांच वर्षीय बेटे आयुष, मीरा के पिता हेमलाल, मां जगमोती और बहन ममता की हत्या कर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों से मिली सूचना पर पुलिस वहां गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों के शरीर पर कुल्हाड़ी के निशान हैं। मनोज का शव भी वहीं लटका मिला। मनोज थरगांव का ही निवासी है।

शर्मा ने बताया कि मनोज बीती रात कुल्हाड़ी लेकर हेमलाल के घर में घुसा और जब परिवार के सदस्य सो रहे थे तब उनकी हत्या कर दी और कमरे में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मनोज मीरा से एकतरफा प्यार करता था। मनोज ने पूर्व में मीरा को विवाह का प्रस्ताव दिया था जिसे मीरा ने अस्वीकार कर दिया था। 2017 में, मीरा ने कथित तौर पर उसके और उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने के आरोप में मनोज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

- मृतकों के शरीर पर कुल्हाड़ी के निशान, आरोपी का शव वहीं मिला

# रैलियों में चीनी संविधान दिखा रहे राहुल : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी रैलियों में भारत की बजाय चीनी संविधान दिखा रहे हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि गांधी जो किताब दिखा रहे हैं वह चीनी संविधान की तरह लाल कवर वाली है, जबकि मूल भारतीय संविधान पर नीला कवर है। शर्मा ने यह अपने 'एक्स' पर लिखा। हालांकि कई एक्स उपयोगकर्ताओं ने कहा कि लाल कवर वाला संविधान एक खास संस्करण है। कई उपयोगकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वही भारतीय संविधान दिख रहा है, जो गांधी अपनी सभाओं में दिखाते हैं।

# संविधान के अनुसार होगा देश का संचालन : विपक्ष

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे को लेकर शनिवार को उन पर निशाना साधा कि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर पर बुलडोजर चला देगा। विपक्ष ने कहा कि वे सभी की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि देश का संचालन संविधान के अनुसार हो।

खरगे, कांग्रेस- शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना- उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना- यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने 20 मई को राज्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार अभियान के आखिरी दिन संवाददाता सम्मेलन को संयुक्त रूप से संबोधित किया। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री के इन आरोपों से जुड़े सवालों का जवाब दिया कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आ गया, तो वह राम मंदिर को ढहा देगा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के लिए आरक्षण कम कर देगा और अनुच्छेद 370 को बहाल कर देगा। खरगे ने प्रधानमंत्री पर उन बातों पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया, जो कांग्रेस कभी नहीं करेगी। ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा करेगी, जबकि पवार ने कहा कि न केवल मंदिरों, बल्कि सभी धर्मों के पूजा स्थलों की रक्षा करना उनकी सरकार का कर्तव्य होगा।



मुंबई की प्रेस वार्ता में मौजूद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी (शरद) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे।

- विपक्ष के सत्ता में आने पर राम मंदिर गिराने संबंधी मोदी के बयान की इंडिया गठबंधन ने की निंदा

### मोदी ने दस साल का हिसाब नहीं दिया : तेजस्वी



**छपरा।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने दस साल के अपने कार्यकाल में विकास के लिए क्या काम किये, उनका हिसाब उनके पास नहीं है। सारण क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्या के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद करने आए तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तो दस साल का हिसाब नहीं देते, लेकिन मेरे पास उनके दस साल का पूरा हिसाब है।



## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
पंजाब किंग्स
दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# आरसीबी की नैया पार, सीएसके बाहर

## प्लेआफ की दौड से बाहर हुई चेन्नई, बेंगलुरु ने 27 रन से हराया, विराट ने खेली 47 रनों की पारी, डुप्लेसी ने लगाया अर्धशतक



**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कप्तान फाफ डुप्लेसी (54 रन) के अर्धशतक और विराट कोहली (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 27 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बनी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ पांच विकेट पर 218 रन बनाए। जिसके जवाब में सीएसके 20 ओवर में 7 विकेट गवांकर 191 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरूआत बेहद खराब रही। कप्तान ऋतुराज बिना खाता खोले पहली ही गेंद पर अपना विकेट दे बैठे। इसके बाद तीसरे ओवर में डेरिल मिशेल भी आउट हो गए। ओपनिंग पर उतरे रवींद्र रचिन एक छोर से रन बनाते रहे। रचिन और रहाणे ने मिलकर टीम को संभालने का प्रयास किया लेकिन रहाणे 33 रन बनाकर आउट हो गए। शिवम दुबे भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और 7 रन बनाकर चलते बने। जडेजा ने नाबाद 42 रनों की पारी खेली वहीं एमएस धोनी के बल्ले से 25 रन निकले, सीएसके 191 रन ही बना सकी।

इससे पहले आरसीबी के लिए घरेलू मैदान पर कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अपना अर्धशतक पूरा किया वहीं विराट ने भी शानदार 47 रनों की पारी खेली।


विराट कोहली का विकेट लेने बाद खुशी व्यक्त करते मिचेल सैंटनर और डेरिल मिशेल। ● एजेंसी

विराट के आउट होने के बाद रनों को बढ़ाने की जिम्मेदारी रजत पाटीदार ने संभली और बेहतरीन 41 रनों की पारी खेली। एक छोर पर दिनेश कार्तिक भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए महज 6 गेंदों पर 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। मैक्सवेल ने आते ही अपने अंदाज में ताबड़तोड़ 5 गेंदों में 16 रन जड़ डाले। एक छोर पर अपनी पारी को तेजी से आगे बढ़ाते हुए ग्रीन ने महज 17 गेंदों पर 38 रनों की नाबाद पारी खेली। सीएसके के लिए शार्दुल ठाकुर ने दो जबकि मिचेल सैंटनर और तुषार देशपांडे ने एक एक विकेट झटके। चेन्नई को जीतने के लिए 219 रन बनाने का लक्ष्य दिया था। जिसके जवाब में सीएसके 191 रन ही बना सकी और हार से आईपीएल खत्म किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| हैदराबाद (क्वा) | 13 | 7 | 5 | 15 | 1 | +0.406 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

**78** रनों की साझेदारी सलामी जोड़ी विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने की

### बेंगलुरु 219/5
20 ओवर, अतिरिक्त: 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली कैच डेरिल बो सैंटनर | 47 | 29 | 3/4 |
| फाफ डुप्लेसी रनआउट सैंटनर | 54 | 39 | 3/3 |
| रजत पाटीदार कैच डेरिल बो शार्दुल | 41 | 23 | 2/4 |
| कैमरून ग्रीन नाबाद | 38 | 17 | 3/3 |
| दिनेश कार्तिक कैच धोनी बो देशपांडे | 14 | 6 | 1/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल कैच धोनी बो शार्दुल | 16 | 5 | 2/1 |
| महीपाल लोमरोर नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** देशपांडे 4-0-49-1, शार्दुल 4-0-61-2, तीक्षणा 4-0-25-0, सैंटनर 4-0-23-1, जडेजा 3-0-40-0, सिमरजीत 1-0-19-0

### चेन्नई 191/7
20 ओवर, अतिरिक्त: 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड कैच दयाल बो मैक्सवेल | 0 | 1 | 0/0 |
| रवींद्र रचिन रन आउट स्वप्निल/ कार्तिक | 61 | 37 | 5/3 |
| डेरिल मिचेल कैच कोहली बो दयाल | 4 | 6 | 0/0 |
| रहाणे कैच डुप्लेसी बो फॉर्ग्युसन | 33 | 22 | 3/1 |
| शिवम दुबे कैच फॉर्ग्युसन बो ग्रीन | 7 | 15 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 42 | 22 | 3/3 |
| सैंटनर कैच डुप्लेसी बो सिराज | 3 | 4 | 0/0 |
| महेंद्र सिंह धोनी कैच स्वप्निल बो दयाल | 25 | 13 | 3/1 |
| शार्दुल नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** मैक्सवेल 4-0-25-1, सिराज 4-0-35-1, दयाल 4-0-42-2, स्वप्निल 2-0-13-0, कर्ण 1-0-14-0, फॉर्ग्युसन 3-0-39-1, ग्रीन 2-0-18-1

## प्राणवी, दीक्षा और त्वेसा ने जर्मन मास्टर्स में कट हासिल किए



**ब्रेंडेनबर्ग (जर्मनी)।** प्रणवी उर्स, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ में कट में जगह बनाने में सफल रहीं। प्रणवी और दीक्षा ने दूसरे दौर में एक-ओवर 73 का कार्ड खेला।

दो दौर के खेल के बाद दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर है। त्वेसा (77) पांच ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही। टूर्नामेंट में भाग ले रही चार अन्य भारतीयों में से स्नेहा सिंह (75) एक शॉट से, वाणी कपूर (77) तीन शॉट से और अमनदीप द्राल (78) पांच शॉट से कट में जगह बनाने से चूक गई। अवनि प्रशांत दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबले से हट गई। कट का स्कोर पांच ओवर का रहा जिसमें 66 खिलाड़ी जगह बनाने में सफल रहीं।

## निदा का रिकॉर्ड प्रदर्शन पर इंग्लैंड जीता, 2-0 की बढ़त

**नॉर्थम्प्टन, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान की हार के बावजूद के निदा डार टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं हैं। डार ने शुक्रवार को महिला टी-20 में अग्रणी विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर रही ऑस्ट्रेलिया की मेगन स्कट (136 विकेट) को पीछे छोड़ दिया। वह शीर्ष 10 की सूची में एकमात्र पाकिस्तानी महिला हैं।

दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी और नेट साइवर-ब्रंट के उपयोगी योगदान से इंग्लैंड ने छह विकेट पर 144 रन बनाए। पाकिस्तान के गेंदबाज काफी हद तक प्रभावशाली रहे, उन्होंने रनों की गति को रोका और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए। मुनीबा और आलिया रियाज ने कुछ संघर्ष किया लेकिन यह इंग्लिश गेंदबाजों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। मेहमान टीम केवल 79 रन पर आउट हो गई, जिससे इंग्लैंड को 65 रन से जीत मिली और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त मिल गई।

## सिफत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल

**भोपाल, एजेंसी**

सिफत कौर सामरा ने ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा तीसरी बार जीत ली जबकि नीरज कुमार ने पुरूष वर्ग में दूसरी बार जीत दर्ज की। सिफत ने महिलाओं की थ्री पोजिशंस ट्रायल 4 में 461.3 स्कोर करके निच्छल को एक अंक से हराया।

वहीं आशी चौकसी तीसरे, श्रियांका साडंगी चौथे और अंजुम मोद्गिल पांचवें स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में नीरज ने 462.9 स्कोर करके पहला स्थान हासिल की। चैन सिंह दूसरे, ऐश्वर्य तोमर तीसरे, स्वप्निल कुसाले चौथे और अखिल श्योराण पांचवें स्थान पर रहे। चार ट्रायल में तीन जीतकर सिफत इस वर्ग में शीर्ष रही जबकि अंजुम दूसरे स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में ऐश्वर्य तोमर और कुसाले पहले दो स्थान पर रहे। पुरूष और महिला वर्ग



के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल ट्रायल 4 भी शनिवार को हुए। पुरूष वर्ग में कार्तिक राज शीर्ष रहे तो महिला वर्ग में रमिता जिंदल ने बाजी मारी। पिस्टल वर्ग में मनु भाकर शीर्ष रही जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत ने पहला स्थान हासिल किया। अब चार दौर के बाद मनु और रिदम सांगवान शीर्ष दो स्थानों पर है जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत और अर्जुन पहले व दूसरे स्थान पर हैं।

## खेल डायरी

### हार्दिक पर अगले सीजन के लिए एक मैच का निलंबन

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवर गति के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है। अब वह अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उनकी टीम समय पर अपने ओवर खत्म नहीं कर पाई थी। एमआई के लिए यह मैच आईपीएल के मौजूदा सत्र का आखिरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीजन के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीजन में यह तीसरी बार था जब एमआई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रहा।

### आकाश-पोयमंती ने जीता डब्ल्यूटीटी खिताब

**नेवसेहिर (तुर्किये)।** भारत के टीटी खिलाड़ी आकाश पाल और पोयमंती बैस्या ने तुर्किये के नेवसेहिर में डब्ल्यूटीटी फीडर कप्पाडोसिया 2024 में मिश्रित युगल का खिताब जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में हमवतन अनिर्बान घोष और स्वास्तिका घोष को रोमांचक मुकाबले में 3-2 के स्कोर से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में पाल और बैस्या ने यूक्रेन के एंड्री ग्रेबेनियुक और दिमित्रिको को 3-0 से हराया था। गौरतलब है कि पाल और बैस्या का यह दूसरा डब्ल्यूटीटी खिताब था। भारतीय टेबल टेनिस जोड़ी ने मार्च में बेरूत में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर हमवतन साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को चौंका दिया था।

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के फाइनल में

**बैंकॉक।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के सामने खिताबी मुकाबले में चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी की चुनौती होगी।

### इटैलियन ओपन फाइनल में ज्वेरेव का सामना जेरी से

**रोम।** पांचवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चिली के अलेजांद्रो ताबिलो को 1-6, 7-6, 6-2 से हराकर इटैलियन ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में उनका सामना चिली के ही निकोलस जेरी से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-3, 6-7, 6-3 से हराया। रोम में ज्वेरेव का यह तीसरा फाइनल है। उन्होंने 2017 में नोवाक जोकोविच को हराकर पहला मास्टर्स सीरिज खिताब जीता था। इसके एक साल बाद वह राफेल नडाल से हार गए। महिला फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक का सामना दूसरी रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा।

## इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने संतुलन बिगाड़ा : कोहली

**बेंगलुरू, एजेंसी**

● **इस नियम ने हरफनमौलाओं पर डाला है विपरीत असर**

कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी।

अब कोहली ने कहा मैं रोहित का समर्थन करता हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन संतुलन भी होना चाहिए। इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है और कई लोगों को ऐसा लगता है, सिर्फ मुझे नहीं। रोहित ने पॉडकास्ट में कहा मैं इस नियम का मुरीद नहीं हूं। इससे हरफनमौलाओं पर विपरीत असर पड़ेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है, 12 का नहीं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि यह नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया है ताकि दो खिलाड़ियों को एक मैच में मौका मिल सके। कोहली ने कहा मुझे यकीन है कि जय भाई ने कहा है कि वह इसकी समीक्षा करेंगे और ऐसा निष्कर्ष निकलेगा कि खेल में संतुलन पैदा हो सके।

## ओलंपिक कोटा हासिल करने उतरेगा भारत

**नई दिल्ली।** परवीन हुडा के निलंबन के बाद भारत महिला मुक्केबाजी में 57 किग्रा में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेगा। हुडा को आईटीए द्वारा ठिकाने की विफलता के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब 57 किग्रा वजन वर्ग मेंजैस्मीन लाम्बोरिया थाईलैंड में 24 मई से शुरू होने वाले दूसरे ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में हिस्सा लेंगी। बीएफआई ने शनिवार को कहा कि उन्होंने हुडा द्वारा जीते गए कोटा स्थान को अस्वीकार कर दिया है, विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति मिल जाएगी। पंजीकृत मुक्केबाज ही भाग लेने के पात्र हैं, जिससे भारत 60 किग्रा और 66 किग्रा वर्ग में दावेदारों तक ही सीमित रह गया है।



## टी-20 विश्व कप : अधिकांश भारतीय खिलाड़ी 25 मई को होंगे न्यूयॉर्क रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी-20 विश्व कप के लिए 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जाएंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेआफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे।

बीसीसीआई सूत्र के अनुसार रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा। पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जाएगा। आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है। टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी, विराट, सूर्यकुमार, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, जडेजा, अक्षर, कुलदीप, चहल, अर्शदीप सिंह, बुमराह, मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है।



## बॉलीवुड हलचल



### रोमांटिक फिल्म में नजर आएगी सिद्धार्थ और कृति की जोड़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेती कृति सैनन की जोड़ी रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकती है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कृति सैनन को हाल ही में मैडॉक के ऑफिस में देखा गया है। तभी से लेकर दोनों की साथ फिल्म करने को लेकर चर्चा है। कहा जा रहा है कि मुराद खेतानी जिस देसी मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं, उसमें सिद्धार्थ नजर आने वाले हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में सिद्धार्थ के साथ कृति सैनन नजर आ सकती है।



### हाउसफुल 5 में होगी अर्जुन रामपाल की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल की एंट्री हाउसफुल 5 में हो सकती है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के बाद अब अर्जुन रामपाल की भी एंट्री हो सकती है। हाउसफुल के पहले पार्ट में अर्जुन रामपाल नजर आए थे। 'हाउसफुल 5' में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन जैसे सितारे नजर आने वाले हैं। अर्जुन रामपाल भी अहम भूमिका में दिखेंगे। इस बार उनका किरदार गंभीर होने के साथ-साथ मजेदार भी होने वाला है। यह फिल्म इसी साल अगस्त से फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि फिल्म हाउसफुल 5 अगले साल 06 जून को सिनेमा घरों में रिलीज होगी।




**अंकतालिका में नंबर दो पर आने के लिए मुकाबले होंगे अहम, केकेआर-राजस्थान शीर्ष पर काबिज**

## दूसरे स्थान पर आना चाहेंगे सनराइजर्स

**हैदराबाद, एजेंसी**

पिछले तीन साल में पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को यहां जब लीग चरण के अपने अंतिम मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर होगी।

आईपीएल के पिछले तीन सत्र में अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही सनराइजर्स की टीम ने इस साल अति-आक्रामक बल्लेबाजी दृष्टिकोण और बेहतरीन गेंदबाजी के साथ खुद को खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित किया है। सनराइजर्स अभी 13 मैचों में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर है। पंजाब किंग्स को हराने के बाद टीम 17 अंक तक पहुंच सकती है। रविवार को खेले जाने वाले एक अन्य मैच में अगर संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम कोलकाता (केकेआर) नाइट राइडर्स को हराने में सफल रही तो उसके 18 अंक हो जाएंगे और टीम दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। केकेआर का शीर्ष दो स्थान में रहना पक्का है।

सनराइजर्स के हौसले हालांकि इस बात से बुलंद होगे की गुजरात के खिलाफ बारिश के कारण मैच धुलने से पहले उसमे लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। वहीं, अंतिम चार में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद पंजाब किंग्स के लिए यह मौका खुद को साबित करने का होगा।



### केकेआर को हराकर दूसरा स्थान पक्का करना चाहेंगे रॉयल्स

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिए कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिए गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और उनकी लय पर असर पड़ सकता है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# आम पकाने के लिए कार्बाइड का इस्तेमाल किया तो खैर नहीं, एफएसएसएआई सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी



आम का मौसम शुरू होने के साथ ही बाजार में आमों की आवक शुरू हो चुकी है। इस बीच भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने फलों को पकाने में शामिल व्यापारियों, फल संचालकों और खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को कड़ी चेतावनी जारी की है।

यह सलाह खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो आम के मौसम के दौरान कृत्रिम रूप से फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग करते हैं। फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड के यूज पर बैन है। लेकिन इसके बावजूद इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल होता है। एफएसएसएआई ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा विभागों से सतर्क रहने और इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। प्राधिकरण ने इस बात पर जोर दिया कि कैल्शियम कार्बाइड एक खतरनाक रसायन है और इसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है।

### आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश

कैल्शियम कार्बाइड, आमतौर पर आम जैसे फलों को पकाने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह एसिटिलीन गैस छोड़ता है जिसमें आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश होते हैं। सामान्य बोलचाल की भाषा में इन पदार्थों को मसाला के नाम से भी जाना जाता है। ये चक्कर आना, बार-बार प्यास लगना, जलन, कमजोरी, निगलने में कठिनाई, उल्टी और त्वचा के अल्सर आदि जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति पर धोखाधड़ी करने का आरोप

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर अपनी गलत पहचान बताकर राष्ट्रपति कार्यालय, राष्ट्रीय विकास मंत्रालय और संसद को ई-मेल भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए गए हैं।

अदालत में 17 मई को पेश हुए 24 वर्षीय प्रकाश परमाशिवम ने खुद को सिंगापुर जेल सेवा स्टाफ का सदस्य बताते हुए राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम, राष्ट्रीय विकास मंत्री डेसमंड ली और संसद को ईमेल भेजे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार प्रकाश पर आरोप है कि उसने 16 फरवरी को संसद को और उसके दो दिन बाद ली को ई-मेल किया। 24 फरवरी को राष्ट्रपति थर्मन को एक और ईमेल भेजा। अदालती दस्तावेजों में इस बात की जानकारी नहीं है कि ई-मेल में क्या लिखा था और प्रकाश ने इन्हें क्यों भेजा।

# मोबाइल पर किया गैरजरूरी कॉल तो मोस्ट वांटेड की लिस्ट में होंगे शामिल, सरकार लाएगी नियम

मोबाइल फर्जीवाड़े में भारत काफी आगे है। हर एक व्यक्ति फर्जी कॉल और मैसेज से परेशान है। सरकार ने भी इस तरह की कॉल और मैसेज को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। साथ ही ऐसी कॉल और मैसेज करने वालों को क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल करने का नियम बनाने की कोशिश हो रही है। डिपॉर्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर की ओर से आने वाले कुछ माह में एक गाइडलाइन पेश किया जा सकता है। इसमें टेलीमार्केटिंग जैसे बैंक, रियल एस्टेट पर प्रमोशनल या लेनदेन से जुड़े मैसेज भेजने को लेकर जवाबदेही तय करने का नियम होगा। साथ ही ऐसी प्रैक्टिस फॉलो करने पर क्रिमिनल एक्टिविटी के तहत केस करने का प्रावधान होगा।

### गलत प्रैक्टिस पर होंगे दोषी करार

कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 के सेक्शन 2(28) और 2(47) के मुताबिक गैरजरूरी कॉल और मैसेज गलत ट्रेड प्रैक्टिस के दायरे में आता है। अगर सही चैनल से प्रमोशनल या फिर गैरजरूरी कॉल और मैसेज नहीं किया जाता है, तो उन्हें कंज्यूमर एक्ट के तहत दोषी करार दिए जाने का प्रावधान है। इसमे प्रमोशन और गैरजरूरी कॉल और मैसेज को रेगुलर नंबर सीरीज से नहीं किया जा सकता है।




### मोबाइल कॉल फर्जीवाडे में भारत सबसे आगे

भारत एसएमएस फिशिंग के मामले में एक बड़ा मार्केट हैं। हर माह भारतीयों को 120 से 150 मिलियन फिशिंग मैसेज भेजे जाते हैं। करीब 300,000 लोग स्कैमिंग का शिकार होते है। लेकिन केवल 35,000 से लेकर 45,000 मामले रिपोर्ट किए जाते हैं।

### सरकार की बैठकें जारी

इस मामले को लेकर डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर, डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्यूनिकेसन यानी डॉट और टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी ट्राइ ने भारती एयरटेल, रिलायंस जियो, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल के साथ बैठक की है।

## एक नजर

### गोलीबारी में मारे गए छह लोगों में स्पेन के तीन शामिल

**इस्लामाबाद।** मध्य अफगानिस्तान में बंदूकधारियों की गोलीबारी में मारे गए छह लोगों में स्पेन के तीन नागरिक शामिल हैं। तालिबान और स्पेन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने पहले कहा था कि हमले में चार लोगों की मौत हुई है। शुक्रवार शाम को हुए इस हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। गृह मंत्री के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने शनिवार को कहा कि प्रमुख पर्यटन क्षेत्र बामियान प्रांत में घटनास्थल से सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और जांच जारी है।

### पाकिस्तान में हादसा, एक ही परिवार के 14 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक मिनी ट्रक के सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर जाने से उसमें सवार पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेस्क्यू-1122 के मुताबिक यह मिनी ट्रक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशाब के पेंच पीर इलाके में एक मोड़ पर मिनी ट्रक सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर गया था।

### उत्तर कोरिया ने मिसाइल का किया परीक्षण

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी जल क्षेत्र में एक नई स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली का उपयोग करके सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। केसीएनए रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली की सटीकता और विश्वसनीयता को परीक्षण के माध्यम से सत्यापित किया गया था।

### गाजा में मृतक फिलिस्तीनियों की संख्या 35,386 हुई

**गाजा।** गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 35,386 हो गई है। फिलिस्तीनी एन्क्लेव में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना के हमलों में 83 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी है और अन्य 105 घायल हुए हैं। जिससे पिछले अक्टूबर में फिलिस्तीनी-इजरायल बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित अभी भी मलबे में दबे हुए हैं।

# ताइवान की संसद में चले लात-घूंसे

## संसद में सुधारों के प्रस्ताव को लेकर चल रही बहस के दौरान माहौल गरमाया

ताइपे, एजेंसी

ताइवान की संसद में शुक्रवार को बहस के दौरान सांसदों में जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान वहां बड़े पैमाने पर अराजकता देखी गई। यह वाकया नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते की शपथ से दो दिन पहले घटा। संसद के भीतर कुछ सांसद स्पीकर की सीट पर भी चढ़ गए। वे एक-दूसरे को खींचकर मारपीट करते नजर आए। इस बीच एक सांसद सदन से एक बिल से जुड़े दस्तावेज लेकर भाग गया।

दरअसल, ताइवान की संसद में एक प्रस्ताव लाया गया है। इसके तहत सरकार के कामकाज पर नजर रखने के लिए विपक्षी सांसदों को ज्यादा पावर देने की बात कही गई है। इसके अलावा संसद में झूठा बयान देने पर सरकारी अधिकारियों पर क्रिमिनल केस दर्ज किया जाएगा।

अलजजीरा के मुताबिक, इसी बिल पर वोटिंग से ठीक पहले नए राष्ट्रपति चिंग ते की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) और चीन समर्थक विपक्ष की कुमेन्तांग पार्टी (केएमटी) के लोगों के बीच झड़प हो गई। जब सांसद सदन में पहुंचे तो वे एक-दूसरे पर लड़ाई करने का आरोप लगाने लगे।

**20 मई को राष्ट्रपति लाई चिंग ते लेंगे शपथ, उनकी पार्टी के पास बहुमत नहीं :** दरअसल, 20 मई को ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। हालांकि, उनकी पार्टी डीपीपी के पास संसद में बहुमत नहीं है। ताइवान की मुख्य विपक्षी पार्टी केएमटी के पास डीपीपी से ज्यादा सीटें हैं।

फिर भी बहुमत में आने के लिए उसे ताइवान पीपुल्स पार्टी (टीपीपी) के साथ गठबंधन करना पड़ेगा। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बहुमत में होने की वजह से विपक्षी पार्टी संसद में अपने सदस्यों को सरकार के ऊपर नजर बनाए रखने के लिए और ज्यादा पावर दिलवाना चाहती है। वहीं चिंग ते की पार्टी डीपीपी का आरोप है कि विपक्ष संसद में जबरदस्ती बिल पास करवाने की कोशिश कर रहा है, जो संविधान का उल्लंघन है।



संसद के भीतर स्पीकर की टेबल पर चढ़ता एक सांसद।



संसद में आपस में खींचतान करतीं महिलाएं।

- सरकार के कामकाज पर नजर रखने के लिए विपक्षी सांसदों को ज्यादा पावर देने की बात पर हंगामा

### चीन विरोधी नेता लाई चिंग ते ने जीता था चुनाव

ताइवान में इसी साल जनवरी में राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए थे। इसमें रूलिंग पार्टी के नेता विलियम लाई चिंग-ते ने जीत दर्ज की थी। यह वही नेता हैं, जिन्हें मतदान से पहले चीन ने खतरनाक अलगाववादी कहा था। चुनाव से पहले चीन ने मतदाताओं को चेतावनी दी थी कि यदि वे सैन्य संघर्ष से बचना चाहते हैं, तो सही विकल्प चुनें। चिंग ते के खिलाफ ताइवान की कुमेन्तांग पार्टी (केएमटी) ने होउ यू इह पर अपना दाव खेला था। केएमटी वही पार्टी है जिसकी सरकार चीन के कम्युनिस्टों से गृह युद्ध में हारकर ताइवान द्वीप पर आ बसी थी। पार्टी ने कहा था कि अगर वह चुनाव जीती तो चीन से दोबारा बातचीत शुरू करेगी।

### सत्ताधारी पार्टी की मांग- पहले बिल पर चर्चा हो

डीपीपी के सांसदों की मांग है कि पहले बिल पर प्रक्रिया के तहत चर्चा करवाई जानी चाहिए। वहीं विपक्ष का आरोप है कि डीपीपी इस बिल को पास नहीं होने देना चाहती, जिससे वह अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर सके। ताइवान की संसद में पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। साल 2020 में भी केएमटी के सांसदों ने अमेरिका से पोर्क (सुअर का मांस) इम्पोर्ट करने का विरोध करते हुए संसद में पिग गट्स (सुअर की आंत) फेंकी थी।

## अमेरिका में 4 भारतीयों समेत छह ने रची डकैती की साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी इमीग्रेशन वीजा पाने के लिए चार भारतीयों सहित 6 लोगों ने मिलकर नकली डकैती की साजिश रची। दरअसल, अपराध पीड़ितों के लिए अमेरिका में एक रिजर्व इमीग्रेशन वीजा का ऑप्शन शामिल है, जिसका फायदा लेने के लिए चार भारतीयों ने 2 विदेशी नागरिकों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची।

इस मामले में शिकागो की सेंट्रल अदालत ने भीखाभाई पटेल, नीलेश पटेल, रवीनाबेन पटेल और रजनी कुमार पटेल और दो अन्य पार्थ नायी और केवोंग यंग के साथ मिलकर नकली डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों पर खुद को पीड़ित बताकर यू-वीजा के लिए आवेदन करने का दोषी पाया गया है। यू-वीजा उन विशेष अपराधों के पीड़ितों के लिए निर्धारित किया गया है, जिन्होंने मानसिक या शारीरिक अपराध झेला है और जो जांच या अभियोजन में कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों के लिए सहायक होते हैं।

चारों व्यक्तियों ने घोटाले में भाग लेने के लिए नायी को हजारों डॉलर का भुगतान किया। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि नकली डकैती के दौरान कुछ लोग हथियार लेकर पीड़ितों के पास गए और उनसे लूटपाट की और पैसे और संपत्ति की मांग की।

# भारतीय लोकतंत्र का मुरीद हुआ अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- व्हाइट हाउस ने कहा- दुनिया में इंडिया जैसी डेमोक्रेसी बहुत कम

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा कि विश्व में ऐसे देश अधिक नहीं हैं जहां भारत जैसा जीवंत लोकतंत्र हो। हम मताधिकार का इस्तेमाल करने और सरकार चुनने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं।

किर्बी से भारत में जारी आम चुनावों को लेकर सवाल किया गया था जिनके तहत 96 करोड़ 90 लाख से अधिक लोग 2,660 पंजीकृत राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों उम्मीदवारों में से 545 सांसदों का चुनाव करने के लिए 10 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के विशेष रूप से पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा भारत के साथ हमारे संबंध बेहद करीबी हैं जो लगातार और घनिष्ठ हो रहे हैं। यह बहुत जीवंत, बहुत सक्रिय भागीदारी है और हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के बहुत आभारी हैं।



अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी जानकारी देते हुए।

### बाइडन के बयान पर भी किर्बी ने दिया जवाब

किर्बी से पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत और जापान विदेशी नागरिकों से द्वेष करने वाले देश हैं, तो उन्होंने न में जवाब दिया और कहा कि राष्ट्रपति ने जब इस संबंध में बयान दिया था तब वह एक व्यापक बिंदु पर बात रहे थे। उन्होंने कहा मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति यहां अमेरिका में हमारे अपने लोकतंत्र की जीवंतता इसकी समावेशिता और भागीदारी को लेकर एक व्यापक बात रख रहे थे। बाइडन ने हाल में एक कार्यक्रम में कहा था आप जानते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं।

## स्लोवाकिया के पीएम की हालत स्थिर हिरासत में आरोपी

**पेजिनोक।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या के प्रयास के आरोपी को शनिवार को हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कई गोलियां लगने के बाद फिको की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है।

अदालत के एक प्रवक्ता ने बताया कि अभियोजकों ने अगर रिहा किया गया तो वह फरार हो सकता है या फिर अपराधों को अंजाम दे सकता है। आदेश के खिलाफ संदिग्ध उच्चतम न्यायालय में अपील कर सकता है। बुधवार को हैंडलोवा शहर में एक सरकारी कार्यक्रम के बाद समर्थकों का अभिवादन करते समय फिको (59) पर हमला हुआ था और उनके पेट में गोली लगी थी।

# बिश्केक में भारतीय छात्रों पर नजर बनाए हुए हैं : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

- छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुआ था प्रदर्शन

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि सरकार किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के परिप्रेक्ष्य में वहां भारतीय छात्रों पर नजर रखे हुए है।

डॉ. जयशंकर ने कहा कि फिलहाल वहां स्थिति शांत है और उन्होंने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने को कहा है। किर्गिज गणराज्य में भारतीय दूतावास ने पोस्ट किया हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति फिलहाल शांत है लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे फिलहाल घर के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें। हमारा 24×7 संपर्क नंबर 0555710041 है। रिपोर्टों के अनुसार स्थानीय और विदेशी लोगों के बीच कथित झड़प के बाद बिश्केक के कुछ हिस्सों में रात भर हुये प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस तैनात की गई है। उल्लेखनीय है कि 13 मई को राजधानी के एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प हुई थी।



## अफगानिस्तान में भारी बारिश से आई बाढ़, 68 की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में पिछले महीने से हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है। पश्चिमी अफगानिस्तान के गोर प्रांत में पिछले 24 घंटे के दौरान हुई बारिश के कारण कई जगह पर बाढ़ आ गई, जिससे कम से कम 68 लोगों की मौत हुई है।

तालिबान के अधिकारी ने कहा कि मृतकों की संख्या प्रारंभिक सूचनाओं पर आधारित है और यह बढ़ सकती है। गोर प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास ने कहा कि दर्जनों लोग लापता हैं। बाढ़ के बाद राजधानी फिरोज कोह समेत विभिन्न क्षेत्रों में हजारों मकानों व संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने और सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि के नष्ट होने से प्रांत को काफी वित्तीय नुकसान हुआ है।

# अमेरिका की वजह से छिड़ सकता तीसरा विश्व युद्ध

वाशिंगटन, एजेंसी

- पूर्व राष्ट्रपति ने कहा- मूर्ख लोग चला रहे देश की सरकार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जताई है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में शुक्रवार को कहा जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है।

हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और न ही महंगाई बढ़ती।

वर्ष 2024 का अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 60वां चुनाव होगा। यह चुनाव 5 नवंबर को होगा। मतदाता चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य, मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लडेंगे।



### बहस करने से पहले बाइडेन से ड्रग टेस्ट की करेंगे मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ बहस करने से पहले ड्रग परीक्षण की मांग करेंगे। दोनों प्रतिद्वंद्वी जून और सितंबर में टेलीविजन पर दो दौर के बहस के लिए सहमत हुए हैं। ट्रंप ने कहा मैं ड्रग टेस्ट की मांग करुंगा क्योंकि मैं नहीं चाहता कि बाइडेन स्टेट ऑफ द यूनियन की तरह आएं। बिडेन ने शुक्रवार को कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति के साथ आम चुनाव की बहस में भाग लेंगे और ऐसा करने पर उन्हें खुशी होगी। राष्ट्रपति की यह सहमति महत्वपूर्ण बदलाव है। इसके पहले उन्होंने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के साथ मंच पर उपस्थित होने के लिए प्रतिबद्ध होने से इनकार कर दिया था।

## आनंद के पल



तमिलनाडू के नागापट्टिनम जिले के वेलानकन्नी में बंगाल की खाड़ी के किनारे इन दिनों पर्यटक लगातार पहुंच रहे हैं। एक परिवार शनिवार को समुद्र तट पर ऊंट की सवारी करता हुआ। • एजेंसी

## रूस ने चीन को सौंपा विध्वंसक गतिविधियां चलाने वालों का ब्यौरा

**मास्को।** रूस की संसद के निचले सदन ड्यूमा के विदेशी दखलंदाज़ी की जांच के लिए गठित आयोग ने कुछ विदेशी संगठनों द्वारा रूस एवं चीन के खिलाफ विध्वंसक गतिविधियां चलाये जाने को लेकर हाल ही में एक डॉज़ियर चीन की सरकार को सौंपा है। आयोग के वासिली पिस्कारेव ने शनिवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा हमने हाल ही में रूस और चीन से संबंधित विदेशी संगठनों की विध्वंसक गतिविधियों पर सामग्री चीनी पक्ष को हस्तांतरित की है। यह खबर ऐसे समय आयी है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन चीन की यात्रा से लौटे हैं और वहां उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ असाधारण, गहन एवं सार्थक बातचीत हुई है।

महोत्सव | नये भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुर्खियों में

# कॉन्स फिल्म महोत्सव में फिल्म मंथन ने सुर्खियां बटोरी

कान, एजेंसी

फ्रांस में चल रहे 77वें कॉन्स फिल्म महोत्सव में नये भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुर्खियों में रहा। गुजरात के एक गांव में भारत की पहली डेरी सहकारी संस्था के निर्माण से जुड़ी श्याम बेनेगल की 1976 की फिल्म मंथन का 4के वीडियो रेज्योलूशन संस्करण सैले बुनुएल में प्रदर्शित किया गया।

फिल्म के कलाकारों में शामिल नसीरुद्दीन शाह ने फिल्म के प्रदर्शन से पहले अपने विचार प्रकट किये। दिग्गज अभिनेता ने कहा सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण मंथन का यह शो डॉ. वर्गीज कुरियन को समर्पित है। उन्होंने कहा यह स्मिता पाटिल, गिरीश कर्नाड, अमरीश पुरी और संगीतकार वनराज भाटिया को याद करने का भी अवसर है। शाह ने कहा, बड़े पर्दे पर बतौर अभिनेता यह मेरी दूसरी फिल्म थी।

मैं इस बात को लेकर घबराया हुआ था कि यह बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करेगी। किसी ने भी इस फिल्म को लेकर कोई उम्मीद नहीं जताई थी, लेकिन यह हिट फिल्म साबित हुई, जिसने हम सभी के लिए काम के और अधिक अवसर पैदा किये।



### ऐश्वर्या राय बच्चन नीले सिल्वर गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आयीं

**कान।** कॉन्स फिल्म महोत्सव 2024 में दूसरी बार अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए ऐश्वर्या राय ने एक बार फिर फाल्गुनी शेन पीकॉक द्वारा तैयार गाउन का चुनाव किया। जब वह फिल्मकार योरगोस लैंथिमोस की नवीनतम फीचर फिल्म काइंड्स ऑफ काइंडनेस की स्क्रीनिंग के लिए शुक्रवार को लाल कालीन पर चलीं तो उन्होंने नीले और सुनहरे रंग की चमकीले गाउन पहन रखी थीं। इस फिल्म में दो बार की ऑस्कर विजेता एम्मा स्टोर अहम किरदार में हैं। इस परिधान में विशेष धात्विक आकृति बनी थी। हाथ में चोट होने के कारण उन्होंने विशिष्ट कपड़े पहने थे। पिछले दो दशक से नियमित रूप से कॉन्स फिल्म महोत्सव में आ रहीं ऐश्वर्या बृहस्पतिवार को 2024 के इस कार्यक्रम में फाल्गुनी शेन पीकॉक द्वारा द्वारा गाउन में पहुंची।